# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, गुरुवार 4 जून 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 18 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




झारखंड मंत्रालय में खान एवं भूतत्व विभाग की समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

## संक्षिप्त समाचार

### बाइक की टक्कर से किसान की मौत

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हीरोडीह थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में किसान की मौत हो गई। खेत से घर लौटते समय एक बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतक की पहचान शिबूडीह गांव निवासी कारू यादव के रूप में हुई है। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर गिरिडीह-कोडरमा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया जिससे करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा।

### बंद खदान के गड्ढे में युवक डूबा

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना अंतर्गत सोहया पहाड़ स्थित दमदमी गांव के पास एक बंद खदान के गहरे जलभराव वाले गड्ढे में बुधवार को एक युवक डूब गया। युवक की पहचान पतरा खुर्द गांव निवासी लवकुश कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घंटों तक युवक की तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। पुलिस ने बताया कि युवक की खोज के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### हेमंत सोरेन की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई 8 को

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ 8.86 एकड़ जमीन घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए की विशेष अदालत में सुनवाई पूरी हो गई है। कोर्ट ने फैसला सुनाने के लिए 8 जून की तारीख निर्धारित की है। इस मामले में पूर्व में मुख्यमंत्री की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि उनके विरुद्ध लगाए गए आरोप निराधार है। प्रवर्तन निदेशालय के पास उनके विरुद्ध मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं है।

### युवक पर फायरिंग

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र स्थित बरियारबांधी इलाके में बुधवार दोपहर एक युवक को गोली मार दी गई। अज्ञात हमलावरों ने 23 वर्षीय अभिषेक यादव को निशाना बनाया और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घायल युवक को तत्काल देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। अभिषेक यादव बमपास टाउन स्थित एसकेपी स्कूल के पास का निवासी है।

### डिलीवरी बॉय ने किया प्रदर्शन

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बढ़ती पेट्रोल और ईंधन कीमतों के बीच इंसेंटिव में बढ़ोतरी नहीं होने से नाराज ब्लिंकिट के डिलीवरी बॉय ने बुधवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में डिलीवरी कर्मियों ने कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी विभिन्न मांगों को उठाया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि लगातार बढ़ रही पेट्रोल और ईंधन की कीमतों के बावजूद कंपनी की ओर से मिलने वाले इंसेंटिव और प्रति ऑर्डर भुगतान में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

मुख्यमंत्री ने की झारखंड मंत्रालय में खान एवं भू-तत्व तथा भवन निर्माण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा

# गोल्ड माइंस के संचालन में आ रही समस्याओं का करें त्वरित समाधान : हेमंत सोरेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में खान एवं भू-तत्व तथा भवन निर्माण विभाग की अद्यतन कार्य प्रगति की उच्च स्तरीय समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं तथा लंबित कार्यों की प्रगति का विस्तृत आकलन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राज्य में अवैध खनन पर कड़ी सख्ती बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि इसे हर हाल में रोकना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन से राज्य को राजस्व की हानि होती है। साथ ही यह पर्यावरणीय संतुलन और कानून-व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती उत्पन्न करता है। इसलिए इस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभागीय समन्वय, नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने भवन निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि राज्य में संचालित सभी सरकारी भवनों एवं अवसंरचना से जुड़ी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि



निर्माण कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में संचालित बीसीसीएल, सीसीएल एवं ईसीएल की बंद पड़ी खदानों को निरस्त करने हेतु प्रक्रिया/उपाय तलाशने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन खदानों में उत्पादन बंद है, वहां उत्पादन पुनः प्रारंभ कराया जाए अथवा लीज निरस्त करने की प्रक्रिया अपनाई जाए। जिन खनिज ब्लॉकों का ऑक्शन हो चुका है, लेकिन वे लंबे समय से क्रियाशील नहीं हैं, उन्हें निरस्त कर पुनः राजस्व का आकलन करते हुए दोबारा ऑक्शन किया जाए।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में संचालित कुल 7 गोल्ड माइंस की समीक्षा करते हुए इनके उत्पादन को बढ़ाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उन्होंने वर्तमान उत्पादन क्षमता, संचालन की स्थिति तथा भविष्य की संभावनाओं का विस्तृत आकलन किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोल्ड माइंस के संचालन में आ रही बाधाओं की पहचान कर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो सके। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के अन्य संभावित गोल्ड खदानों के शीघ्र ऑक्शन की प्रक्रिया को गति देने का निर्देश दिया, जिससे खनन गतिविधियों का विस्तार हो और राज्य को अधिक राजस्व प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वर्ण भंडार की संभावनाएं महत्वपूर्ण हैं और इस क्षेत्र में योजनाबद्ध एवं वैज्ञानिक तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है।

# जन्मदिन मनाकर लौट रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**रामगढ़।** जिले के बासल थाना क्षेत्र के सियारी टोला में मंगलवार देर रात सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। मरने वाले सौंदा डी इलाके के रहने वाले हैं। मृतकों में अभिषेक कुमार शर्मा (28) और राहुल कुमार (30) शामिल है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक इनकी बाइक तेज रफ्तार में थी। घटनास्थल पर तेज रफ्तार होने की वजह से बाइक बेकाबू हो गई। तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे बने बाउंड्री को धंसाते हुए तकरीबन 100 फीट अंदर चली गई। समय पर मदद नहीं मिल पाने की वजह से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों और स्थानीय लोगों को सुबह हादसे की जानकारी मिली। जानकारी के अनुसार अभिषेक का जन्मदिन था। वह अपने दोस्त राहुल के साथ बाइक से पतरातु डैम घूमने गए थे। वहीं किसी रेस्टूरेंट में जन्मदिन सेलिब्रेट करने के बाद वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान हादसे के शिकार हो गए। अंधेरा और सुनसान सड़क होने के कारण हादसे की भनक किसी को नहीं लगी। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों युवक घंटों तक गंभीर हालत में वहीं पड़े रहे लेकिन समय पर मदद नहीं मिलने के कारण उनकी जान नहीं बच सकी। जब देर रात तक युवक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद सुबह घटनास्थल से शव बरामद किए गए। घटना की सूचना मिलते ही बासल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। बासल थाना प्रभारी कैलाश ने बताया कि शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। कहा कि तेज रफ्तार की वजह से ही ये हादसा हुआ है। इधर, दोनों ही युवकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## पूर्व भाजपा विधायक बेनी प्रसाद गुप्ता का निधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पाकुड़।** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व विधायक बेनी प्रसाद गुप्ता का बुधवार को हृदयाघात (हार्ट अटैक) से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई। भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और क्षेत्र के लोगों ने उनके निधन को सार्वजनिक जीवन के लिए बड़ी क्षति बताया है। जानकारी के अनुसार बेनी प्रसाद गुप्ता पिछले तीन दिनों से रांची में थे। बुधवार सुबह वह रांची-भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस ट्रेन से पाकुड़ रेलवे स्टेशन पहुंचे। भाजपा नेता एवं बरहरवा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष श्यामल दास ने बताया कि घर पहुंचने के कुछ ही समय बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। स्थिति गंभीर होने पर उनके निजी सहायक उन्हें तत्काल पाकुड़ सदर अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बेनी प्रसाद गुप्ता भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते थे। उन्होंने वर्ष 1990 और 1995 में भाजपा के टिकट पर पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। उस समय झारखंड राज्य का गठन नहीं हुआ था और पाकुड़ अविभाजित बिहार का हिस्सा था। विधायक के रूप में उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाई थी। परिजनों और समर्थकों के अनुसार गुरुवार को धुलियान गंगा घाट पर पूरे विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों के शामिल होने की संभावना है।

# घर में घुसकर दंपति की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** मधुबन थाना क्षेत्र के दलान चलकरी गांव में मंगलवार की रात अपराधियों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से वार कर एक दंपति की हत्या कर दी। इस हमले में पति की घटनास्थल पर ही जबकि पत्नी की अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गई। घटना के वक्त दंपति के चार बच्चों में से तीन छत पर सो रहे थे जबकि एक बच्चा अपने माता-पिता के साथ नीचे सोया था। मृतकों की पहचान पतिया हांसदा (45) और उनकी पत्नी परनी मरांडी (35) के रूप में हुई है। मृतक के रिश्तेदार अनिल हेमराम ने बताया कि गांव तक सड़क नहीं होने के कारण एंबुलेंस घर तक नहीं पहुंच पाई। ग्रामीणों ने घायल परनी मरांडी को करीब 700 मीटर तक खाट पर उठाकर मुख्य सड़क तक पहुंचाया। वहां से एंबुलेंस द्वारा उसे अस्पताल ले



जाया गया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने पतिया हांसदा को मृत घोषित कर दिया। परनी मरांडी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डुमरी एसडीपीओ आबिद खान, मधुबन थाना प्रभारी दीपेश कुमार और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पतिया हांसदा और परनी मरांडी के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

### गैंगस्टर सुजीत सिन्हा की पत्नी चाईबासा जेल में होगी शिफ्ट

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** गैंगस्टर सुजीत सिन्हा के जेल जाने के बाद गैंग की कमान संभालने वाली रिया सिन्हा का नया ठिकाना अब झारखंड का चाईबासा जेल होगा। रिया सिन्हा को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से चाईबासा जेल शिफ्ट करने का निर्देश जेल आईजी कार्यालय से जारी कर दिया गया है। कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के गिरोह के साथ सांठ-गांठ कर आपराधिक वारदात को अंजाम देने और हथियार तस्करी के आरोप में गिरफ्तार रिया सिन्हा को रांची जेल से चाईबासा जेल में शिफ्ट किया जा रहा है। कुछ महीने पहले ही रिया सिन्हा को रांची पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था। उसको चाईबासा जेल में शिफ्ट करने के मामले की जेल आईजी सुदर्शन मंडल ने पुष्टि की है। जेल आईजी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक शीघ्र ही रिया सिन्हा को चाईबासा जेल शिफ्ट कर दिया जाएगा।

# जेवर उड़ाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** सफाई के नाम पर जेवरात गायब करने वाले इंटर स्टेट गिरोह के छह सदस्यों को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सभी आरोपी बिहार के सुपौल जिला के रहने वाले हैं। यह गिरोह चांदी की सफाई के नाम पर जेवरात को गायब कर देते थे। दरअसल पलामू के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के हुल्सी गांव में एक महिला बिहार के सुपौल के रहने वाले दो युवकों से चांदी के जेवरात को साफ करवा रही थी। चांदी के जेवर को साफ करवाने के बाद महिला ने सोने का मंगलसूत्र साफ करवाया था। इसी क्रम में दोनों युवकों ने मंगलसूत्र की जगह कागज में पाउडर लपेट कर दे दिया था। महिला जागरूक थी उसने कागज खोलकर देखा और



दोनों युवकों को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दे दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद नौडीहा बाजार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में लिया। दोनों युवकों की निशानदेही पर चार अन्य आरोपियों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में प्रिंस कुमार और राहुल कुमार बिहार के सुपौल के जदिया बाजार के रहने वाले हैं। वहीं प्रभु कुमार शाह, रोहन कुमार, अक्षय कुमार सुपौल के रानीगंज थाना क्षेत्र के मटियारी निवासी हैं जबकि रोहित कुमार सुपौल के जदिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है। इस संबंध में छतरपुर एसडीपीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि छह आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है। गिरोह के सदस्य जेवर की सफाई के नाम पर उसे गायब कर देते थे। यह गिरोह पलामू, चतरा और हजारीबाग समेत कई इलाकों में इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुका है। गिरोह के सदस्य जिस इलाके में घटना को अंजाम देते थे उससे करीब 100 किलोमीटर दूर किराए के मकान में रहते थे। छापेमारी में नौडीहा बाजार के थाना प्रभारी नीरज कुमार, सब इंस्पेक्टर रोहित चौहान, एएसआई दीपक कुमार राजेश बैठा समेत कई पुलिस अधिकारी शामिल थे।

## सवारियों से भरी गाड़ी पलटी, 20 घायल, छह गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के जापुट गांव के पास सड़क हादसे में 20 लोग घायल हो गए जिसमें 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। ये सभी एक छठियारी कार्यक्रम से लौट रहे थे तभी उनकी सवारी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। जानकारी के अनुसार बच्चों और महिलाओं सहित करीब 30 लोग एक गाड़ी में सवार थे। गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक गहरे गड्ढे में जा गिरी। हादसे में कुल 20 लोग चोटिल हुए हैं। इनमें से आधा दर्जन लोगों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया है। पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। यह दर्दनाक हादसा उस वक्त हुआ जब वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के जोरी और इटखोरी के रहने वाले ग्रामीण सिमरिया प्रखंड के टूटीलावा गांव गए थे। वहां परिवार की नतिनी के छठियारी (छठी) कार्यक्रम का आयोजन था। रात भर खुशियां मनाने के बाद, सुबह करीब 30 लोग एक सवारी गाड़ी में सवार होकर वापस अपने गांव जोरी लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी और घायल राजेंद्र भारती ने बताया कि जैसे ही उनकी गाड़ी सदर थाना क्षेत्र के जापुट गांव के पास पहुंची तभी अचानक सामने से आ रहे एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ड्राइवर ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया। गाड़ी तेजी से लहराई और सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जाकर पलट गई।


# स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण के लिए साइकिलिंग आवश्यक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर बुधवार की सुबह रांची के लगभग 50 साइकिल चालकों ने 35 किलोमीटर लंबी राइड कर स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण और साइकिल-अनुकूल शहर निर्माण का संदेश दिया। यह राइड साइकिल मेयर ऑफ रांची कनिष्क पोद्दार के नेतृत्व में आयोजित हुई। सुबह 5:45 बजे प्रेमसंस मोटर्स, कांके रोड से शुरू हुई यह राइड पिठोरिया चौक तक गई। वापस उसी मार्ग से रांची लौटी। कुल 35.44 किलोमीटर की इस राइड में विभिन्न आयु वर्ग के साइकिल चालकों ने भाग लिया। राइड के दौरान प्रतिभागियों ने तख्तियों पर आई राइड फॉर हेल्थ, आई राइड फॉर हैप्पीनेस, आई राइड फॉर फ्रीडम, आई राइड फॉर क्लीन एयर, आई राइड फॉर बेटर स्ट्रेस,




आई राइड फॉर रांची लिखते हुए लोगों को संदेश दिया कि साइकिलिंग केवल खेल या शौक नहीं बल्कि बेहतर स्वास्थ्य, स्वच्छ वातावरण और खुशहाल जीवन का प्रभावी माध्यम है। साइकिल मेयर ऑफ रांची कनिष्क पोद्दार ने कहा कि विश्व साइकिल दिवस समाज को सकारात्मक बदलाव की ओर प्रेरित करने का अवसर है। साइकिल हमारे जीवन को बेहतर बनाने का एक सरल और प्रभावी माध्यम है। यदि लोग छोटी दूरी की यात्राओं, दैनिक कार्यों और कार्यालय आने-जाने के लिए सप्ताह में कुछ दिन भी साइकिल का उपयोग करें तो इससे स्वास्थ्य, पर्यावरण और शहर की यातायात व्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि परिवर्तन की शुरुआत घर से होती है। ऐसे में प्रत्येक साइकिल चालक को अपने परिवार, मित्रों और सहकर्मियों को साइकिलिंग के लिए प्रेरित करना चाहिए। राइड में शामिल रोटरी इमेज चेयरमैन प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि साइकिलिंग केवल फिटनेस का माध्यम नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि यदि लोग छोटी दूरी की यात्राओं के लिए नियमित रूप से साइकिल का उपयोग करें तो इससे प्रदूषण और ट्रैफिक दोनों में कमी आएगी। आने वाली पीढ़ियों को बेहतर और स्वस्थ शहर मिल सकेंगे। इस राइड में डॉ दानिश हलीम, प्रवीण राजगढ़िया, गौतम कुमार, सैकत चौधरी, चंद्रशेखर किंगर, अंकुर चौधरी सहित शहर के अनेक प्रमुख साइकिल चालक और फिटनेस प्रेमी शामिल थे। राइड में शामिल प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि अगले छह महीनों में प्रत्येक व्यक्ति कम से कम तीन नए लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करेगा। साथ ही लोगों को सड़क पर साइकिल चालकों का सम्मान करने, सुरक्षित दूरी बनाए रखने और अनावश्यक हॉर्न नहीं बजाने के प्रति भी जागरूक करने लिए अभियान शुरू किया जाएगा। प्रतिभागियों ने कहा कि सड़कें केवल मोटर वाहनों के लिए ही नहीं होती है बल्कि साइकिल चालक भी सड़क के समान उपयोग का अधिकार रखते हैं। साइकिल चालकों ने राज्य सरकार और नगर निगम से रांची में साइकिल-अनुकूल बुनियादी ढांचे के विकास की मांग की। साइकिल चालकों का मानना है कि इससे ट्रैफिक, प्रदूषण और ईंधन की खपत में कमी आएगी। शहर अधिक स्वस्थ और पर्यावरण-अनुकूल बनेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### साइकिल मांगने पड़ोसी के घर गई थी 10 साल की बच्ची, सुबह बोरे में बंद मिली लाश

**समस्तीपुर, एजेंसी।** बिहार के समस्तीपुर के कल्याणपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत एक गांव में मंगलवार की सुबह एक बोरी में दस साल की बच्ची का शव मिलने के बाद से क्षेत्र में तनाव है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की दोपहर मृतक बच्ची अपने पड़ोस में रहने वाले युवक से साइकिल लेने गयी थी।उसके बाद से वह गायब थी।बोरे में बंद मिला बच्ची का शव : वहीं स्थानीय लोग व पीड़ित परिवार की मानें तो, बच्ची को चारों तरफ ढूंढा गया, लेकिन वह कहीं नही मिली। मंगलवार की सुबह उसी आरोपी के घर के पीछे प्लास्टिक के बोरे में बंद बच्ची का शव मिला है। जैसे ही इसकी सूचना ग्रामीणों को मिली वैसे ही भीड़ इकट्ठा हो गई और आरोपी के घर को घेर कर हंगामा करने लगे।दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका : वहीं सूचना है कि आरोपी के घर पर ताला लगा है। उसके घर के बाहर ग्रामीणों के द्वारा तोड़फोड़ भी की गई है। वैसे इस मामले में ग्रामीण व परिजनों ने आशंका जताई है कि बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या हुई है। वहीं इस घटना की सूचना पर पंहुची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस आक्रोशितों को शांत कराने में लगी है।आरोपी का पूरा परिवार फरार : एक तरफ परिजन बच्ची के साथ दुष्कर्म व हत्या का आरोप पड़ोसी पर लगाकर हंगामा कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ आरोपी का पूरा परिवार भी घर से फरार बताया जाता है।

### गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्राया इलाका, युवक के सिर में तीन गोली मारकर हत्या

**रोहतास, एजेंसी।** बिहार का रोहतास एक बार फिर गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। दरअसल जिला मुख्यालय सासाराम के नगर थाना क्षेत्र के नवरत्न बाजार के काजीपुरा मोहल्ले में आधी रात आपसी रंजिश में एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त अभिषेक गोस्वामी उर्फ लल्लू गोस्वामी के रूप में हुई है। वहीं पुलिस ने इस मामले में हत्या के मुख्य आरोपी टिंकू सोनी उर्फ अजय सोनी को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। नवरत्न बाजार में पुलिस बल की तनाती कर दी गई है। आसपास के कई थाने की पुलिस पूरे बाजार और मोहल्ले में फैल गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी बात को लेकर विवाद हुआ और ताबड़तोड़ गोली चलाई गई। 4 से 5 राउंड फायरिंग हुई। इसमें युवक के सिर में तीन गोली मारी गई। गोली लगते ही अभिषेक गोस्वामी लहूलुहान होकर जीमन पर गिर पड़ा और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रोहतास के एसपी रौशन कुमार, सासाराम नगर थाने की पुलिस एवं सदर डीएसपी (1) विप्लव कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि नवरत्न बाजार के ही रहने वाले लल्लू गोस्वामी की हत्या कर दी गई है। यह हत्या आपसी रंजिश में की गई है। इस हत्याकांड में शामिल सभी की पहचान कर ली गई है। जबकि मुख्य हत्यारा टिंकू सोनी उर्फ अजय सोनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। 4 साल पहले भी भुवर नामक एक व्यक्ति की हत्या हुई थी। उसमें मृतक लल्लू गोस्वामी अभियुक्त था और कुछ दिन पहले ही वह जमानत पर छूटकर जेल से बाहर आया था। वारदात के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। साथ ही पैसों का लेनदेन का भी मामला है।'' पुलिस के अनुसार, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घटनास्थल की घेराबंदी कर एफएसएल टीम द्वारा साक्ष्य जुटाया गया है। बताया जाता है कि मृतक लल्लू गोस्वामी केक और किराना दुकान चलाता था। जबकि हत्यारा टिंकू सोनी का आभूषण का दुकान है।

### यूपी के युवक का जमुई के लॉज से शव बरामद, सभी परिजनों के मोबाइल बंद

**जमुई, एजेंसी।** बिहार के जमुई में किराए के मकान में रह रहे एक युवक का शव उसके कमरे से बरामद किया गया है। बताया जाता है कि तीन चार दिनों से कमरा बंद था और दुर्गंध आने पर मकान मालिक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर युवक का शव बाहर निकाला। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। युवक की पहचान सतीश कुमार गुप्ता (26), पिता सुरेंद्र गुप्ता, उत्तरप्रदेश के कुशीनगर जिले के गुरवलिया क्षेत्र अंतर्गत विजयपुर दक्षिणी गांव के रहने वाले के रूप में हुई है। मामला टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरमा बाजार का है, जहां मार्केट में सड़क के ठीक बगल में एक किराये के मकान में युवक रह रहा था। मकान मालिक पूनम देवी ने बताया कि दुर्गंध आने पर उन्होंने सीढ़ी लगाकर कमरे के अंदर झांका तो युवक का शव नजर आया। सतीश लॉज में रेंट पर रह रहा था। 'दो दिन पहले छत पर टहलने आए थे तब मैंने सतीश को देखा था। फेरी का काम कप- प्लेट बेचने का काम करता था। यूपी का रहने वाला था। इससे पहले भी वह कुछ महीने तक उक्त लॉज में रह चुका था, लेकिन बीच में कहीं और चला गया था। 16 मई से फिर से रहने आया था। हमें कभी नहीं लगा था कि वह ऐसा करेगा।' - पूनम देवी, मकान मालिक3-4 दिन पहले मौत की आशंका : घटना की जानकारी देने पर जमुई टाउन थाना की पुलिस अवर निरीक्षक अरविंद राय के नेतृत्व में मौके पर पहुंची थी। स्थानीय लोगों के मदद से कमरे का दरवाजा तुड़वाया गया तो युवक का शव बरामद किया गया।

**खान सर कोचिंग सेंटर के बाहर फायरिंग, खान सर बोले-**

# '2 दिन में कोचिंग उड़ाने की दी धमकी'



**पटना, एजेंसी।** राजधानी पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब चर्चित शिक्षक खान सर की कोचिंग संस्थान में कुछ असामाजिक तत्वों ने घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट की घटना को अंजाम दिया। घटना में कोचिंग परिसर के कई सामान क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि वहां तैनात एक गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। गार्ड के सिर में चोट लगने के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**खान सर के कोचिंग सेंटर के बाहर फायरिंग:** घटना की सूचना मिलते ही पटना पुलिस हरकत में आ गई। मौके पर पटना के एसएसपी के साथ कदमकुआं थाना पुलिस और अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। देर रात तक पुलिस टीम घटनास्थल पर मौजूद रहकर साक्ष्य जुटाने में लगी रही।

**सिक्योरिटी गार्ड घायल:** घटना के बाद मौके पर पहुंचे खान सर ने आरोप लगाया कि हाल ही में बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा में उनके कोचिंग संस्थान के हजारों छात्रों का चयन हुआ है, जिससे कुछ प्रतिस्पर्धी कोचिंग संस्थान परेशान हैं। उन्होंने दावा किया कि उन्हें लगातार धमकियां मिल रही थीं। जिसके बाद मारपीट और तोड़फोड़ की घटना हुई।'हम इतनी कम फीस पर क्यों पढ़ा रहे हैं': शिक्षक खान सर ने कहा, इन लोगों का कहना है कि, हम इतनी कम फीस पर क्यों पढ़ा रहे हैं। हमें इतने शानदार नतीजे क्यों मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि, जब हज़ारों की संख्या में नतीजे आते हैं, तो कुछ असामाजिक तत्वों को खतरा महसूस होने लगता है।खान सर ने प्रशासन से मांगी सुरक्षा: खान सर ने कहा कि ''उन्हें लगता है कि वे हमें दबा सकते हैं हमलावरों ने ऑफिस में पूरी तरह तोड़फोड़ की और गोलियां चलाई। 10 राउंड गोलियां चलते मैंने देखा। सीसीटीवी फुटेज अधिकारियों को सौंप दिया गया है। हमारे सुरक्षा गार्ड ने भी हमलावरों की पहचान लिया है, ये पास के कोचिंग सेंटर के लोग हैं। हमें सुरक्षा चाहिए। '

स्थानीय लोगों ने क्या कहा: स्थानीय लोगों का कहना है कि मुसल्लहपुर स्थित पटना वाले खान सर के कोचिंग के बाहर फायरिंग की घटना हुई, जिससे इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने बताया कि पत्थरबाजी भी घटना भी हुई। इस हमले में एक सिक्योरिटी गार्ड घायल है। उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना के बाद से इलाके में तनाव है। मौके पर भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है।

**क्या बोले पटना एसएसपी:** वहीं, घटना को लेकर पटना के एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कुछ छात्रों द्वारा कोचिंग परिसर में मारपीट और तोड़फोड़ किए जाने की जानकारी सामने आई है। घटना में एक गार्ड घायल हुआ है, जिसका बयान दर्ज किया जाएगा।

## नहीं हैं तो क्या होगा..' हमले के बाद खान सर ने नीतीश कुमार को किया याद

**पटना:** राजधानी पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र स्थित चर्चित शिक्षक खान सर की कोचिंग संस्था पर मंगलवार की देर रात हमला किए जाने के बाद उन्होंने बड़ा बयान दिया है। खान सर ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को याद किया तो वर्तमान सीएम सम्राट चौधरी की पुलिस की तारीफ की।नीतीश कुमार नहीं हैं तो क्या होगा।।- खान सर: पटना वाले खान सर ने कोचिंग सेंटर के बाहर उमड़े छात्रों की भीड़ को हटाने का आग्रह किया और कहा कि आपलोग सड़क खाली कर दीजिए। पुलिस की कार्रवाई से हमलोग संतुष्ट हैं। रात भर से पुलिस के आला अफसर से लेकर सारे लोग तैनात थे। एक वक्त के लिए जब नीतीश कुमार नहीं हैं तो लगा कि क्या होगा नहीं होगा? लेकिन वर्तमान सीएम ने भी सख्त कदम उठाया है। रात भर पुलिस यहां थी।

फायरिंग से पुलिस का इनकार: खान सर के कोचिंग इंस्टीट्यूट में तोड़फोड़ और पत्थरबाजी की खबर के बाद पटना में तनाव बढ़ गया, जहां कोचिंग सेंटर्स ने एक-दूसरे पर फायरिंग का आरोप लगाया है, वहीं पुलिस ने कहा कि छ्ष्टञ्जङ्क फुटेज में गोली चलने का कोई सबूत नहीं मिला है। एक सिक्योरिटी गार्ड घायल हो गया, और घटना की जांच चल रही है।

खान सर ने की सुरक्षा की मांग: खान सर ने कहा, हम माननीय मुख्यमंत्री से अपील करते हैं कि वे दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन की तरफ से अभी सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही खान सर ने धरना दे रहे छात्रों से अपील की, यहां से सभी छात्र वापस लौट जाएं।

शिक्षक खान सर के कोचिंग सेंटर के बाहर पत्थरबाजी की घटना पर जेडीयू नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा, 'कोई फायरिंग नहीं हुई। जैसे ही सूचना मिली, पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। पुलिस जांच कर रही है और जो भी पत्थरबाजी के लिए जिम्मेदार पाया जाएगा उसे गिरफ्तार किया जाएगा। '

छात्र ने बतायी पूरी घटना: वहीं एक छात्र ने कहा कि कल की घटना करीब 10 बजकर 15-20 मिनट के आसपास हुई। क्योंकि हम 10 बजे यहां से निकल चुके थे।

## बिहार में जदयू का एक करोड़ सदस्य कंप्लीट, बीजेपी और आरजेडी के बराबर



**पटना, एजेंसी।** जनता दल यूनाइटेड ने अपने साथ एक करोड़ से अधिक सदस्यों को जोड़ लिया है। इसकी जानकारी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने दी। सोशल मीडिया के माध्यम से संजय झा ने बताया कि '6 दिसंबर 2025 को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने सदस्यता अभियान की शुरुआत की थी। 2 जून 2026 तक पार्टी ने एक करोड़ 1925 सदस्य बना दिए हैं।'

संजय झा ने बूथ स्तर तक चलाए जा रहे जदयू सदस्यता अभियान को सफल बनाने में जुटे कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया है। प्रदेश के लोगों के प्रति भी आभार जताया है। संजय झा ने कहा है कि 'जनप्रिय नेता नीतीश कुमार जी के मार्गदर्शन में पार्टी बिहार परिवार की सेवा करने तथा बिहार वासियों की अपेक्षाओं पर निरंतर खरा उतरने के लिए संकल्पित और प्रतिबद्ध है।'

2028 तक सदस्यता अभियान चलेगा: बता दें कि पार्टी ने साल 2025 से 2028 तक सदस्यता अभियान चलाने का लक्ष्य रखा है। 6 महीने में ही एक करोड़ सदस्य बनाने में सफलता प्राप्त की है। 2028 तक सबसे बड़ी पार्टी बनने का लक्ष्य है।

**2020 के बाद जदयू ने बढ़ाई ताकत:** 2020 विधानसभा चुनाव में जदयू बिहार में 43 सीटें जीतकर तीसरे नंबर की पार्टी बन गई थी, लेकिन उसके बाद जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की कमान संभालने वाले संजय झा ने पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। 2025 विधानसभा चुनाव में जदयू ने 85 सीटें जीतीं। उससे पहले 2024 लोकसभा चुनाव में बीजेपी के बराबर 12 लोकसभा सीटें जीती थीं।

**बीजेपी-राजद को टक्कर:** बिहार में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी है। इसके पास कुल 1।56 करोड़ सदस्य हैं। वहीं राजद भी 1 करोड़ से अधिक सदस्य होने का दावा करता है। अब जदयू 1।19 करोड़ सदस्यों के साथ रेस में शामिल हो गया है। 21 जून को जदयू ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक भी बुलाई है।

**राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को बिहार सरकार गिफ्ट करेगी जर्दालू आम,**

# तैयार हो रही 8 टन की खेप



**पटना, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम में बिहार के प्रसिद्ध जर्दालू आम का उल्लेख किए जाने के बाद राज्य सरकार ने इसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। बिहार सरकार की ओर से लगभग 8 टन जर्दालू आम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार के सभी मंत्रियों को भेंट स्वरूप भेजे जाएंगे।

**राष्ट्रपति और पीएम को भेजे जाएंगे जर्दालू आम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' में बिहार के जर्दालू आम की विशेषताओं का जिक्र किया था। इसके बाद राज्य सरकार ने इस विशिष्ट उत्पाद को देशभर में प्रचारित करने की पहल शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की ओर से दिल्ली में राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय मंत्रियों तक बिहार के जर्दालू आम पहुंचाने की तैयारी की जा रही है।

**बिहटा रेडिएशन सेंटर पहुंचीं उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह :** इस अभियान की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बिहार सरकार की उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह सोमवार को बिहटा के सिकंदरपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित रेडिएशन सेंटर पहुंचीं। यहां उन्होंने आम की पैकेजिंग, गुणवत्ता जांच और निर्यात प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

फलों की गुणवत्ता बनाने वाली तकनीक : मंत्री ने अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों से रेडिएशन तकनीक की जानकारी भी ली, जिसके माध्यम से फलों की गुणवत्ता को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है और निर्यात को आसान बनाया जा सकता है। यह तकनीक फलों और कृषि उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद करती है, जिससे उन्हें देश और विदेश के बाजारों तक बेहतर स्थिति में पहुंचाया जा सकता है।

**बिहार का पहला आधुनिक रेडिएशन सेंटर :** बिहटा के औद्योगिक क्षेत्र में जीटबन सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा करीब पांच एकड़ भूमि में स्थापित यह रेडिएशन सेंटर बिहार का पहला ऐसा केंद्र है, जहां इंपोर्ट-एक्सपोर्ट के लिए आधुनिक रेडिएशन तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।

**राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री और मंत्रियों को भेजे जाएंगे आम :** निरीक्षण के दौरान उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जर्दालू आम की सराहना किए जाने के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसे देश के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाने का निर्णय लिया है।

**मखाना और शाही लीची भी होंगे शामिल :** मंत्री श्रेयसी सिंह ने बताया कि केवल जर्दालू आम ही नहीं, बल्कि बिहार के अन्य प्रसिद्ध कृषि उत्पादों को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित किया जाएगा। इसमें मिथिला का मखाना और मुजफ्फरपुर की प्रसिद्ध शाही लीची भी शामिल हैं।श्रेयसी सिंह ने कहा कि रेडिएशन सेंटर जैसी आधुनिक सुविधाओं के कारण बिहार के किसानों को बड़ा लाभ मिल रहा है।

# तिरुपति बालाजी के दर्शन के लिए टिकट की चिंता छोड़िए, बिहार से रेलवे की नई ट्रेन शुरू



**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार के यात्रियों के लिए खुशखबरी है। पूर्व मध्य रेलवे ने रक्सौल और तिरुपति के बीच नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया है। ट्रेन संख्या 17434/17433 रक्सौल-तिरुपति-रक्सौल एक्सप्रेस 1 जून 2026 से नियमित रूप से चलाई जा रही है। इस नई सेवा से उत्तर बिहार और मिथिलांचल के हजारों यात्रियों को दक्षिण भारत पहुंचने में सुविधा मिलेगी।

**दरभंगा, समस्तीपुर और बरौनी को सीधा लाभ:** इस ट्रेन का परिचालन दरभंगा, समस्तीपुर, बरौनी, झाझा, धनबाद, रांची, राउरकेला, बिलासपुर, रायपुर, गोंदिया और सिकंदराबाद होते हुए किया जाएगा। इससे मिथिलांचल और उत्तर बिहार के यात्रियों को तिरुपति समेत दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों तक सीधी रेल सुविधा उपलब्ध होगी। विशेष रूप से इन क्षेत्रों के लोगों को अब बदल-बदल कर ट्रेन पकड़ने की झंझट से मुक्ति मिलेगी।

**तिरुपति से रक्सौल की समय-सारणी:** गाड़ी संख्या 17433 तिरुपति-रक्सौल एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार को तिरुपति से सुबह 8:15 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन बुधवार को धनबाद 3:45 बजे, झाझा 8:00 बजे, किउल 8:51 बजे, बरौनी 10:40 बजे, समस्तीपुर 12:15 बजे, दरभंगा 1:28 बजे और सीतामढ़ी 2:55 बजे पहुंचते हुए शाम 5:00 बजे रक्सौल पहुंचेगी।

**रक्सौल से तिरुपति की यात्रा:** गाड़ी संख्या 17434 रक्सौल-तिरुपति एक्सप्रेस 4 जून 2026 से प्रत्येक गुरुवार को रक्सौल से सुबह 3:15 बजे चलेगी। यह ट्रेन सीतामढ़ी 4:42 बजे, दरभंगा 7:00 बजे, समस्तीपुर 8:13 बजे, बरौनी 9:20 बजे, किउल 10:38 बजे, झाझा 12:20 बजे और धनबाद 4:15 बजे होते हुए शनिवार को सुबह 9:30 बजे तिरुपति पहुंचेगी।

**24 कोचों वाली लग्जरी ट्रेन:** रेलवे ने इस नई एक्सप्रेस ट्रेन में कुल 24 कोच लगाए हैं। इनमें 2ष्ट के 3 कोच, 3ष्ट के 5 कोच, स्लीपर क्लास के 10 कोच, जनरल क्लास के 4 कोच और 2 स्क्रडी कोच शामिल हैं। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह ट्रेन लंबी दूरी की यात्रा को आरामदायक बनाएगी।

**श्रद्धालुओं, छात्रों और नौकरीपेशा लोगों को फायदा:** रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस ट्रेन के शुरू होने से बिहार और दक्षिण भारत के बीच यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं, छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और व्यवसायियों को विशेष सुविधा मिलेगी। तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने वाले भक्तों को अब सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध हो गई है, जिससे यात्रा का खर्चा और समय दोनों बचेंगे।

## दरभंगा में महिला की संदिग्ध मौत, जलती चिता पर पुलिस ने डाला पानी, अधजला शव कब्जे में लिया

**दरभंगा, एजेंसी।** बिहार के दरभंगा में महिला की मौत के बाद पुलिस की कार्रवाई ने लोगों को हैरान कर दिया। घटना तिलकेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत महिशौत गांव की है। मृतका की पहचान महिशौत गांव निवासी नंदन चौपाल की 30 वर्षीय पत्नी अंजली देवी के रूप में हुई है।

**ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप:** जानकारी के अनुसार अंजली देवी की मौत के बाद ससुराल पक्ष द्वारा बिना मायके वालों को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार किया जा रहा था। इसी दौरान किसी माध्यम से घटना की जानकारी मृतका के परिजनों तक पहुंची। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और हत्या कर साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से चोरी-छिपे दाह संस्कार किए जाने का आरोप लगाया।

**जलती चिता से शव को उठाया:** मामले की गंभीरता को देखते हुए तिलकेश्वर थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। उस समय शव का दाह संस्कार किया जा रहा था। पुलिस ने जल रही चिता को पानी डालकर बुझाया और शव के अवशेषों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर दिया है तथा एफएसएल की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है।

**12 साल पहले हुई थी शादी:** बताया जाता है कि अंजली देवी की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व हुई थी। उनके दो पुत्र और एक पुत्री हैं। घटना के बाद तीनों बच्चों के भविष्य को लेकर भी परिजन चिंतित हैं। मृतका की मां जयमाला देवी ने अपनी बेटी की हत्या किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

**फंदा लगाकर हत्या:** जयमाला देवी ने बताया कि उनकी बेटी पिछले कुछ समय से मायके में रह रही थी। चार दिन पहले उसका देवर उसे वापस ससुराल ले जाने आया था। उन्होंने कहा कि अंजली ससुराल जाने के लिए तैयार नहीं थी, क्योंकि वहां उसके साथ मारपीट और प्रताड़ना होती थी। हालांकि परिवार के समझाने-बुझाने पर वह ससुराल चली गई। मृतका की मां का दावा है कि चार दिन बाद ही उनकी बेटी की संदिग्ध मौत हो गई। उसे फांसी लगाकर मारा गया है।

# एक परिवार की 5 बेटियों को बिहार पुलिस में मिली नौकरी, सरकारी नौकरियों वाला है परिवार!



**गया, एजेंसी।** बिहार के गया में एक परिवार की पांच बेटियां बिहार पुलिस में सफल हुई हैं। इस सफलता से जहां पूरा परिवार खुश है, वहीं इलाके में यह चर्चा का विषय बन गया है। खास बात ये है कि इस फैमिली की पहचान और 'नौकरी वाले परिवार' के रूप में होने लगी है। वजह भी है, क्योंकि 30 सदस्य नौकरी में हैं। इनमें महिलाओं की भी अच्छी खासी संख्या है।

**पांच बेटियां बिहार पुलिस में सफल:** जिस परिवार की पांच बेटियों ने बिहार पुलिस में सफलता पाई है, वह परिवार बंगाल महतो का है। बंगाल महतो इस परिवार के परदादा थे और उन्हीं के नाम पर यह बंगाल बीघा गांव बसा था। तब शिक्षा के नाम पर कुछ नहीं था। अशिक्षा इस परिवार की जड़ में थी। बंगाल महतो का वंश बढ़ा। पुत्र-पोते हुए लेकिन अशिक्षा तब भी कायम रही। इसका सबसे बड़ा कारण था कि उस गांव में या आसपास कोई सरकारी स्कूल तक नहीं था।

**स्कूल नहीं फिर भी कामयाबी:** गांव में स्कूल की कमी के कारण पढ़ाई की कोई सुविधा नहीं थी। जो भी सुविधा थी, वह कई किलोमीटर दूर होती थी। वहां पहुंचना गांव के लोगों के लिए उस समय की सुविधा के अनुसार अत्यंत ही मुश्किल था। इसके कारण बंगाल महतो के की आगे की पीढ़ी के लोग भी अशिक्षित रह गए। हालांकि वक्त बदला और 20-25 साल पहले गांव के ही इसी परिवार के रामबली यादव परिवार को शिक्षित करने के लिए आगे आए।

**1993 में फैमिली में पहली नौकरी:** रामबली यादव ने निजी तौर पर वहां एक स्कूल खोला। इसमें पढ़ने परिवार के लोग आने लगे। 1993 के बाद से इस परिवार में नौकरियां लगने लगी। जैसे-जैसे परिवार में लोग शिक्षित होने लगे, वैसे-वैसे पढ़ाई के लिए दूर-दूर जाने लगे और फिर शुरू हो गया नौकरियों का सिलसिला। इस परिवार से सरकारी नौकरियों में लोग जाने लगे। अब तो जैसे इस परिवार में नौकरियों का तांता लग गया है।

**30 सदस्य नौकरी में:** आज एक-दो नहीं बल्कि इस परिवार से 20 से अधिक लोग सरकारी नौकरियों में है। इसके अलावा प्राइवेट नौकरियों में भी 10 से अधिक लोग हैं। इस परिवार के लोग बताते हैं कि करीब 30 से 35 लोग सरकारी और प्राइवेट जॉब में है। अब इस परिवार की पहचान अशिक्षित परिवार के रूप में नहीं, बल्कि नौकरी वाले खानदान के रूप में की जाती है।

**पांच बेटियों ने हासिल की नौकरी:** अब इस परिवार की पांच बेटियों ने सफलता पाई है। इस परिवार की पांच बेटियों का बिहार पुलिस में चयन हुआ है। इस परिवार की पांच लड़कियों का एक साथ बिहार पुलिस में चयनित होने की खबर के बाद यह गांव चर्चा में आ गया है। बेटियों की सफलता बता रही है कि अब इस परिवार में सिर्फ लड़के ही नौकरी नहीं करते बल्कि लड़कियों को भी मौका दिया जाता है।

**4 बेटियां, एक बहू सफल:** सरकारी नौकरी के लिए सफल होने वालों में बेटियों में चार चचेरी बहनें हैं, जबकि एक परिवार की बहू हैं। प्रीति और रीति सगी बहने हैं, जो रामजी यादव की पुत्री हैं। इसके अलावे विजय यादव की बेटी सोनम कुमारी और लखन यादव की बेटी रुधा कुमारी है। वहीं, सिकंदर यादव की बहू सिंकु कुमारी (पति मनीष कुमार) भी सफल हुई है। रूधा कुमारी के पिता लखन यादव भी झारखंड पुलिस में हैं।

'हर चुनौती को मात देकर इस परीक्षा में सफलता मिली है। बिहार पुलिस में चयन हुआ तो काफी खुशी है। पूरा परिवार खुश है। एक परिवार की पांच बेटियों ने सफलता पाई है तो एक बहुत बड़ी बात है और हम लोगों को भी खुद पर नाज महसूस हो रहा है। '- **सोनम कुमारी,** सफल छात्रा

**ऑनलाइन पढ़ाई कर मिली सफलता:** प्रीति कुमारी बताती हैं कि हमलोग ऑनलाइन पढ़ाई करते थे। वो कहती हैं कि यहां सरकारी स्कूल भी नहीं है। घर का काम भी थोड़ा-बहुत करती थी। पढ़ाई एक संस्थान के स्कूल से किसी तरह शुरू हुई थी। सपना था कि कुछ बनूं। आज सपने पूरे हो रहे हैं अब हमारे परिवार को हम लोगों पर नाज है।

**ससुराल का मिला पूरा समर्थन:** वहीं, सिंकू कुमारी कहती हैं, '2024 से तैयारी कर रही थी। मायके से भी सपोर्ट मिला और ससुराल से भी सपोर्ट मिला।

# दो मासूमों के अपहरण व निर्मम हत्या का खुलासा

**ओला शोरूम कर्मी संजीत पासवान गिरफ्तार**

**एसपी अमन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी**



**नवीन सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** कटकमदाग थाना क्षेत्र से 11 वर्षीय नाबालिग बच्ची और उसके 3 वर्षीय भाई के अपहरण एवं निर्मम हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी संजीत पासवान, पिता रामअवतार पासवान, निवासी सिंदूर, थाना कोर्रा, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओला शोरूम में कार्यरत बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार 30 मई 2026 को बच्चों के पिता मो. आमिर ने दोनों बच्चों के ओला शोरूम के पास से लापता होने की सूचना दी थी। इसके बाद कटकमदाग थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक अभियान अमित कुमार के नेतृत्व में विशेष एसआईटी का गठन किया गया। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पता चला कि आरोपी संजीत पासवान दोनों बच्चों को स्कूटी पर बैठाकर ले गया था। 31 मई को कोर्रा थाना क्षेत्र के सिंदूर स्थित श्मशान घाट से बच्ची का शव बरामद किया गया। बाद में सर्च अभियान के दौरान उसके छोटे भाई का शव श्मशान घाट से करीब 500 मीटर दूर एक कुएं से बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी को 3 जून 2026 को जिला से भागने के क्रम में शहरी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त स्कूटी संख्या JH02BH-8804 और प्लास्टिक का बोरा बरामद किया गया है। इस जघन्य घटना के उद्भेदन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव अमित आनंद, अपर पुलिस अधीक्षक अभियान अमित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ज्ञान रंजन, पेलावल अंचल के पुलिस निरीक्षक सपन महथा, सदर थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार, कटकमदाग थाना प्रभारी सरोज कुमार, कोर्रा थाना प्रभारी नेमधारी रजक, गद्दी थाना प्रभारी इकबाल हुसैन, उरीमारी ओपी प्रभारी रथु उरांव, पुअनि चितरंजन कुमार, पुअनि पुन्नु यादव, पेलावल ओपी प्रभारी बिट्टू रजक, सअनि लक्ष्मण तिवारी, मनोज कुमार, सशस्त्र बल एवं तकनीकी शाखा के पदाधिकारी-कर्मियों की अहम भूमिका रही।

# प्रत्येक बच्चे में होती है विशेष प्रतिभा और अपार संभावनाएं : चंचला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पतरातू।** झारखंड की पहली महिला पहलवान, जिन्होंने वर्ष 2021 में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, चंचला कुमारी ने पीवीयूएनएल, पतरातू के गर्ल्स एम्पावरमेंट मिशन परिसर का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान चंचला कुमारी ने जीईएम प्रतिभागियों के साथ आत्मीय संवाद किया तथा बच्चों द्वारा पूछे गए उत्साहपूर्ण और जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों के उत्तर बड़े धैर्य एवं सहजता से दिए। उन्होंने अपने संघर्ष, परिश्रम और सफलता की प्रेरणादायक यात्रा साझा करते हुए छात्राओं को समर्पण एवं एकाग्रता के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे में विशेष प्रतिभा और अपार संभावनाएं होती है। आवश्यकता केवल अपनी क्षमताओं को पहचानने और सही दिशा में निरंतर प्रयास करने की है। उन्होंने छात्राओं को अपने सपनों के प्रति प्रतिबद्ध रहने तथा दृढ़ निश्चय और मेहनत के बल पर उन्हें साकार करने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष ने चंचला कुमारी का हार्दिक स्वागत किया तथा बच्चों के साथ उनके प्रेरणादायी संवाद के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने भी प्रतिभागियों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ देने तथा अपने सपनों और आकांक्षाओं को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। चंचला कुमारी का यह दौरा जीईएम प्रतिभागियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं यादगार रहा। छात्राओं ने उनके अनुभवों और मार्गदर्शन से प्रेरणा प्राप्त की तथा भविष्य में अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए नई ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

# पौधारोपण कार्यक्रम के साथ साथ जूट व बैग का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चूरचू/ चरही(हजारीबाग)।** विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल), हजारीबाग क्षेत्र के तत्वावधान में संपन्न हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षा प्रीति सिंह ने किया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना, हरित एवं सतत जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा महिलाओं और समुदाय की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण में योगदान देना था। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न संदेशों के माध्यम से उपस्थित लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत समुदाय के सदस्यों के बीच तीस फलदार पौधों का वितरण किया गया। समिति का कहना है कि फलदार पौधे न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होते हैं, बल्कि परिवारों को पोषण और आर्थिक लाभ भी प्रदान करते हैं। इसके साथ ही प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग को कम करने के उद्देश्य से तीस जूट बैग भी वितरित किए गए। समिति ने लोगों से दैनिक जीवन में प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान गेस्ट हाउस परिसर स्थित हनुमान मंदिर के समीप दस पौधों का रोपण भी किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। यह पहल हरित और स्वस्थ भविष्य के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।

कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण, सामुदायिक सहभागिता, महिला सशक्तिकरण और सतत विकास के प्रति समिति की दृढ़ प्रतिबद्धता को एक बार फिर प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के सदस्य अर्चना श्रीवास्तव, संगीता सिंह, वंदना झा, ललिता प्रसाद, पल्लवी सिन्हा ,प्रियंका सिंह, अमिता देवी, बेबी सिंह, नेहा शर्मा, प्रतिभा राम व पूनम नारायण सहित कई लोग शामिल थे।

# उपायुक्त ने की पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यों एवं संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए योजनाओं के बेहतर संचालन एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजनों को सुचारू एवं नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने गोविंदपुर समेत अन्य क्षेत्रों में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ईएसआर-1 एवं ईएसआर-2, इन्टेक वेल, पाइपलाइन विस्तार तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं से संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि संबंधित क्षेत्रों में शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त ने अड़की प्रखंड के उलिहातू क्षेत्र में नियमित एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की तथा कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उपायुक्त ने पेयजल योजनाओं के माध्यम से जिले के शत-प्रतिशत विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संस्थानों में नियमित पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वच्छता से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सेग्रिगेशन शेड एवं ट्राई साइकिल के प्रभावी उपयोग, मेंस्ट्रुअल हाइजीन मैनेजमेंट, गोवर्धन गैस परियोजना तथा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक निर्देश दिया।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में कोई भी पात्र मतदाता न छूटे : सतीश केडिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया ने बुधवार को देवरी प्रखंड के सहायक निर्वाचक निबंधक सह अंचल अधिकारी से मुलाकात कर अभियान की प्रगति और प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि अभियान के दौरान कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रह जाए सतीश केडिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मानना है कि लोकतंत्र की मजबूती प्रत्येक पात्र नागरिक के मतदान अधिकार से जुड़ी हुई है। यदि कोई भी योग्य मतदाता सूची से छूट जाता है, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय होगा। उन्होंने सभी संबंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का अनुरोध करते हुए कहा कि मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को पूरी सावधानी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ संचालित किया जाए।उन्होंने कहा कि घर-घर जाकर सत्यापन कार्य किया जाए तथा नए पात्र मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ने और त्रुटियों को सुधारने पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज राय, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विमल सिंह, महासचिव रघुनंदन सिंह, महासचिव सचिन, कपिल देव राय, किशोर सिंह सहित कांग्रेस पार्टी के कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विष्णुगढ़-चलनियां सड़क बनी मुसीबत, गड्ढों और बदहाली से परेशान हजारों ग्रामीण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़ (हजारीबाग)।** विकास के दावों के बीच विष्णुगढ़ से चलनियां तक नेशनल हाईवे-522 को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रही है। वर्षों से मरम्मत की प्रतीक्षा कर रही यह सड़क अब राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी के साथ-साथ खतरे का कारण बन गई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ी हुई डामर की परत और बाहर निकले पत्थर-बोल्डर आवागमन को बेहद कठिन बना रहे हैं। यह सड़क विष्णुगढ़ प्रखंड की प्रमुख संपर्क सड़कों में शामिल है, जो एक ओर नेशनल हाईवे-522 तथा दूसरी ओर करंज मोड़ के समीप विष्णुगढ़-गोमिया स्टेट हाईवे को जोड़ती है। कसेरा मुहल्ला, बादी खरना, रमुआ, टंडा, बकसपुरा, नवादा सहित कई गांवों के हजारों लोग प्रतिदिन इसी मार्ग से आवागमन करते हैं। लेकिन सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोगों का सफर जोखिमभरा और समय लेने वाला हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क की ऊपरी परत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं और नुकीले पत्थर बाहर निकल आए हैं, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहनों को काफी नुकसान पहुंच रहा है। आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं। पैदल चलने वाले लोग भी असमतल सड़क और गड्ढों के कारण गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बरसात के मौसम में हालात और गंभीर हो जाते हैं। गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिसके कारण वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दिनों में इस सड़क पर सफर करना किसी जोखिम से कम नहीं होता। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि चुनाव के दौरान विकास और बुनियादी सुविधाओं के बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही जनता की समस्याएं भुला दी जाती हैं। कसेरा मुहल्ला, बादी खरना, नावाडीह और आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र के हजारों लोगों की जीवनरेखा है और इसकी उपेक्षा लोगों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क निर्माण या मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने बरसात के मौसम से पहले सड़क की मरम्मत कर आवागमन को सुरक्षित और सुगम बनाने की मांग की है।

# कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा, कार्यों में तेजी लाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।बैठक में प्रि-मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, धुमकुड़िया भवन निर्माण, सरना/जाहेरस्थल घेराबंदी, कब्रिस्तान घेराबंदी, मांझी हाउस निर्माण सहित अन्य योजनाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गयी।बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रि-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की प्रगति की जानकारी दी गयी। बताया गया कि कल्याण विभाग पोर्टल पर कुल 1,76,650 विद्यार्थियों का नामांकन किया गया है, जिनमें से 1,67,460 आवेदन स्वीकृत किये गये हैं। वहीं 1,32,274 विद्यार्थियों का अंतिम रूप से सत्यापन किया जा चुका है। समीक्षा में यह भी बताया गया कि जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण की प्रक्रिया संचालित है। अब तक 31,523 साइकिलों का वितरण किया जा चुका है, जबकि 1,873 साइकिलें आपूर्तिकर्ता द्वारा अप्राप्त रहने के कारण लंबित हैं। धुमकुड़िया भवन निर्माण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत 23 योजनाओं में से 4 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं तथा शेष 19 योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। वहीं सरना/मसना/जाहेर एवं हड़गड़ी स्थल घेराबंदी योजना अंतर्गत विभिन्न वित्तीय वर्षों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रावास मरम्मति, धार्मिक स्थल निर्माण तथा अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गयी।

# ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पदमा ओपी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 2 जून 2026 को एनएच-33 से चमेली झरना जाने वाले मार्ग पर की गई। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त क्षेत्र में कुछ लोग अवैध ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (बरही) राधा प्रेम किशोर के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी के दौरान पुलिस ने मौके से संदीप कुमार पासवान (24 वर्ष), ग्राम जीहू, पदमा तथा सुभाष कुमार राम उर्फ निखिल कुमार (23 वर्ष), ग्राम बरवा, ईचाक को रंगे हाथों पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 15 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। इस संबंध में बरही (पदमा) थाना कांड संख्या 177/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(बी), 22(बी) एवं 29 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। कार्रवाई में पदमा ओपी प्रभारी संचित कुमार, आलोक कुमार सोरेन, राजेश कुमार हाजरा सहित पदमा ओपी के पुलिसकर्मी और रिजर्व गार्ड शामिल थे। हजारीबाग पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पंचायत खूंटी अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में नगर पंचायत खूंटी अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र में कुल हाउस होल्ड की संख्या, पेयजल आपूर्ति कनेक्शन की स्थिति, नियमित सप्लाई आधारित पेयजल वितरण, टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था तथा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने अर्बन वाटर सप्लाई योजना की प्रगति एवं संचालन की जानकारी प्राप्त करते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए नगर क्षेत्र के किसी भी वार्ड में पेयजल संकट उत्पन्न नहीं होना चाहिए। आवश्यकता अनुसार टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत कचरा संग्रहण, परिवहन एवं निस्तारण की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने नगर क्षेत्र में नियमित कचरा उठाव सुनिश्चित करने, साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा स्वच्छता संबंधी गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लंबित आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने तथा लाभुकों को समयबद्ध तरीके से योजना का लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया बैठक में नगर क्षेत्र स्थित हेल्थ क्लब की मरम्मती एवं जीर्णोद्धार को लेकर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को हेल्थ क्लब के उन्नयन हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कराने का निर्देश दिया, ताकि नागरिकों को बेहतर खेल एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं सौंदर्यीकरण को लेकर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने आवश्यकता अनुसार एस्ट्रो टर्फ सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों के आसपास पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु लाइट लगाने तथा आवागमन को सुगम बनाने के लिए पेवर्स ब्लॉक निर्माण कार्य कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में नगर पंचायत द्वारा संचालित अन्य विकास योजनाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित अनुश्रवण एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत खूँटी, सिटी मैनेजर, सभी सहायक अभियंता (एई), कनीय अभियंता (जेई) एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध बालू परिवहन के खिलाफ मुखिया का मोर्चा, कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरकट्ठा (हजारीबाग)।** प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ जनप्रतिनिधियों ने अब खुलकर आवाज उठानी शुरू कर दी है। चेचकप्पी पंचायत की मुखिया रीता देवी ने बरकट्ठा अंचल अधिकारी नवीन भूषण कुल्लू को आवेदन सौंपकर पंचायत क्षेत्र से गुजर रहे अवैध बालू लदे वाहनों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। आवेदन की प्रतिलिपि जिला खनन पदाधिकारी और बरकट्ठा थाना प्रभारी को भी भेजी गई है। मुखिया ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अवैध बालू परिवहन पर जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो पंचायत के ग्रामीणों के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। आवेदन में बताया गया है कि बराकर नदी के कटिया और जतघघरा घाट से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रैक्टर और टिपर के माध्यम से अवैध बालू का खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। ये वाहन महावर मोड़ और डाकडीह होते हुए चेचकप्पी पंचायत के विभिन्न गांवों से गुजरते हैं। आरोप है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर अस्थायी डंपिंग कर बालू को अन्य क्षेत्रों में भेजा जा रहा है। मुखिया रीता देवी ने कहा कि पंचरुखी, चौथा और चेचकप्पी जैसे घनी आबादी वाले गांवों से भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण लोगों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। खासकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सड़क दुर्घटनाओं का डर बना रहता है। तेज रफ्तार बालू लदे वाहनों के कारण पूर्व में कई हादसे भी हो चुके हैं। मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने बताया कि कुछ समय पूर्व चेचकप्पी की एक महिला अवैध बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आ गई थी, जिससे उसके दोनों पैर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके अलावा कई पालतू पशुओं की भी ऐसे वाहनों से कुचलकर मौत हो चुकी है। बावजूद इसके अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक नहीं लग सकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब वे अवैध बालू लदे वाहनों का विरोध करते हैं तो कुछ वाहन मालिक प्रशासनिक संरक्षण का दावा करते हुए उन्हें धमकाते हैं। इससे क्षेत्र में लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। मुखिया ने प्रशासन से अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि पंचायतवासियों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्काल कदम उठाना आवश्यक है। अब लोगों की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है कि शिकायत के बाद अवैध कारोबार पर लगाम लगती है या नहीं।

# बियर व शराब के साथ कार जब्त, चार नामजद तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी

**रजौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रजौली थाना क्षेत्र के फुलवरिया डैम मोड़ के समीप स्थित वन विभाग के द्वार के आसपास पड़े एक लग्जरी कार से उत्पाद बलों ने भारी मात्रा में बियर व शराब बरामद किया है। साथ ही चार शराब तस्करों को नामजद करते प्राथमिकी भी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद बलों द्वारा जांच चौकी पर नकेल कसे जाने के बाद तस्कर जंगली रास्तों का उपयोग कर झारखंड से बिहार के रजौली समेत अन्य क्षेत्रों में शराब परिवहन करने लगे हैं। क्षेत्र में पड़ती भीषण गर्मी में शराब तस्कर विदेशी शराब से ज्यादा बियर के परिवहन में जुटे दिखाई दे रहे हैं। वहीं उत्पाद बलों द्वारा लगातार बीते कुछ दिनों से शराब तस्करों के मंसूबों पर पानी फेरा जा रहा है। इससे शराब माफियाओं में खौफ का माहौल व्याप्त है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है। इस जांच अभियान का नेतृत्व अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। बुधवार की अहले सुबह गुप्त सूचना मिली कि शराब की बड़ी खेप जंगली रास्तों से होकर जाने वाली है। सूचना के आलोक में फुलवरिया डैम मोड़ के समीप उत्पाद बलों ने एक कार को संदिग्ध अवस्था में पाया। स्विफ्ट कार संख्या बीआर01बीए1102 की जांच करने पर प्लास्टिक के बोरे एवं कार्टून में बंद बियर के केन और विदेशी शराब मिले।

# आवारा कुत्तों/पशुओं के प्रबंधन एवं आवश्यक अनुपालन को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश एवं विभागीय संकल्प के आलोक में संस्थागत परिसरों में आवारा कुत्तों एवं अन्य पशुओं के प्रबंधन तथा आवश्यक अनुपालन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिले में आवारा कुत्तों के प्रभावी प्रबंधन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कुत्तों के नियमित वैक्सीनेशन अभियान संचालित करने, कुत्तों को सुरक्षित रूप से पकड़ने के लिए विशेष वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा इसके लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने आवारा कुत्तों के संरक्षण एवं रख-रखाव के लिए शेल्टर होम निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि चिन्हित करने तथा विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं के प्रबंधन को लेकर सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि आमजन की सुरक्षा के साथ-साथ पशु कल्याण के मानकों का भी पालन सुनिश्चित किया जा सके। बैठक के दौरान कुत्तों के रख-रखाव, टीकाकरण, शेल्टर होम संचालन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सिविल सर्जन, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, खूंटी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा, पिन-723121, पश्चिम बंगाल निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। निविदा बंद होने की तारीख और समय है **24.06.2026 को सुबह 11:00 बजे**। विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **निविदा सूचना संख्या: एसएनटी_ई_टेंडर_एडीए_26_27_13, दिनांक: 02.06.2026**। **कार्य का नाम:** चौरासी एवं रामकनाली के बीच ब्लॉक वर्किंग सिस्टम द्वारा ब्लॉक स्टेशन के रूप में चौरासी साइडिंग की बदली सहित चौरासी में ईआई वर्किंग सिस्टम के सम्बन्ध में एस एंड टी कार्य। **निविदा मूल्य :** ₹ 5,05,70,822.58। (PR-271)

# एफसीआई के गोदाम पर छापेमारी से हड़कम्प

## ट्रक में धराया 324 क्विंटल अतिरिक्त अनाज ☐ अनाज वितरण व्यवस्था पर उठे कई सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीवान।** जिले में सरकारी अनाज की कथित कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एफसीआई गोदाम पर छापेमारी की है। जांच के दौरान गोदाम से 324 क्विंटल अतिरिक्त अनाज बरामद किया गया। प्रशासन ने अनाज से लदे एक ट्रक को जब्त कर लिया है और पूरे गोदाम को सील कर दिया गया है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है और सरकारी अनाज वितरण व्यवस्था पर कई सवाल खड़े हो गए हैं।

मामला गोरेयाकोठी प्रखंड के बिंदबल स्थित एफसीआई गोदाम का है।

प्रशासन को सरकारी अनाज में गड़बड़ी और कालाबाजारी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर महाराजगंज की एसडीएम अनीता सिन्हा, एमओ और डीएसपी अमन भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीएम और एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने गोदाम परिसर की सघन जांच शुरू की और वहां मौजूद अनाज के स्टॉक तथा दस्तावेजों का मिलान किया।

जांच के दौरान गोदाम परिसर में खड़े एक ट्रक पर अधिकारियों की नजर पड़ी। जब ट्रक की जांच की गई तो उसमें सरकारी आवंटन से कहीं अधिक मात्रा में अनाज लदा हुआ पाया गया। अधिकारियों के अनुसार ट्रक में कुल 324 क्विंटल अतिरिक्त अनाज मिला। प्रारंभिक जांच में अनाज के स्टॉक और आवंटन के बीच भारी गड़बड़ी की आशंका जताई गई है। मामले को गंभीर मानते हुए प्रशासन ने ट्रक समेत पूरे अनाज को तत्काल जब्त कर लिया।

छापेमारी के दौरान एक और चौंकाने वाली बात सामने आई। जांच के समय गोदाम परिसर में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं मिला। प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही माना। एसडीएम अनीता सिन्हा के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से पूरे गोदाम को सील कर दिया गया।

साथ ही जब्त ट्रक और अनाज को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए गोरेयाकोठी थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया।

एसडीएम अनीता सिन्हा ने इस पूरे मामले को बेहद गंभीर बताते हुए संबंधित दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। प्रशासन अब यह पता लगाने में जुटा है कि इतनी बड़ी मात्रा में अतिरिक्त अनाज गोदाम तक कैसे पहुंचा, इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं और सरकारी अनाज के आवंटन में कहां-कहां अनियमितताएं हुई हैं।

### करंट से मासूम की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बाढ़ अनुमंडल के सकसोहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपाईचक गांव से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां करंट की चपेट में आने से एक 7 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान गोपाईचक गांव निवासी सूरज कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब परिवार के सभी सदस्य रोजाना की तरह खेतों में काम करने गए हुए थे और मासूम सूरज घर पर अकेला था। इसी दौरान वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया और दरवाजे के पास ही बेहोश होकर गिर पड़ा। जब परिजन खेत से वापस घर लौटे, तो उन्होंने सूरज को दरवाजे के बाहर बेहोश अवस्था में पड़ा देखा।

आनन-फानन में परिजन बच्चे को इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूरज को घर में कैसे और किस स्थान पर करंट लगा, इसकी जानकारी परिजनों को भी नहीं मिल पाई है। आशंका जताई जा रही है कि घर के दरवाजे के पास से गुजर रहे किसी तार में करंट प्रवाहित हो रहा था, जिसकी चपेट में बच्चा आ गया।

# डीआरएम ने किया कांड्रा जंक्शन का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) तरुण होरिया ने कांड्रा जंक्शन स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर चल रही निमार्णाधीन परियोजनाओं और यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने कांड्रा जंक्शन में चल रहे थर्ड और फोर्थ रेलवे लाइन के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने परियोजना की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

डीआरएम तरुण होरिया ने स्टेशन परिसर की साफ-सफाई, प्लेटफॉर्म की स्थिति, टिकट काउंटर, शौचालय और आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं का आकलन करते हुए व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर जोर दिया।

बढ़ती गर्मी को देखते हुए डीआरएम ने स्टेशन पर उपलब्ध पेयजल व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने यात्रियों को गर्मी के मौसम में किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य यात्री सुविधाओं की भी जानकारी ली और जहां जरूरत महसूस हुई, वहां सुधार के निर्देश जारी किए। निरीक्षण के बाद डीआरएम ने कहा कि कांड्रा जंक्शन के समग्र विकास के लिए एक विशेष योजना तैयार की जा रही है। इस योजना के तहत स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि यात्रियों को बेहतर सेवाएं मिल सकें।

उन्होंने बताया कि विकास योजना के तहत प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने का काम किया जाएगा। इसके अलावा यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर लिफ्ट भी स्थापित की जाएगी। रेलवे की कोशिश है कि स्टेशन को आधुनिक जरूरतों के अनुरूप विकसित किया जाए और यात्रियों को अधिक सुविधाजनक यात्रा अनुभव मिले।

# कलश यात्रा से भक्तिमय हुआ माहौल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत राजा एवं रामभद्रपुर पंचायत के रामोल गांव में धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ नवाह संकीर्तन का भव्य आयोजन शुरू हुआ। आयोजन की शुरूआत कलश पूजा, मूर्ति पूजा एवं यज्ञ में आहुति देने के साथ की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने जय सीताराम, सीताराम जय सीताराम महामंत्र का सामूहिक जाप कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूरे गांव में भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक प्रदीप कुमार सिंह एवं सविता कुमारी रहे। आयोजन में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चों ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की तथा भगवान के भजन-कीर्तन में श्रद्धापूर्वक शामिल हुए। संकीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लगातार रामधुन गाए जाने से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। मौके पर रोहित कुमार मंडल, रामदेव मंडल, विनोद मंडल, अरुण कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, राजकुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह सहित गांव के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने बताया कि नवाह संकीर्तन से गांव में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की जा रही है आयोजन को लेकर पूरे रामोल गांव में उत्साह का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के सहयोग से पूजा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। देर शाम तक भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान का दौर चलता रहा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूबा नजर आया।

# पूर्व के क्षति पूर्ति का बकाया राशि नहीं मिलने तक फीस लेना रहेगा जारी : फैक्टनेव

## प्राचार्यों की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को मगध विश्वविद्यालय अंतर्गत संबद्ध डिग्री कॉलेज के प्राचार्य की बैठक गया कॉलेज के सीबी रमन भवन में संपन्न हुई।

बैठक में उपस्थित सम्बद्ध डिग्री कॉलेज के प्राचार्यों ने एकमत से राज्य सरकार एवं मगध विवि द्वारा पूर्व के बकाया फीस की राशि सम्बध्द डिग्री कॉलेज को दिए वगैर लड़कियों एवं अनुसूचित जाति जनजाति के छात्रों से शिक्षण शुल्क नहीं लेने की तुगलकी फरमान का भारी विरोध करते हुए शिक्षण शुल्क लेने का निर्णय लिया तथा राज्य सरकार या मगध विश्वविद्यालय से उक्त राशि लौटाने पर छात्रों के बैंक खातों में कॉलेज लौटाने का काम करेगी।

बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार सम्बद्ध डिग्री कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के 40 वर्षों से मांगी जा रही वेतनमान एवं पेंशन की मांग पूरी नहीं की गई बल्कि उल्टे जिन छात्रों के शिक्षण शुल्क जिससे वहां कार्यरत कर्मचारियों को कामचलाऊ वेतन मिलता है, उसे भी सरकार बंद करने पर उतारू है। उपस्थित प्राचार्यों ने कहा कि हम संबद्ध डिग्री कॉलेज लड़कियों एवं अनुसूचित जाति जनजाति के छात्रों से शिक्षण शुल्क नहीं लेंगे परंतु हम संबद्ध डिग्री कॉलेज को शिक्षण शुल्क की राशि सरकार दे और सभी सम्बध्द डिग्री कॉलेज के कर्मचारियों को नियमित वेतनमान एवं पेंशन दे।

बैठक के अंत में दो दिनों के अंदर मगध विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, डीन छात्र कल्याण को इस संबंध में स्मार पत्र और एक सप्ताह के अंदर महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का संचालन एएनएस कॉलेज के प्राचार्य ओम प्रकाश सिंह ने किया,।

कार्यक्रम को फैक्टनेब्र के राज्य उपाध्यक्ष प्रो राकेश कुमार कानन, मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रो विजय कुमार मिट्ठू, प्राचार्य अशोक कुमार सिंह, डॉ लालदेव यादव, प्रो अमरेंद्र कुमार सिंह, प्रो संजय कुमार यादव, प्रो सुनील कुमार, प्रो संजय पांडेय, प्रो शशि भूषण कुमार, प्रो डॉ अनिल कुमार सिन्हा, प्रो अखिलेश प्रसाद सिंह सहित दर्जनों प्राचार्य ने अपनी, अपनी बातों को रखा।

# ब्राउन शुगर की बड़ी खेप के साथ दो धराये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**आरा।** राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एवं भोजपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नवादा थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर के समीप से डेढ़ किलो ब्राउन शुगर के साथ अंतरराज्यीय दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके पास से दो मोबाइल भी बरामद किए हैं। इसे लेकर नामजद प्राथमिकी की गई है। गिरफ्तार तस्करों में शाहपुर थाना क्षेत्र के सहजौली गांव निवासी गणेश साह शामिल है, जो वर्तमान में असम के गुवाहाटी में रह रहा था। दूसरा तस्कर बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के जोगिया गांव निवासी राजकुमार गुप्ता है, जो फिलहाल मणिपुर के सेनापति जिला अंतर्गत मैकरेलू बाजार कालोनी में रह रहा था। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, पटना एवं पुलिस पूछताछ कर अंतरराज्यीय नेटवर्क के बारे में पता लगा रही है।

राष्ट्रीय बाजार मूल्य दो करोड़ रुपये से अधिक आंका जा रहा है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एवं भोजपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मणिपुर से ट्रेन के जरिए भारी मात्रा में ब्राउन शुगर की खेप आरा लाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद संयुक्त टीम ने स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर व त्रिभुवानी कोठी मोड़ के समीप घेराबंदी की। जैसे ही दोनों तस्कर ट्रेन से उतरकर पैदल जा रहे थे, पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान पीठु बैग से गणेश साह के पास से 510 ग्राम के दो पैकेट में रखा गया एक किलो 20 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। वहीं राज कुमार गुप्ता उर्फ विनोद गुप्ता के पास से 512 ग्राम ब्राउन शुगर एक पैकेट बरामद हुई। कुल करीब 1.532 किलोग्राम ब्राउन शुगर मिला।

# चार माह बाद ही नवनिर्मित सड़क का हाल बेहाल

## लोगों ने उठायी की जांच की मांग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के अंतर्गत सदर प्रखंड क्षेत्र में हाल ही में निर्मित सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। अमरौर कीरतपुर के अंग्रेजी ढाला से अमरौर गांव तक तथा सुशील नगर चौक से अमरौर रेलवे ढाला तक बनी सड़क निर्माण के महज चार माह बाद ही जगह-जगह दरकने और उखड़ने लगी है। फरवरी 2026 में निर्मित इस सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर कई स्थानों पर अनावश्यक ब्रेकर बनाए गए हैं।

वहीं सड़क के दोनों किनारों पर अब तक मिट्टी भराई एवं ईंट सोलिंग का कार्य पूरा नहीं किया गया है। इसके कारण वाहनों के आवागमन में परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सामने से वाहन आने पर सड़क किनारे पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण लोगों को जोखिम उठाना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीण सौरभ कुमार सिप्पी ने बताया कि इस सड़क से प्रतिदिन लगभग 10 हजार लोग बेगूसराय शहर की ओर आते-जाते हैं। यह सड़क अमरौर कीरतपुर, महारथपुर, रतौली, विनोदपुर, निंगा, मिजार्पुर, सहुरी होते हुए पकठौल तक के लोगों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। ऐसे में सड़क की खराब स्थिति से हजारों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कार्य अभी तक पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है, इसके बावजूद सड़क की परतें उखड़ने लगी है। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए जिला प्रशासन और पथ निर्माण विभाग से जांच कराने की मांग की है।

### कोचिंग संस्थानों के लिए नई गाइडलाइन जारी

**पटना।** अभी सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी चल रही है। स्कूलों में 22 जून से शिक्षण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। गर्मी की छुट्टी के बाद स्कूल खुलने के समय में भी परिवर्तन किया जाएगा। गर्मी की छुट्टी के बाद सभी स्कूल सुबह 9.30 से चार बजे तक संचालित किए जा सकते हैं।

स्कूल खुलने के बाद बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत हो शिक्षा विभाग इस स्तर पर काम शुरू कर दिया है। जिला शिक्षा कार्यालय के अनुसार, स्कूल खुलते ही सबसे पहले कोचिंग संस्थानों पर लगाम लगाई जाएगी। कोई भी कोचिंग संस्थान शाम चार बजे से पहले संचालित नहीं होंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि जिले के माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों का संचालन सुबह 9.30 बजे से चार बजे तक होता है। प्रशासन के संज्ञान में आया है कि इसी स्कूल अवधि के दौरान कई कोचिंग संस्थान कक्षा नौवीं से 12वीं तक के बच्चों के लिए बैच चलाते हैं, जिससे स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित हो सकती है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी साकेत रंजन ने कहा कि कोचिंग संचालक निर्धारित समय का पालन कर रहे हैं या नहीं इसकी जांच की जिम्मेदारी संबंधित प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) की दी जाएगी।

### मरीज की मौत पर परिजनों ने काटा बवाल

**सहरसा।** जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां सदर थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा और तोड़फोड़ की। मृतक की पहचान महिषी थाना क्षेत्र निवासी संतोष झा के 30 वर्षीय पुत्र बालकृष्ण झा उर्फ सोनू कुमार के रूप में हुई है।

परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की घोर लापरवाही और समय पर ऑक्सीजन नहीं मिलने के कारण युवक की जान गई। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने अस्पताल में करीब तीन घंटे तक कामकाज पूरी तरह ठप कर दिया और जमकर हंगामा किया।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मृतक सोनू कुमार तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और फिलहाल बेरोजगार था। बीते 28 मई को वह बनगांव थाना क्षेत्र में बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। आनन-फानन में उसे सहरसा शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसका इलाज चल रहा था।

# पटना के 241 होटलों में मात्र 161 के पास एनओसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शहर में 90 प्रतिशत होटलों का स्ट्रक्चर (ढांचा) फायर ऑडिट में फेल पाया गया है। ये वैसे होटल हैं जो काफी पुराने हैं और इन्हें एमएसएमई द्वारा बहुत पहले ही लाइसेंस दिया गया है। यह जानकारी तब सामने आई जब पाल होटल अग्निकांड के बाद फायर डिपार्टमेंट ने ऑडिट किया। ऑडिट में पाया गया कि जिले के 90 प्रतिशत होटलों का ढांचा ऐसा है, जो अग्निशमन नियमों की कसौटी पर खरा नहीं उतरता।

यदि इन होटलों में आग लगती है, तो न तो सही समय पर लोगों को बाहर निकाला जा सकता है और न ही चारों ओर से आग बुझाने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।

जांच में इमरजेंसी गेट, जरूरत से ज्यादा कमरे, होटल के चारों ओर दमकल की गाड़ियों के आने-जाने की जगह और छोटी-छोटी सीढ़ियों को आधार बनाया गया है।

अब स्थिति यह है कि विभाग इन होटलों के स्ट्रक्चर में बदलाव तो नहीं कर सकता, लिहाजा फायर इक्विपमेंट और मूलभूत सुविधाओं के आधार पर एनओसी देना पड़ रहा है।

## सुरक्षा अनुपालन में भी फिसड्डी

वहीं, एनओसी प्राप्त होटलों की बात करें तो होटलों की अग्नि सुरक्षा को लेकर एक बेहद चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। जिला प्रशासन और अग्निशमन विभाग द्वारा जारी अप्रैल तक के ताजा आंकड़ों के अनुसार, जिले के अंतर्गत आने वाले अधिकांश होटलों में अग्नि सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की जा रही है।

कुल 241 पंजीकृत होटलों में से 161 होटलों (लगभग 67 प्रतिशत) में सुरक्षा मानकों का अनुपालन अधूरा या पूरी तरह लंबित है। इसके विपरीत, केवल 80 होटलों ने ही अग्नि सुरक्षा नियमों का पूरी तरह पालन किया है, जो कुल संख्या का मात्र 33 प्रतिशत है। इन 80 होटलों को ही विभाग की तरफ से एनओसी जारी किया जा सका है।

इस पूरी रिपोर्ट में सबसे डरावनी तस्वीर लोदीपुर अग्निशमन कार्यालय क्षेत्र से सामने आई है। इस पॉश और व्यस्त इलाके में सबसे अधिक 155 होटल संचालित हो रहे हैं।

हैरानी की बात यह है कि इन 155 होटलों में से सिर्फ 27 होटलों (लगभग 17 प्रतिशत) ने ही सुरक्षा नियमों का पूर्ण अनुपालन किया है और एनओसी हासिल की है। दूसरी ओर, इस क्षेत्र के 128 होटलों यानी करीब 82 प्रतिशत में अग्नि सुरक्षा के इंतजाम अधूरे पाए गए हैं।

व्यावसायिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण इस इलाके में सुरक्षा को लेकर इस तरह की लापरवाही किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। मालूम हो कि इसी क्षेत्र में स्टेशन रोड स्थित पाल होटल में 25 अप्रैल 2024 को भीषण अगलगी की घटना हुई थी, जिसमें छह लोगों की जान चली गई थी।

# रिश्वत लेते आवास सहायक चढ़ा निगरानी के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** मेसकौर प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को निगरानी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आवास सहायक को कथित रूप से 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आवास सहायक की पहचान बिरू कुमार चौधरी के रूप में हुई है, वह वर्तमान में मिजार्पुर पंचायत एवं अंकरी पांडे बीघा पंचायत में आवास सहायक के पद पर कार्यरत हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित कार्य के एवज में लाभुक से रिश्वत मांगने की शिकायत निगरानी विभाग को मिली थी। शिकायत के सत्यापन के बाद विभाग ने जाल बिछाकर कार्रवाई की योजना बनाई।



बताया जाता है कि निर्धारित योजना के तहत लाभुक ने आवास सहायक को 10 हजार रुपये दिए। जैसे ही बिरू कुमार चौधरी राशि लेकर प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रवेश किए, पहले से तैनात निगरानी विभाग की टीम ने उन्हें मुख्य द्वार के सामने दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान निगरानी विभाग के अधिकारियों ने रिश्वत की राशि भी बरामद की। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही प्रखंड कार्यालय परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई। पूरे क्षेत्र में घटना चर्चा का विषय बन गई। लोग निगरानी विभाग की इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देख रहे हैं।

निगरानी विभाग की टीम गिरफ्तार आवास सहायक को अपने साथ लेकर आगे की पूछताछ एवं कानूनी प्रक्रिया के लिए रवाना हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस तरह की कार्रवाई आवश्यक है। वहीं, निगरानी विभाग की इस कार्रवाई से सरकारी कर्मियों के बीच भी हड़कंप मच गया है। मामले की जांच जारी है। आगे और भी खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

### विवाहिता की संदिग्ध मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** अररिया आरएस थाना क्षेत्र के प्रेम नगर वार्ड संख्या 16 में एक विवाहिता युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान 18 वर्षीय शाजदा परवीन, पत्नी अबू नसर, के रूप में हुई है। घटना को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवती की हत्या उसकी मां और पति ने मिलकर की है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका की मां शाहिस्ता परवीन और पति अबू नसर को गिरफ्तार कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया गया। घटना के संबंध में स्थानीय निवासी जियाकत हुसैन ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि युवती के साथ अररिया के गोढ़ी चौक के पास मारपीट की गई, जिसके बाद उसकी मां शाहिस्ता परवीन और पति अबू नसर उसे प्रेम नगर स्थित घर में लाकर रख दिया। धीरे-धीरे आसपास के लोगों को घटना की जानकारी मिली। स्थानीय स्तर पर मृतका की मां और दामाद के बीच पहले से कथित अवैध संबंध होने की बात सामने आ रही थी।

# आरक्षी महानिरीक्षक को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** भगवान विष्णु के श्री चरणों की नगरी भगवान बुद्ध की ज्ञान व कर्मभूमि गयाजी में जनता के बीच ईमानदार छवि कर्तव्य निष्ठ न्याय प्रिय सच्चे लोक सेवक भारतीय पुलिस सेवा के पदाधिकारी विकास वैभव को मगध रेंज का आरक्षी महानिरीक्षक बनाए जाने के बाद कल पहली बार उनके कार्यालय में जाकर सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ। साथ में मेरे क्षेत्र के ही सहनवाज आलम पप्पू थे। विकास वैभव को अंग वस्त्र गुलाब का पौधा और विश्व प्रसिद्ध धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल सूर्य मंदिर देव का तैल चित्र प्रदान कर सम्मानित किया

श्री विकास जो की मगध प्रमंडल क्षेत्र के हर जिले से पूर्व से ही वाकिफ हैं औरंगाबाद जिला के विश्व प्रसिद्ध सूर्य मंदिर देव और मदनपुर में स्थित ऊमंगेश्वरी मंदिर पर विस्तृत से चर्चा हुई यहां की भौगोलिक सामाजिक स्थिती पर श्री वैभव ने चर्चा की

उसके उपरांत मैं श्री वैभव को देव और मदनपुर स्थित मंदिर आने का आमंत्रण दिए जिसे श्री विकास ने सहर्ष स्वीकार किया और यहां आने की बात बोले कार्यक्रम बनाऊंगा।

विकास वैभव इस देश की एक मात्र ऐसे पदाधिकारी हैं जिनके आह्वान पर लेट इंस्पायर बिहार से लाखों युवक जुड़े हुए हैं। विकास वैभव



सादा जीवन उच्च विचार के उच्च उदाहरण है। विकास वैभव अच्छे और इंसान लोगों के लिए देवदूत के समान है उनकी हर तकलीफों को आराम से सुनते हैं उसका निराकरण करते हैं और अपराधियों के लिए काल के समान हैं। आरक्षी महा निरीक्षक का एक पक्ष करुणा दया साहित्य सहृदयता मिलन सरिता का अनुपम उदाहरण है तो दूसरा पक्ष गलत लोगों के लिए उतना ही कठोर स्वरूप भी है। विकास वैभव एक अच्छे कवि हृदय भी हैं और खासकर पूरे बिहार के इतिहास का घंटा पूर्वक और सूक्ष्मता से अध्ययन किया उनकी सबसे बड़ी खासियत यह कोई व्यक्ति इन्हें सोचे कि गलत रूप में समझ कर संतुष्ट कर लेंगे तो वह संभव नहीं यह उनकी गोद गिफ्ट है कि सामने वाले की बात करते-करते उसे व्यक्ति का कितना झूठ और कितना सच है उसका तुरंत ही निदान निकल लेते हैं यही कारण है कि विकास वैभव जहां भी रहे वहां आम जनता को शांतिपूर्ण प्रशासन प्राप्त हुआ है।

मैं भगवान भास्कर से प्रार्थना करता हूं की श्री वैभव को भगवान भास्कर शक्ति प्रदान करें कि वह इसी तरह से अनवरत जनता की सेवा करते रहे सत्य न्याय के पथ पर अटल रहकर प्रशासन को निर्विंधन रूप से चलाने की शक्ति भगवान भास्कर इन्हें प्रदान करें।

### उमस से लोग परेशान

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर समेत पूरे उत्तर बिहार में प्रचंड गर्मी का दौर अभी जारी रहने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक क्षेत्र में मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने बेगूसराय, समस्तीपुर, सारण, सिवान, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिलों के लिए विशेष चेतावनी जारी की है। गुरुवार और शुक्रवार को इन क्षेत्रों में हीट वेव की स्थिति बनने की आशंका है। लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है। पूवार्नुमान के अनुसार न्यूनतम तापमान 27 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा। अधिकांश क्षेत्रों में आठ से 12 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से पुरवा हवा चल सकती है।

# खानापूर्ति नहीं, परिणाम चाहिए : कृषि मंत्री

## कीट प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य पर सरकार सख्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कृषि भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पौधा संरक्षण संभाग एवं मिट्टी जांच प्रयोगशाला, पटना की समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पौधा संरक्षण, कीट प्रबंधन, ड्रोन आधारित छिड़काव, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन तथा प्रयोगशालाओं के संचालन एवं सुदृढ़ीकरण से संबंधित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान श्री सिन्हा ने कहा कि फसलों में कीट प्रबंधन के लिए ड्रोन आधारित छिड़काव आधुनिक कृषि की आवश्यकता है, लेकिन इसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभागीय स्तर पर बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि ड्रोन से किए जाने वाले



कीटनाशी एवं तरल उर्वरक छिड़काव की नियमित जांच की जाए तथा इससे कीटों और पौधों पर पड़ने वाले प्रभावों का वैज्ञानिक अध्ययन करने के लिए विशेषज्ञों की टीम गठित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ड्रोन छिड़काव के बाद संबंधित किसानों का वीडियो रिकॉर्ड तैयार किया जाए तथा सत्यापन किया जाए कि निर्धारित क्षेत्र में वास्तव में छिड़काव हुआ है या नहीं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में केवल खानापूर्ति से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी स्तर पर परिणाम दिखाई देने चाहिए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पौधा संरक्षण से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर कुल 1,982.60 लाख रुपये व्यय किए गए हैं। इनमें ड्रोन से फसलों पर कीटनाशी एवं तरल उर्वरक छिड़काव योजना, बगीचों एवं फसलों में कीट प्रबंधन योजना, उपादान वितरण योजना, पौधा संरक्षण परामर्श योजना, पौधा संरक्षण परामर्श एवं उपादान योजना तथा पीपीपी मोड में ड्रोन द्वारा कीटनाशी एवं तरल उर्वरक के एरियल स्प्रे की योजना शामिल हैं। श्री सिन्हा ने कीटनाशक दवा विक्रेताओं की दुकानों की ग्रेडिंग व्यवस्था विकसित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुकानों की गुणवत्ता, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं तथा बिक्री के आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाना चाहिए जिससे किसानों को गुणवत्तापूर्ण कीटनाशी दवाएं उपलब्ध हो सकें। मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं की समीक्षा के दौरान मंत्री ने कहा कि मृदा स्वास्थ्य कृषि उत्पादन की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि राज्य योजना अंतर्गत मिट्टी जांच, बीज विश्लेषण एवं गुण नियंत्रण प्रयोगशालाओं के संचालन एवं सुदृढ़ीकरण की योजना के तहत वर्ष 2025-26 में 774.21 लाख रुपये व्यय किए गए हैं। वहीं, केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना पर 5,062.84 लाख रुपये व्यय किए गए हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि वे स्वयं गांवों का दौरा कर मिट्टी जांच की प्रक्रिया, प्रयोगशालाओं की कार्यप्रणाली तथा किसानों को मिल रहे लाभों का प्रत्यक्ष निरीक्षण करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ अधिकाधिक किसानों तक पहुंचाने तथा कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

# देश की सुरक्षा और लोकतंत्र के प्रहरी थे जॉर्ज फर्नांडिस : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** सूचना एवं जन-सम्पर्क, ग्रामीण विकास मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार बुधवार को स्व. जॉर्ज फर्नांडिस की जयंती समारोह में शामिल हुए। मुजफ्फरपुर स्थित सिटी पार्क में पूर्व केन्द्रीय रक्षामंत्री, प्रखर समाजवादी नेता, सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडिस साहब की जयंती राजकीय समारोह के तौर पर मनाई गई। इस मौके पर मंत्री श्री कुमार ने कहा कि श्रद्धेय जॉर्ज फर्नांडिस साहब मेरे करीबियों में एक थे। राष्ट्र निर्माण, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पित जीवन को याद करते हुए श्री कुमार ने कहा कि जॉर्ज फर्नांडिस साहब एक निर्भीक और जनप्रिय नेता थे। उन्होंने आपातकाल के विरोध से लेकर,



उद्योग, रेल और भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय तक, पोखरण-2 सफल परमाणु परीक्षण, कारगिल युद्ध में विजयी दिलाने जैसे देश की सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने वाले ऐसे अनेक ऐतिहासिक कार्यों में अहम भूमिका अदा की हैं। इनके योगदान को राष्ट्र कभी भूला नहीं सकता। उनका सम्पूर्ण जीवन, लोकतंत्र, सामाजिक समानता और जनसेवा के आदर्शों का प्रतीक रहा है। मंत्री श्रवण कुमार ने जॉर्ज फर्नांडिस की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। मंत्री के साथ मीनापुर के विधायक अजय कुमार, रून्नी सैदपुर के विधायक पंकज मिश्रा ने भी पुष्प माला अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, पुलिस अधीक्षक कंटेश कुमार, उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, नगर आयुक्त ऋतुराज प्रताप सिंह, उप समाहर्ता विधि व्यवस्था सह विशेष कार्य पदाधिकारी सुधीर कुमार सिन्हा, जिला सूचना एवं जन-सम्पर्क पदाधिकारी प्रमोद कुमार सहित जिला के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी पुष्प अर्पित कर स्वर्गीय जॉर्ज फर्नांडिस को श्रद्धांजलि दी।

# लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित कराएं : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में बिहार विधान सभा की समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में लोक लेखा समिति, सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति, प्राक्कलन समिति, शून्यकाल समिति, याचिका समिति, निवेदन समिति, कारा सुधार समिति, गैर सरकारी संकल्प समिति, बिहार विरासत विकास समिति सहित अन्य समितियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि लोक लेखा समिति एवं सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति में कई मामले वर्ष 2008 से ही लंबित हैं। अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे वित्त



विभाग तथा महालेखाकार कार्यालय के बीच समन्वय स्थापित कर लंबित कंडिकाओं को शीघ्र निष्पादित कराएं जहां जरूरत पड़े वहां दोषी पदाधिकारी पर उचित कार्रवाई की जाए ताकि कंडिकाओं को लंबित रखने की प्रवृत्ति न पनपे। उन्होंने बड़ी समितियों की उप समिति बनाकर कार्य को निष्पादित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। अध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही वे सभी समितियों के सभापति के साथ बैठक कर समितियों की कार्य प्रणाली को और सुदृढ़ बनाने हेतु विचार-विमर्श करेंगे। अध्यक्ष ने विभागीय बैठकों में विभाग के प्रधान के स्वयं उपस्थित रहने संबंधित हाल ही में मुख्य सचिव द्वारा निर्गत पत्र का हवाला देते हुए कहा कि इस पत्र का विधिवत अनुपालन सुनिश्चित हो, इसका समिति के पदाधिकारीगण ध्यान रखेंगे। उन्होंने प्रभारी सचिव को निर्देश दिया कि वे सभी समिति के पदाधिकारियों के साथ नियमित रूप से समीक्षा बैठक करें ताकि समितियों की कार्य प्रणाली में अपेक्षित सुधार लाया जा सके।

# श्रावणी मेलों के लिए सवा दो करोड़ रुपये आवंटित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और मेले के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से विभिन्न जिलों में आयोजित होने वाले श्रावणी मेलों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की तरफ से 13 जिलों में आयोजित होने वाले श्रावणी मेलों के लिए कुल 2.25 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। कहा कि यह राशि मेला क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खर्च की जाएगी ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बेगूसराय जिले के बाबा हरिगिरि धाम, गढ़पुरा, सिमरिया घाट, झमटिया घाट (बछवारा) और छर्रा पट्टी घाट (साहेबपुर कमाल) में आयोजित होने वाले श्रावणी मेला के लिए 30 लाख रुपयेख मुजफ्फरपुर स्थित बाबा गरीबनाथ एवं बाबा दूधनाथ मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले मेले के लिए 50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा भागलपुर श्रावणी मेला के लिए एक करोड़ 30 लाख रुपये, बांका एवं मुंगेर जिले के लिए एक-एक करोड़ रुपये, लखीसराय के लिए 75 लाख रुपये, जमुई, पूर्णिया एवं मधुबनी में श्रावणी मेला के लिए 10-10 लाख रुपये, वैशाली एवं सारण में श्रावणी मेला के लिए 2.50-2.50 लाख रुपये, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर के लिए पांच लाख रुपये, जहानाबाद जिले के वानावर श्रावणी मेला के लिए 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। मंत्री ने कहा कि विभाग को प्राप्त निर्देश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिन जिलों के लिए श्रावणी मेला आयोजन हेतु राशि स्वीकृत की गई थी उन्हें स्वीकृत राशि का 50 प्रतिशत प्रथम चरण में उपलब्ध कराया जाएगा। शेष राशि संबंधित जिलों से अधियाचना प्राप्त होने के बाद जारी की जाएगी, ताकि आयोजन कार्यों में किसी प्रकार की वित्तीय बाधा उत्पन्न न हो। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं और श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराया जाए। कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि श्रावणी मेला में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध हों और उनकी धार्मिक यात्रा सुखद एवं सुविधाजनक बने। इसके लिए सभी संबंधित विभागों और जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर व्यापक तैयारी की जा रही है।

# चेन पुलिंग में 1175 तथा महिला डिब्बे में यात्रा करने वाले 3061 पुरुष यात्री लिए गए हिरासत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि ट्रेनें अनावश्यक रूप से विलंब न हो। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत मई माह में 1.05.2026 से 31.05.2026 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 1175 लोगों को हिरासत में लिया गया तथा इनसे जुर्माने के रूप में 05 लाख 02 हजार रुपये वसूल किये गए। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। ऑपरेशन 'समय पालन' के तहत इस दौरान सर्वाधिक 602 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि समस्तीपुर मंडल में 239, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 147, सोनपुर मंडल में 100 तथा धनबाद मंडल में 87 लोगों को हिरासत में लिया गया। इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया। ऑपरेशन 'महिला सुरक्षा' के तहत मई माह में 01.05.2026 से 31.05.2026 तक रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 3061 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया तथा इनसे जुर्माने के रूप में 08 लाख 79 हजार रुपये वसूल किये गए। इनमें सर्वाधिक 1442 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये जबकि पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 865, धनबाद मंडल में 333, समस्तीपुर मंडल में 290 तथा सोनपुर मंडल में 131 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया।

# बिहार भाजपा ओबीसी मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रमोद चंदवंशी ने संभाला पदभार

## भाजपा के संगठनात्मक विस्तार में ओबीसी मोर्चा निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।**प्रदेश कार्यालय में बीजेपी ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में दायित्व ग्रहण के पूर्व कार्यालय में श्रद्धेय दीनदयाल उपाध्याय, कैलाश पति मिश्र, अटल बिहारी बाजपेई की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात अपने चैंबर का उद्घाटन पूजा अर्चना कर विधिवत उद्घाटन कर दायित्व ग्रहण किया। तत्पश्चात गाजे बाजे के साथ पूरे बिहार से आए हजारों कार्यकर्ताओं का भव्य स्वागत किया। इसके बाद अटल सभागार में बीजेपी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की ओर से अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी को ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर अटल सभागार में विशाल केंद्रीय नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष



नितिन नवीन, राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, बिहार के मुख्य मंत्री सम्राट चौधरी, बिहार बीजेपी अध्यक्ष संजय सरावगी प्रदेश संगठन महामंत्री भिखू भाई साहेब समेत केंद्रीय एवं राज्य नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट सम्मान समारोह किया गया जिसकी अध्यक्षता भानु प्रकाश राय एवं संचालन रमन चंद्रवंशी ने किया। समारोह में पूरे बिहार से हजारों लोग शामिल हुए। इस समारोह को सैकड़ों वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रमोद सिंह चंद्रवंशी जैसे अति पिछड़ा के बिहार के मसीहा को बीजेपी ने ओबीसी के अध्यक्ष बनाया गया इसके लिए पूरे बिहार के लोगों में खुशी की लहर व्याप्त है जिसका प्रतिफल है कि आज अपने दायित्व ग्रहण में पूरे बिहार से हजारों लोग शामिल हुए इस समारोह अभी तक बीजेपी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष के अलावा आज तक नहीं हुआ है यह बीजेपी के बिहार के इतिहास में पहली कार्यक्रम है कि मोर्चा के अध्यक्ष के दायित्व मिलने पर इतनी बड़ी समारोह हुआ है यह दर्शाता है कि प्रमोद सिंह चंद्रवंशी पूरे बिहार में कितने लोकप्रिय है इस जीत का जागता प्रमाण आज देखने को मिला। वक्ताओं में प्रमोद सिंह चंद्रवंशी को नेतृत्व में पूरे बिहार में पिछड़ा अति पिछड़ा, पिछड़ा को संगठित करने का संकल्प लिया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व एवं बिहार के नेतृत्व ने जिस उम्मीद विश्वास के साथ मुझे जो दायित्व दिया है उसे ईमानदारी भागीदारी कर्मठता के साथ पूरे शहर में घूमकर बीजेपी में जोड़ने का काम करेंगे। नरेंद्र मोदी नीति एवं कार्यक्रम को हर घर तक पहुंचाएंग

# 'राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' से अन्नदाता बदल रहे बिहार में कृषि की तकदीर: मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य व कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित 'राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' से बिहार के कृषि परिदृश्य और किसानों की आय में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं। इसके तहत दलहन उत्पादन का लक्ष्य 3.93 से बढ़ाकर 11.27 लाख टन किया गया है। इससे किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज, 25 लाख तक की दाल मिल सब्सिडी और सुनिश्चित खरीद का बड़ा लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच से केंद्र सरकार द्वारा धारातल पर फरवरी 2026 में शुरू किए गए 'राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' से बिहार के किसानों के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव आ रहा है। इस मिशन के तहत बिहार को 93.75 करोड़ रुपये की विशेष सहायता राशि दी गई है जिसके लिए मैं पीएम नरेंद्र मोदी का सिवान सदर समेत समस्त बिहार की जनता व विशेषकर अन्नदाता किसान भाईयों की ओर से हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह मिशन पोषण सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन की घोषणा केंद्रीय बजट 2025-26 में की गई थी और इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 1 अक्टूबर 2025 को मंजूरी दी गई थी। श्री पांडेय ने कहा कि मध्य प्रदेश के सीहोर स्थित दलहन अनुसंधान केंद्र में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा फरवरी माह में बिहार के कृषि मंत्री को योजना की राशि का चेक सौंपा गया था। यह केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि बिहार को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प है।

# युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर सृजित होंगे रोजगार व कौशल आधारित अवसर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने बड़े स्तर पर औद्योगिक विकास की योजना तैयार की है। इसी के मद्देनजर बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) की परियोजना समाशोधन समिति (पीसीसी) की बैठक में समिति द्वारा 16 परियोजनाओं एवं 7 होटल प्रस्ताव के लिए 31.78 एकड़ भूमि आवंटित की गई। प्रस्तावित परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में 992.63 करोड़ के निवेश का अनुमान है जिससे लगभग 3,146 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बैठक उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आएडा कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि राज्य में स्वीकृत हो रही नई औद्योगिक परियोजनाएं बिहार के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को नई गति प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं



से स्थानीय युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार एवं कौशल आधारित अवसर सृजित होंगे। बिहार सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण विकसित करते हुए राज्य को आधुनिक औद्योगिक एवं विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उद्योग विभाग के सचिव सह प्रबंध निदेशक, बियाडा एवं आएडा कुंदन कुमार ने कहा कि राज्य सरकार संतुलित एवं समावेशी औद्योगिक विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। बियाडा के माध्यम से पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रक्रिया के तहत निवेशकों को औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही सुदृढ़ अवसंरचना, बेहतर कनेक्टिविटी, सुगम प्रक्रियाएं एवं नीतिगत सहयोग के माध्यम से निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा रहा है। ताकि परियोजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। समिति द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं में खाद्य प्रसंस्करण, राइस मिल, पीईबी स्ट्रक्चर निर्माण, स्टील रूफिंग शीट निर्माण, गारमेंट्स, कॉटन विक एवं अगरबत्ती निर्माण, करुगेटेड पेपर निर्माण तथा जनरल मैन्युफैक्चरिंग जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से राज्य के औद्योगिक आधार को मजबूती मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा। ये इकाइयां राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित की जाएंगी जिनमें प्रमुख हैं एआई फतुहा, एआई बैजनाथपुर, एआई गोरौल, एआई समस्तीपुर, एआई डोनार, विशाल औद्योगिक क्षेत्र, बरारी, औद्योगिक विकास केंद्र मरंगा, एआई मुजफ्फरपुर, एआई पाटलिपुत्र एवं एआई हाजीपुर। प्रमुख स्वीकृत इकाइयों में अमूल डेयरी, शिव दुर्गा एग्रो, मूगी फूड्स प्राइवेट लिमिटेडएमएसक्यू क्लोथिंग एलएलपी, बांका इंडस्ट्रीज, ऑनेस्टी ऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटेड, श्री जी रूफिंग, सिया राम फूड इंडस्ट्रीज, ज्योति प्रिंटिंग वर्क्स, राजरानी टेक्सटाइल, ओम मंगलम और लीफडे बेकर्स प्राइवेट लिमिटेड एवं होटल प्रस्तावों जैसे- मेसर्स सिवमिल इंडस्ट्रीज़ प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स एमसीएस इंडिया लिमिटेड, मेसर्स माँ मुंडेश्वरी एग्रो मिल प्राइवेट लिमिटेड सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं।

# पीएमसीएच में सीरियस एक्सीडेंटल मरीजों के लिए बनेगी खास यूनिट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में से एक पीएमसीएच में अब दुर्घटनाग्रस्त मरीजों का रामबाण इलाज होगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अस्पताल के हड्डी विभाग में खास व्यवस्था लागू करने की योजना बनायी जा रही है। पीएमसीएच में सड़क दुर्घटना, उपकरण से चोटिल, ऊंचाई से गिरने पर गंभीर रूप से घायल मरीजों के लिए स्पेशल स्पाइन सर्जरी की व्यवस्था लागू की जा रही है। इस विषय पर अधिक जानकारी देते हुए पटना मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के अधीक्षक डॉ राजीव सिंह ने कहा कि इस सुविधा के शुरु होने से राज्य के ट्रॉमा मरीजों का इलाज और बेहतर हो सकेगा। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुभवी चिकित्सकों के अलावा अत्याधुनिक मशीनों का प्रबंध भी किया जा रहा है।

# कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में नामांकन प्रारंभ, युवाओं को डिजिटल एवं रोजगारपरक शिक्षा से सशक्त बनाने का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जंदाहा/वैशाली।** क्षेत्र की अग्रणी शैक्षणिक संस्था कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में नए शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन प्रारंभ हो गया है। संस्था पिछले 20 वर्षों से कम्प्यूटर शिक्षा, कौशल विकास एवं डिजिटल साक्षरता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। यह संस्थान आएसओ 9001:2015 प्रमाणित है तथा अब तक हजारों विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर चुका है। संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में कम्प्यूटर शिक्षा प्रत्येक विद्यार्थी एवं युवा के लिए अत्यंत आवश्यक हो गई है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी



द्वारा कई आधुनिक एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (ए.आई), डिजिटल मार्केटिंग, टैली प्राइम विथ जीएसटी, डी. सी.ए (डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन), ए.डी. सी.ए (एडवांस डिप्लोमा इन कम्प्यूटर ए ि प ल क े श ा न ), ए.डी.आई.टी(एडवांस डिप्लोमा इन इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) तथा बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा प्रोग्राम (के.वाई.पी) जैसे पाठ्यक्रमों में नामांकन लिया जा रहा है। डॉ. झा ने कहा कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों को प्रायोगिक ज्ञान, प्रोजेक्ट आधारित प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता ह जिससे वे प्रतिस्पर्धात्मक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सके। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे शीघ्र नामांकन कराकर आधुनिक तकनीकी शिक्षा का लाभ उठाएं तथा अपने उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं।

# बिहार में उद्यान क्रांति की तैयारी, नर्सरी विकास और कृषि उद्यमिता को मिलेगा नया बल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मीठापुर स्थित कृषि भवन में उद्यान निदेशालय, फसल एवं प्रक्षेत्र, उपादान तथा माप-तौल संभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान राज्य में कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि कृषि विभाग की नीतियां किसानों और उद्यमियों के हित में निरंतरता के साथ लागू होती रहनी चाहिए। सरकार कोई भी हो, कृषि विकास से जुड़ी नीतियों



में अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र के बेहतर एवं नवाचारी उद्यमियों को संरक्षण देना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बिहार की उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और उसे सुरक्षित रखने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे तथा विकास में बाधा उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मंत्री श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार, कृषि उत्पादन के क्षेत्र में देश का चौथा सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है जबकि फलों के उत्पादन में राज्य का आठवां स्थान है। उन्होंने इस उपलब्धि को और सुदृढ़ बनाने के लिए नर्सरी विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नर्सरियों के सुचारु संचालन हेतु माली की उपलब्धता, सिंचाई की समुचित व्यवस्था तथा उनकी घेराबंदी सुनिश्चित की जाए।

# बिहार के पॉलिटेक्निक छात्रों का बदलेगा भविष्य, 10 कोर्सों को मिली राष्ट्रीय मान्यता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले राज्य के सात सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों के 10 विभिन्न पाठ्यक्रमों को नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन से मान्यता प्राप्त हुई है। इसे राज्य की तकनीकी शिक्षा व्यवस्था के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। मान्यता प्राप्त संस्थानों में राजकीय पॉलिटेक्निक औरंगाबाद का मैकेनिकल इंजीनियरिग पाठ्यक्रम, राजकीय पॉलिटेक्निक छपरा का इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिग पाठ्यक्रम, राजकीय पॉलिटेक्निक, किशनगंज और सुपौल के मैकेनिकल इंजीनियरिग पाठ्यक्रम शामिल हैं। वहीं राजकीय पॉलिटेक्निक सहरसा के इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियरिग पाठ्यक्रमों को भी एनबीए की मान्यता मिली है। इसके अलावा राजकीय पॉलिटेक्निक, पश्चिम चंपारण के मैकेनिकल इंजीनियरिग और न्यू गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक पटना-13 के इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिग पाठ्यक्रमों को भी मान्यता प्रदान की गई है। इससे पहले वर्ष 2024 में न्यू गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक पटना-13 को सिविल इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल इंजीनियरिग विषयों में एनबीए मान्यता मिल चुकी है। विभाग के अनुसार यह उपलब्धि बिहार में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस उपलब्धि पर विज्ञान एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी ने खुशी जताते हुए कहा कि यह राज्य के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में मान्यता का अभाव एक बड़ी चुनौती रहा है, लेकिन संस्थानों ने कठिन परिश्रम और बेहतर दस्तावेजीकरण के माध्यम से इस चुनौती को पार किया है। कहा कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट और प्लेसमेंट जैसे क्षेत्रों में भी पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है जिसका परिणाम आज सामने आया है। विभाग के सचिव हिमांशु शर्मा ने कहा कि यह केवल शुरुआत है और जल्द ही राज्य के अन्य तकनीकी संस्थान भी इस श्रेणी में शामिल होंगे। कहा कि यह सफलता राज्य में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में हो रहे निरंतर सुधार का प्रमाण है।

CMYK

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, गुरुवार 04 जून 2026

# संपादकीय

## बंगाल में चुनाव बाद फिर सुलगा सियासी संग्राम

पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बावजूद चुनाव बाद हिंसा और राजनीतिक टकराव थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। टीएमसी नेताओं पर हमलों, बढ़ते राजनीतिक तनाव और कानून-व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवालों ने राज्य की शासन व्यवस्था पर नई चिंता खड़ी कर दी है।पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव इस बार ऐतिहासिक बदलाव लेकर आया। हालांकि ऐसा लग रहा है कि यह बदलाव केवल सत्ता के स्तर पर हुआ है, जमीनी हकीकत अब भी वही है। राज्य पहले की तरह ही चुनाव बाद की हिंसा और बदले की कार्रवाइयों में फंसा हुआ है। टीएमसी नेताओं पर हालिया हमलों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पहले पार्टी के महासचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी को दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर में निशाना बनाया गया। पार्टी इस मुद्दे को अदालत ले जाने और लोकसभा स्पीकर के सामने उठाने की तैयारी में है। इसके बाद, टीएमसी के चीफ विप कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि हुगली जिले में उनके निर्वाचन क्षेत्र में उन पर हमला हुआ। तृणमूल कांग्रेस इन हमलों के लिए भाजपा पर आरोप लगा रही है, जबकि यह भी कहा जा रहा है कि ममता शासन के खिलाफ लोगों का दबा गुस्सा अब बाहर निकल रहा है।

हालांकि राजनीतिक हिंसा को किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता। राज्य ने इस बार बदलाव के लिए वोट दिया है और यह बदलाव राजनीतिक परिदृश्य में भी दिखना चाहिए। भाजपा ने लॉ एंड ऑर्डर को चुनावी मुद्दा बनाया था। अब सरकार में होने के नाते सभी की सुरक्षा की जिम्मेदारी उस पर आती है। किसी को भी किसी भी वजह से कानून हाथ में लेने की छूट नहीं मिलनी चाहिए। चुनाव बाद हिंसा बंगाल की बहुत पुरानी बीमारी है। 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद भी हिंसा के सैकड़ों केस दर्ज किए गए थे।

तब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 1900 से ज्यादा मामलों की जांच की थी। इसमें स्थानीय पुलिस-प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए गए थे। हालांकि इससे न तो 2023 के पंचायत चुनाव और न ही 2024 के आम चुनावों में कोई सबक लिया गया। इस बार भी चुनाव परिणाम घोषित होते ही कई जगह से तोड़फोड़, मारपीट की खबरें आईं। सीएम शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या हुई। रिजल्ट आने के तीन दिन बाद ही बंगाल पुलिस ने 200 से ज्यादा केस दर्ज कर 400 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। अपने नेताओं पर हमले के विरोध में ममता बनर्जी के नेतृत्व में टीएमसी ने प्रदर्शन किया। उसके और सत्ताधारी भाजपा के बीच तनाव बना हुआ है। इसका असर शीर्ष नेताओं से लेकर नीचे कार्यकर्ताओं तक दिख रहा है। कानून-व्यवस्था के लिहाज से यह स्थिति चिंताजनक है। सरकार और विपक्ष के बीच अगर ऐसे ही टकराव चलता रहा, तो शासन से जुड़े कामकाज पर असर पड़ेगा।

# 'शिंदे फॉर्मूला' बंगाल तक पहुंचा! दीदी की टीएमसी में बिखराव के मिलने लगे संकेत

**असल में महाराष्ट्र में 2019 के विधानसभा चुनाव हुए थे जिसमें बीजेपी और शिवसेना ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था और उस गठबंधन को बहुमत हासिल हुआ था। लेकिन क्योंकि शिवसेना को मुख्यमंत्री पद नहीं मिला, नाराज होकर उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और एनसीपी के साथ हाथ मिला लिया और महाराष्ट्र की राजनीति में महाविकास अघाड़ी का जन्म हुआ। इस महाविकास अघाड़ी ने सरकार बनाई और बीजेपी को विपक्ष में बैठने पर मजबूर कर दिया। लेकिन उस पूरे सियासी घटनाक्रम में एक और किरदार था। वह था एकनाथ शिंदे। बालासाहेब ठाकरे के सिद्धांतों पर चलने वाले एकनाथ शिंदे कांग्रेस और एनसीपी से हाथ मिलाने को राजी नहीं थे।**

(सुधांशु माहेश्वरी)

टीएमसी में जारी बवाल में इस समय कुछ अहम पहलू दिखाई दे रहे हैं। नाराज विधायक, ओल्ड बनाम यंग गार्ड की लड़ाई और इस्तीफों का सिलसिला।पश्चिम बंगाल चुनाव में बीजेपी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। पहली बार उसने सिर्फ सरकार नहीं बनाई, बल्कि बहुमत हासिल कर ममता बनर्जी की टीएमसी को करारी शिकस्त दी। चुनाव में बीजेपी 208 सीटें जीतने में सफल रही जबकि टीएमसी का आंकड़ा 80 सीटों पर सिमट गया। बाद में दो विधायकों को निष्कासित कर दिया गया। ऐसे में अब उनके पास विधानसभा में मात्र 78 सीटें हैं।

इस करारी शिकस्त के बाद मंथन करने के लिए टीएमसी ने तीन बार बैठक बुलाई। 6 मई को बैठक बुलाई गई तो 10 विधायक पहुंचे ही नहीं। फिर 19 मई को बैठक बुलाई गई तो 35 विधायक नदारद रहे। उसके बाद 31 मई को बुलाई गई बैठक में तो सबसे बड़ा खेल हुआ और 80 में से 60 विधायक मीटिंग में पहुंचे ही नहीं।

इसके ऊपर ममता की टीएमसी में इस्तीफों की झड़ी भी लग चुकी है। टीएमसी प्रवक्ता बिस्वजीत देब ने इस्तीफा दिया है। शांतनु सिंह, अभिजीत मजूमदार, काकोली घोष और अरुप चक्रवर्ती ने भी अपना पद छोड़ दिया है। इसके अलावा डायमंड हार्बर से 8 पार्षदों का इस्तीफा हुआ है। चंदननगर से 30 पार्षद, भाटपाड़ा से 30, गारुलिया से 18, हलिशहर से 16, उत्तर बैरकपुर से 15 और कांचरापाड़ा से 14 पार्षद इस्तीफा दे चुके हैं।

इन इस्तीफों के अलावा ममता बनर्जी ने उलूबेरिया से विधायक ऋतब्रत बनर्जी और एंटाली से विधायक संदीपन साहा को निष्कासित कर दिया। आरोप लगा कि दोनों पार्टी विरोधी गतिविधियों में सक्रिय थे। लेकिन असल विवाद यह था कि इन दोनों ही विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष से जुड़े प्रस्ताव और उस पर लिए गए हस्ताक्षरों की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे। संदीपन साहा तो यहां तक कह चुके थे कि इसमें ऐसे विधायकों के हस्ताक्षर भी शामिल हैं जो असल में बैठक में शामिल तक नहीं हुए थे। इन आरोपों के बाद ही दोनों विधायकों को निष्कासित कर दिया गया।

विधायकों का नदारद होना, कुछ को निष्कासित कर देना और लगातार इस्तीफों का सिलसिला इस बात की ओर जरूर इशारा करता है कि टीएमसी में इस समय सब कुछ 'ऑल इज वेल' नहीं है।

मीडिया की एक रिपोर्ट दावा करती है कि कोलकाता के 'विधायक हॉस्टल' में टीएमसी नेताओं की एक सीक्रेट बैठक हो चुकी है। इस बैठक में निष्कासित विधायक के साथ-साथ कई असंतुष्ट नेता शामिल हुए और टीएमसी के भविष्य, संगठनात्मक बदलाव और नए राजनीतिक विकल्पों को लेकर चर्चा की गई।

बड़ी बात यह है कि ममता बनर्जी ने खुद पार्टी को कमजोर करने जैसी साजिशों के आरोप लगा दिए हैं। उनका कहना है कि पार्टी को कमजोर करने और तोड़ने की एक संगठित साजिश चलाई जा रही है। ममता का यह कहना ही बता रहा है कि जमीन पर असंतोष है और उन्हें भी इस बात की चिंता जरूर सता रही है कि क्या टीएमसी टूट जाएगी।



टीएमसी में जारी बवाल में इस समय कुछ अहम पहलू दिखाई दे रहे हैं। नाराज विधायक, ओल्ड बनाम यंग गार्ड की लड़ाई और इस्तीफों का सिलसिला। जानकार इस पैटर्न की तुलना महाराष्ट्र से करने लगे हैं जहां 2022 में एकनाथ शिंदे ने भी एक बड़ा उलटफेर किया था। उन्होंने शिवसेना में दो फाड़ कर दी थी और कई विधायकों को अपने साथ लेकर पूरी पार्टी पर कब्जा जमा लिया था।

असल में महाराष्ट्र में 2019 के विधानसभा चुनाव हुए थे जिसमें बीजेपी और शिवसेना ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था और उस गठबंधन को बहुमत हासिल हुआ था। लेकिन क्योंकि शिवसेना को मुख्यमंत्री पद नहीं मिला, नाराज होकर उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और एनसीपी के साथ हाथ मिला लिया और महाराष्ट्र की राजनीति में महाविकास अघाड़ी का जन्म हुआ। इस महाविकास अघाड़ी ने सरकार बनाई और बीजेपी को विपक्ष में बैठने पर मजबूर कर दिया।

लेकिन उस पूरे सियासी घटनाक्रम में एक और किरदार था। वह था एकनाथ शिंदे। बालासाहेब ठाकरे के सिद्धांतों पर चलने वाले एकनाथ शिंदे कांग्रेस और एनसीपी से हाथ मिलाने को राजी नहीं थे।

इसके बाद 20 जून 2022 को महाराष्ट्र विधान परिषद के चुनाव हुए और पता चला कि एकनाथ शिंदे और कुछ दूसरे विधायक मुंबई से बाहर जा रहे हैं। फिर खबर आई कि वे गुजरात के सूरत पहुंच चुके हैं। अगले ही दिन कई विधायकों को लापता बताया गया। उद्धव ठाकरे ने खतरा देखते हुए आपात बैठक बुलाई, लेकिन कई विधायक पहुंचे ही नहीं। यहीं से संकेत मिल चुके थे कि शिवसेना में दो फाड़ हो चुकी है।

इसके बाद 22 जून को शिंदे गुट असम के गुवाहाटी पहुंच गया। विधायकों की संख्या वहां बढ़ती गई। दावा किया गया कि 40 शिवसेना विधायक एकनाथ शिंदे के साथ हैं। फिर 22 से 28 जून तक दावों का खेल चलता रहा। शिंदे गुट की तरफ से लगातार कहा गया कि उद्धव ठाकरे के पास बहुमत नहीं है और वह सरकार में नहीं बने रह सकते।

फिर 29 जून को फ्लोर टेस्ट की नौबत आई, लेकिन उसके ठीक पहले उद्धव ठाकरे ने इस्तीफा दे दिया। फिर 30 जून को एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने और उन्होंने बीजेपी से हाथ मिला लिया। तब देवेंद्र फड़नवीस को डिप्टी सीएम बना दिया गया।

सरकार बना ली गई थी, लेकिन असली शिवसेना पर कब्जा करना बाकी था। ऐसे में यह मामला चुनाव आयोग के पास चला गया, जिसने 8 अक्टूबर 2022 को शिवसेना के धनुष-बाण वाले चुनाव चिन्ह को ही फ्रीज कर दिया। तब दो शिवसेना अस्तित्व में आईं। एक का नाम शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) रखा गया और दूसरी का नाम बालासाहेबांची शिवसेना यानी शिंदे गुट।

फिर लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक गई। मई 2023 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने फैसला सुनाया कि उद्धव ठाकरे वापस मुख्यमंत्री नहीं बन सकते क्योंकि उन्होंने फ्लोर टेस्ट से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। वहीं असली शिवसेना को लेकर अदालत ने कोई फैसला नहीं दिया और मामला चुनाव आयोग के पास ही रहा।

फिर 17 फरवरी 2023 को चुनाव आयोग ने सबसे बड़ा फैसला सुनाते हुए एकनाथ शिंदे गुट को ही असली शिवसेना घोषित कर दिया। धनुष-बाण वाला चुनाव चिन्ह भी उनके खाते में गया। इस तरह एकनाथ शिंदे ने पूरी शिवसेना पर अपना कब्जा कर लिया और उद्धव ठाकरे अलग-थलग पड़ गए। जानकार इसी को महाराष्ट्र का 'शिंदे फॉर्मूला' बताते हैं जहां सबसे पहले बागी विधायकों की नाराजगी को हवा दी जाती है, फिर उन्हें पक्ष बदलने के लिए मनाया जाता है और आखिर में सबसे बड़ा खेल होता है-दो फाड़।

अब इस समय पश्चिम बंगाल की राजनीति में टीएमसी के कई विधायक नाराज बताए जा रहे हैं। कुछ मीडिया के सामने आकर अभिषेक बनर्जी की नीतियों की खुले तौर पर आलोचना कर रहे हैं, तो कुछ दबी जुबान ममता बनर्जी की कार्यशैली पर भी सवाल उठा रहे हैं। कई विधायकों का बैठकों से नदारद होना भी एक संकेत दे रहा है। इसी वजह से ऐसी अटकलें चल पड़ी हैं कि क्या 80 में से नदारद रहे 60 विधायक पार्टी को तोड़ भी सकते हैं?अभी इस सवाल का जवाब तो भविष्य की गर्भ में छिपा है, लेकिन ममता बनर्जी ने खतरे को भांपते हुए सड़क पर उतरने का फैसला किया है। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हो रहे हमलों को लेकर उन्होंने आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है। कोलकाता पुलिस ने उन्हें इजाजत नहीं दी है, लेकिन ममता ने भी तेवर दिखाते हुए दिल्ली कूच करने की चेतावनी दे दी है।यहां समझने वाली बात यह है कि सड़क पर उतरी ममता बनर्जी की असल पहचान भी यही है। जानकार मानते हैं कि ममता बनर्जी की एक स्ट्रीट फाइटर की इमेज है। सिंगूर और नंदीग्राम के आंदोलनों ने उनकी छवि को मजबूत भी किया था। उन आंदोलनों के दम पर 34 साल के वामपंथी राज को भी खत्म किया गया था।

लेकिन तब की स्थिति और आज की स्थिति में बड़ा फर्क है। जब लेफ्ट से लड़ाई चल रही थी तब ममता की टीएमसी एकजुट थी। शुभेंदू अधिकारी जैसे बड़े नेता भी ममता के साथ खड़े थे। लेकिन आज की चुनौतियां और आज का परिदृश्य पूरी तरह बदल चुका है। बंगाल में बीजेपी की सरकार है, टीएमसी के कई विधायक ममता और अभिषेक से नाराज बताए जा रहे हैं, पार्टी के अंदर ओल्ड बनाम यंग गार्ड की लड़ाई छिड़ चुकी है और लगातार हो रहे इस्तीफे सियासी तापमान बढ़ा रहे हैं।

ममता की सड़क पॉलिटिक्स क्या एक बार फिर टीएमसी को खड़ा कर पाएगी? इस सवाल का जवाब ही टीएमसी का भविष्य भी तय करेगा और ममता दीदी की आगे की रणनीति भी। (यह

# जहां हम खड़े होते हैं, हमारी रीढ़ भी वहीं खड़ी होती है

(अभिषेक पाण्डेय)

ऐन रैंड का उपन्यास द फाउंटेनहेड मौलिकता और भेड़चाल के संघर्ष को सामने लाता है। हावर्ड रॉर्क आत्मनिर्भर सोच और सिद्धांतों का प्रतीक है, जबकि पीटर कीटिंग सामाजिक स्वीकृति का। जहां हम खड़े होते हैं, लाइन वहीं से शुरू होती है। अमिताभ बच्चन ने सिर्फ भारी-भरकम डायलॉग भर नहीं बोला था बल्कि कॉन्फिडेंस से भरे इंसानी मिज़ाज, आत्मसम्मान और चरम व्यक्तिवाद की एक ऐसी हुंकार भरी, जो सदियों के सामाजिक बंधनों को एक झटके में तोड़ देती है। जब हम इस डायलॉग की गहराई में उतरते हैं, तो हमें एहसास होता है कि यह बात सीधे तौर पर उस वैचारिक धरातल से जुड़ती है, जिसे हमने कभी हावर्ड रॉर्क के मुंह से एकदम अमिताभ बच्चन स्टाइल में बोलते हुए पढ़ा था - मैं किसी और के लिए नहीं जीता और न ही किसी और से ये उम्मीद करता हूं कि वह मेरे लिए जिए। आज से करीब 83 साल पहले ऐन रैंड ने अपने मशहूर उपन्यास 'द फाउंटेनहेड' में यह फिलॉसफी पेश की थी। इस उपन्यास में दो मुख्य किरदार हैं - हावर्ड रॉर्क और पीटर कीटिंग जो आज के समाज का सबसे बड़ा विरोधाभास हैं। दोनों ही आर्किटेक्ट हैं। रॉर्क एक ऐसा नायक है जो अपने सिद्धांतों और मौलिकता के लिए पूरी दुनिया से लड़ जाता है, वहीं दूसरी तरफ पीटर कीटिंग है, जो समाज की नजरों में सफल होने के लिए अपनी मौलिकता को मारकर सिर्फ भेड़चाल का हिस्सा बनता है। रैंड के उपन्यास के हीरो हावर्ड रॉर्क को पसंद जरूर किया गया हो, लेकिन आज की कड़वी सच्चाई यह है कि हम सब धीरे-धीरे हावर्ड रॉर्क बनने का हौसला खो रहे हैं और पीटर कीटिंग की जमात में शामिल होते जा रहे हैं। अगर हम इस वैचारिक कशमकश को भारतीय संदर्भ में देखें, तो हमारी परवरिश की बुनियाद ही एक बिल्कुल अलग विरोधाभास पर टिकी है। बचपन से हमें सिखाया जाता है 'जैसा देश, वैसा भेष'। पहली नज़र में यह बात सामाजिक सामंजस्य के लिए ठीक लगती है कि जहां रहो, वहां के सामाजिक माहौल में ढल जाओ लेकिन धीरे-धीरे यह मुहावरा हमारी मौलिकता यानी ओरिजिनैलिटी को कुचलने का एक औज़ार बन जाता है और हमें पता ही नहीं चलता। सच तो यह है कि हमारी परवरिश कुछ इस तरह होती है कि हमें खुद को तलाशने के बजाय, समाज की कसौटियों पर फिट होने के लिए तैयार किया जाता है। स्कूल जाओ, टीचर सवालों के जवाब लिखवा देती हैं और उम्मीद करती हैं कि सभी बच्चे उसी जवाब को रटा-रटाया, जस का तस लिखें एग्ज़ाम में। थोड़ा सा जवाब इधर-उधर हुआ नहीं, बच्चे ने वही बात अपनी भाषा में लिखी नहीं कि पूरे नंबर कट। स्कूल की कॉपियों से लेकर जीवन के फैसलों तक, हमारी तारीफ इस बात पर नहीं होती कि हमने नया क्या सोचा, बल्कि इस बात पर होती है कि हमने पहले से बनाए गए नियमों का कितनी खामोशी से पालन किया। यही भेड़चाल आगे चलकर हमारे करियर के फैसलों में दिखती है। बिना यह सोचे-समझे कि बच्चे का अपना टैलंट क्या है, उसकी दिलचस्पी क्या है, लाखों बच्चों को कोटा, इंजीनियरिंग या पीएससी की एक ही अंधी भट्टी में झोंक दिया जाता है। किसी एक कोचिंग का रिज़ल्ट आया नहीं कि पूरा समाज अपने बच्चों को उसी रास्ते पर दौड़ा देता है। हम पीटर कीटिंग पैदा करने वाली फैक्ट्रियां चला रहे हैं, जहां युवा अपनी इच्छा से नहीं, बल्कि समाज में रुतबा दिखाने के लिए करियर चुनते हैं। हमें यह सिखाया जाता है कि समाज की नजरों में क्या कमी है, उसे सुधारो न कि इस बात पर जोर दिया जाता है कि हमारे अंदर की ताकत क्या है। यह जो कंडीशनिंग है, वह इंसान को अपनी शर्तों पर जीने के बजाय दूसरों की उम्मीदों का गुलाम बना देती है। इस तरह हम फॉलोअर्स की जमात तो तैयार कर लेंगे लेकिन लीडर कहां से लाएंगे, यह कोई नहीं सोच रहा है। सोशल मीडिया के इस दौर में हर कोई एल्गोरिदम के इशारों पर नाच रहा है और एक जैसी भेड़चाल का हिस्सा बनता जा रहा है। अगर इंस्टाग्राम पर कोई एक रील या ऑडियो क्लिप ट्रेंड कर गई, तो देश के लाखों लोग, चाहे वो स्टूडेंट हों, डॉक्टर हों या कोई और, अपनी गरिमा भूलकर उसी गाने पर एक जैसे स्टेप्स दोहराने लगते हैं। यह क्रिएटिविटी नहीं, बल्कि डिजिटल गुलामी है। यहां तक कि हमारा घूमना-फिरना और सुकून भी अब फेयर आफ मिसिंग आउट और दूसरों को दिखाने की भेड़चाल से तय होता है। लोग किसी जगह को महसूस करने नहीं जाते, बल्कि सोशल मीडिया के बताए इंस्टा वारेथी या एस्थेटिक पॉइंट्स पर रील बनाने और फोटो खिंचाने जाते हैं। पहाड़ों पर लगने वाला मीलों लंबा ट्रैफिक जाम प्रकृति प्रेम का नहीं, बल्कि इसी नकलची संस्कृति का नतीजा है।अगर आप भीड़ से अलग कोई राय रखते हैं या स्थापित मान्यताओं पर सवाल उठाते हैं, तो डिजिटल दुनिया आपको तुरंत अलग-अलग कर देगी, कैंसल या बॉयकॉट कर देने का डर दिखाने लगती है।

# हिन्दी पत्रकारिता की दशा और दिशा

(योगेश कुमार गोयल)

अधिकांश हिन्दी समाचारपत्रों के अब ऑनलाइन संस्करण उपलब्ध हैं। विगत कुछ वर्षों में देश में बड़े-बड़े घोटालों का पर्दाफाश करके अनेक सफेदपोशों के चेहरों पर पड़े नकाब उतार फैंकने का श्रेय भी पत्रकारिता जगत को ही जाता है, जिसमें हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को भी किसी भी लिहाज से कमतर नहीं आंका जा सकता।

भारत में प्रेस ने लगभग प्रत्येक महत्वपूर्ण अवसर पर अपनी महत्ता सिद्ध की है, फिर चाहे भारत-पाक युद्ध हो या भारत-चीन लड़ाई अथवा अन्य कोई चुनौतीपूर्ण अवसर। यह कहना भी असंगत नहीं होगा कि हिन्दी पत्रकारिता का स्थान इसमें सर्वोपरि रहा है। हिन्दी भाषी समाचारपत्र हों अथवा पत्रिकाएं, उनका देश की बहुसंख्यक आबादी के साथ सदैव विशेष जुड़ाव रहा है और इस दृष्टि से राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं विकास की दिशा में हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को कदापि नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्षों के इतिहास में समय के साथ पत्रकारिता के मायने और उद्देश्य बदलते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद सुखद स्थिति यह है कि हिन्दी पत्रकारिता के पाठकों या दर्शकों की रूचि में कोई कमी नहीं आई। यह अलग बात है कि अंग्रेजी मीडिया और उससे जुड़े कुछ पत्रकारों ने भले ही हिन्दी पत्रकारिता की उपेक्षा करते हुए सदैव उसकी प्रामाणिकता एवं विश्वसनीयता पर सवाल उठाने की कोशिशें की हैं किन्तु वास्तविकता यही है कि पिछले कुछ दशकों में हिन्दी पत्रकारिता ने अपनी ताकत का बखूबी अहसास कराया है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उसकी विश्वसनीयता बढ़ी है। यह हिन्दी पत्रकारिता की बढ़ती ताकत का ही नतीजा है कि कुछ हिन्दी अखबारों ने अनेक संस्करणों के साथ प्रसार संख्या के मामले में कुछ अंग्रेजी अखबारों को भी पीछे छोड़ दिया है।

हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत 30 मई 1826 को कानपुर निवासी पं. युगुल किशोर शुक्ल द्वारा प्रथम हिन्दी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन के साथ हुई थी, जिसका अर्थ था 'समाचार सूर्य'। उस समय अंग्रेजी, फारसी और बांग्ला में कई समाचारपत्र निकल रहे थे किन्तु हिन्दी का पहला समाचारपत्र 'उदन्त मार्तण्ड' 30 मई 1826 को कलकत्ता से पहली बार प्रकाशित हुआ था, जो साप्ताहिक के रूप में आरंभ किया गया था। पहली बार उसकी केवल 500 प्रतियां ही छापी गई थी लेकिन चूंकि कलकत्ता में हिन्दी भाषियों की संख्या काफी कम थी और इसके पाठक कलकत्ता से बहुत दूर के भी होते थे, इसीलिए संसाधनों की कमी के कारण यह लंबे समय तक प्रकाशित नहीं हो पाया।

4 दिसम्बर 1826 से 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन बंद कर दिया गया लेकिन इस समाचारपत्र के प्रकाशन के साथ ही हिन्दी पत्रकारिता की ऐसी नींव रखी जा चुकी थी कि उसके बाद से हिन्दी पत्रकारिता ने अनेक आयाम स्थापित किए हैं। 'उदन्त मार्तण्ड' के बाद अंग्रेजी शासनकाल में अनेक हिन्दी समाचारपत्र व पत्रिकाएं एक मिशन के रूप में निकलते गए किन्तु ब्रिटिश शासनकाल की ज्यादतियों के चलते उन्हें लंबे समय तक चलाते रहना बड़ा मुश्किल था, फिर भी कुछ पत्र-पत्रिकाओं ने सराहनीय सफर तय किया। अब परिस्थितियां बिल्कुल बदल चुकी हैं और हिन्दी पत्रकारिता भी मिशन न रहकर एक बड़ा व्यवसाय बन गई है किन्तु अच्छी बात यह है कि आज भी हिन्दी पाठक व दर्शक अपनी-अपनी पसंद के अखबारों व चैनलों के साथ पूरी शिद्दत से जुड़े हैं।

बहरहाल, घर बैठे-बैठे दुनिया की सैर कराने की बात हो या देश-विदेश की हर छोटी-बड़ी हलचल से लेकर तमाम ज्वलंत मुद्दों और हर प्रकार की नवीनतम जानकारियों को जुटाकर अपने पाठकों या दर्शकों के सामने प्रस्तुत करने की, व्यवसायीकरण के आरोपों या तमाम विरोधाभासों के बावजूद हिन्दी पत्रकारिता भी यह काम बखूबी कर रही है और आमजन के भरोसे पर खरा उतरते हुए हिन्दी पत्रकारिता आज आम जनजीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। अधिकांश हिन्दी समाचारपत्रों के अब ऑनलाइन संस्करण उपलब्ध हैं। विगत कुछ वर्षों में देश में बड़े-बड़े घोटालों का पर्दाफाश करके अनेक सफेदपोशों के चेहरों पर पड़े नकाब उतार फैंकने का श्रेय भी पत्रकारिता जगत को ही जाता है, जिसमें हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका को भी किसी भी लिहाज से कमतर नहीं आंका जा सकता।

जहां तक राष्ट्रीय अखंडता में प्रेस की भूमिका और इसके दायित्वों का प्रश्न है तो प्रेस के कई प्रमुख दायित्व माने गए हैं, जिनमें कानून व्यवस्था की खामियों को प्रकाशित-प्रसारित करना, अपने प्रयासों से शासन को सुव्यवस्थित करना व लोक हितकारी बनाना, पथभ्रष्टों को सन्मार्ग पर लाना, भ्रष्ट तंत्र को चौकन्ना बनाना, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखना, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में पर्दे की ओट में होने वाले दुष्कृत्यों, अत्याचारों व अन्याय का जनहित में पर्दाफाश करना, समाज व मानवता के गुनाहगार चेहरों पर पड़े नकाब नोचकर जनता के सामने लाना, निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए धार्मिकता एवं राजनीति की आड़ लेने वालों के राज पर्दाफाश करना, समाज में स्वस्थ मानक स्थापित करना, लोक चेतना जागृत करना इत्यादि शामिल हैं। प्रेस की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए महात्मा गांधी ने कहा था, ''प्रेस का प्रथम उद्देश्य जनता की इच्छाओं व विचारों को समझना और उन्हें सही ढ़ंग से व्यक्त करना है जबकि दूसरा उद्देश्य जनता में वांछनीय भावनाओं को जागृत करना और तीसरा उद्देश्य सार्वजनिक दोषों को निर्भयतापूर्वक प्रकट करना है।''

लोकतंत्र में प्रेस की भूमिका के बारे में पूर्व राष्ट्रपति डा. शंकर दयाल शर्मा ने कहा था कि प्रेस पर लोकतांत्रिक परम्पराओं की रक्षा करने और शांति व भाईचारा बढ़ाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय अखण्डता के संदर्भ में पत्रकारिता की भूमिका की बात करें तो लोकतंत्र के अन्य स्तंभों के मुकाबले प्रेस की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि विश्वभर में भारत की प्रतिष्ठा के जो तीन प्रमुख कारण माने गए हैं, वे हैं जागरूक मतदाता, स्वतंत्र न्यायपालिका व स्वतंत्र प्रेस। भारत में प्रेस को जनता की एक ऐसी 'संसद' की उपाधि दी गई है, जिसका कभी सत्रावसान नहीं होता और जो सदैव जनता के लिए ही कार्य करती है। इसे समाज में परिवर्तन लाने का अथवा उसे जागृत करने के लिए जन संचार का सशक्त माध्यम माना गया है। प्रेस को समाज की चिंतन प्रक्रिया का एक ऐसा अनिवार्य तत्व माना गया है, जो उसे दिशा व गति देने में सक्षम हो। इसे जनता की ऐसी आंख माना गया है, जो सभी पर अपनी पैनी और निष्पक्ष दृष्टि रखे। प्रेस को जनता की उंगली माना गया है, जो गलत कार्यों के विरोध में स्वतः ही उठ जाती है। प्रेस को समाज के प्रति पूर्ण समर्पण के रूप में देखा जाता है। इसे केवल एक पेशा न मानकर जनसेवा का सबसे बड़ा माध्यम माना गया है।

वर्तमान में जहां देशभर में नैतिक मूल्यों में बड़ी गिरावट आई है और राजनीतिज्ञों, विधायिका, कार्यपालिका तथा न्यायिक व्यवस्था पर से लोगों का विश्वास कम हो रहा है, वहीं हिन्दी पत्रकारिता भी इस नैतिक पतन का शिकार होने से नहीं बची है। फिर भी इतना संतोष तो किया ही जा सकता है कि इसने इसके बावजूद अधिकांश अवसरों पर सराहनीय भूमिका निभाई है। हालांकि आज के पूर्ण व्यावसायिकता के दौर में पत्रकारिता को अव्यावसायिक बनाए रखने की बात करना बेमानी होगा क्योंकि इस पेशे से जुड़े लोगों को भी अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए इसे एक व्यवसाय के रूप में अपनाना अनिवार्य होता गया है लेकिन व्यावसायिकता के इस दौर में भी इसे एक उद्योग-धंधे के रूप में स्थापित करने के प्रयासों के चलते पत्रकारिता के मानदंडों को ताक पर रखने की प्रवृति से तो हर हाल में बचना ही चाहिए।(लेखक 36 वर्षों से हिन्दी पत्रकारिता में सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार और 'सागर से अंतरिक्ष तक-भारत की रक्षा क्रांति', 'प्रदूषण मुक्त सांसें' सहित कई चर्चित पुस्तकों के लेखक हैं)(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

**हिन्दी पत्रकारिता की शुरूआत 30 मई 1826 को कानपुर निवासी पं. युगुल किशोर शुक्ल द्वारा प्रथम हिन्दी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन के साथ हुई थी, जिसका अर्थ था 'समाचार सूर्य'। उस समय अंग्रेजी, फारसी और बांग्ला में कई समाचारपत्र निकल रहे थे किन्तु हिन्दी का पहला समाचारपत्र 'उदन्त मार्तण्ड' 30 मई 1826 को कलकत्ता से पहली बार प्रकाशित हुआ था, जो साप्ताहिक के रूप में आरंभ किया गया था। पहली बार उसकी केवल 500 प्रतियां ही छापी गई थी लेकिन चूंकि कलकत्ता में हिन्दी भाषियों की संख्या काफी कम थी और इसके पाठक कलकत्ता से बहुत दूर के भी होते थे, इसीलिए संसाधनों की कमी के कारण यह लंबे समय तक प्रकाशित नहीं हो पाया। 4 दिसम्बर 1826 से 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन बंद कर दिया गया लेकिन इस समाचारपत्र के प्रकाशन के साथ ही हिन्दी पत्रकारिता की ऐसी नींव रखी जा चुकी थी कि उसके बाद से हिन्दी पत्रकारिता ने अनेक आयाम स्थापित किए हैं।**

# ई-रिक्शा में गूंजी किलकारियां

## सब्जी लेने निकली नर्स फरिस्ता बनकर पहुंची

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा के सीएच स्कूल रोड पर बुधवार को मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की एक अनोखी मिसाल देखने को मिली। रोजमर्रा की तरह बाजार में सब्जी खरीदने निकली एक एएनएम अपनी तत्परता और सूझबूझ से संकट में फंसी एक गर्भवती महिला के लिए फरिस्ता बन गईं। उन्होंने न सिर्फ सड़क पर तड़पती महिला की सुध ली, बल्कि एक ई-रिक्शा के भीतर ही जुड़वा बच्चों का सुरक्षित प्रसव कराकर तीन जिंदगियां बचा लीं। चिकित्सा जगत के इस सेवा भाव की हर तरफ सराहना हो रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, झुमरीतिलैया की रहने वाली एक गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई थी। परिजन आनन-फानन में उन्हें एक ई-रिक्शा में बैठाकर नजदीकी निजी क्लीनिक ले जा रहे थे।

इसी दौरान सीएच स्कूल रोड के समीप पहुंचते-पहुंचते महिला की प्रसव पीड़ा असहनीय हो गई और स्थिति बेहद गंभीर हो गई। दर्द और मजबूरी का आलम यह था कि महिला ने ई-रिक्शा के अंदर ही अपने पहले बच्चे को जन्म दे दिया। व्यस्त सड़क पर अचानक हुई इस घटना से वहां मौजूद लोग असमंजस में पड़ गए।

इसी दौरान वहां से गुजर रही एएनएम प्रियंका कुमारी की नजर ई-रिक्शा में तड़पती महिला और नवजात पर पड़ी। परिस्थिति की गंभीरता और खतरे को भांपते हुए प्रियंका ने बिना एक पल गंवाए तुरंत कदम आगे बढ़ाया। उन्होंने सड़क पर ही मोर्चा संभाला और अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए ई-रिक्शा के भीतर ही महिला के दूसरे बच्चे का भी पूरी तरह सुरक्षित प्रसव कराया। बीच सड़क पर ई-रिक्शा में प्रसव होने की खबर फैलते ही आसपास के स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

### बीच सड़क पर संभाली मोर्चा, बचायी तीन जिंदगियां

प्रसव की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद एएनएम प्रियंका ने तत्परता दिखाते हुए मां और दोनों नवजात शिशुओं की प्रारंभिक जांच की। राहत की बात यह रही कि दोनों बच्चे और मां पूरी तरह स्वस्थ पाए गए। इसके बाद प्रियंका ने तुरंत एम्बुलेंस को कॉल किया और बेहतर चिकित्सीय देखरेख, आवश्यक टीकों और आगे की जांच के लिए तीनों को सुरक्षित सदर अस्पताल भिजवाया।

इस सराहनीय कार्य के बाद एएनएम प्रियंका कुमारी ने बताया कि सब्जी लेने के दौरान अचानक उनके सामने यह आपातकालीन स्थिति आ गई थी।

एक स्वास्थ्य कर्मी होने के नाते उनका पहला कर्तव्य जीवन बचाना था। उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर सुरक्षित डिलीवरी कराई और संतोष व्यक्त किया कि मां और दोनों बच्चे सुरक्षित हैं।

स्थानीय नागरिकों ने एएनएम की इस त्वरित सूझबूझ और निस्वार्थ सेवा भावना की जमकर तारीफ की है। लोगों का कहना है कि अगर सही समय पर प्रियंका वहां नहीं पहुंचतीं, तो अस्पताल के अभाव में बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

## क्यूआर कोड से जमा होगा ई चालान

**पटना।** यातायात नियमों के उल्लंघन पर जारी ई-चालान जल्द ही अपने मोबाइल की मदद से एक क्लिक पर ऑनलाइन जमा किया जा सकेगा। इसके लिए कार्यालयों का चक्कर लगाने या किसी पोर्टल या वेबसाइट पर जाने की जरूरत नहीं होगी। सभी को क्यूआर कोड स्कैन कर या यूपीआई की मदद से ई-चालान जमा करने की सुविधा मिलेगी।

परिवहन विभाग इसके लिए भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) की सेवा शुरू करने जा रहा है। इसके अलावा वेयर इज माय ट्रेन की तरह विभाग वेयर इज माय बस एप लॉन्च करने जा रहा है। इससे ट्रेनों की तरह बसों का भी लाइव लोकेशन देखा जा सकेगा। परिवहन मंत्री दामोदर रावत एवं सचिव राजकुमार ने बुधवार को सूचना भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि बीबीपीएस भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा अधिकृत डिजिटल भुगतान प्रणाली है। परिवहन विभाग ने इस सेवा को ई-चालान भुगतान प्रणाली से जोड़ने का निर्णय लिया है।

# युवा क्रिकेटरों का विधायक राज सिन्हा ने किया सम्मान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** आईपीएल की तर्ज पर आयोजित होने वाली जेपीएल एवं डीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए धनबाद से चयनित युवा खिलाड़ियों का जगजीवन नगर ग्राउंड में सम्मान किया गया।

झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने चयनित खिलाड़ियों श्रेष्ठा, आयुष राज, युवराज सिंह, शिवांश तेजस और आकाश विश्वकर्मा तथा कोच मनीष को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सिन्हा ने कहा कि धनबाद की युवा प्रतिभाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ते देख गर्व होता है। इन खिलाड़ियों ने मेहनत और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया है। ये खिलाड़ी न सिर्फ धनबाद बल्कि पूरे झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे।

उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और अनुशासन विकसित करने का सशक्त माध्यम है। जेपीएल-डीपीएल जैसे आयोजन प्रतिभाओं को मंच देने के साथ खेल संस्कृति को भी मजबूत करते हैं। इस मौके पर संतोष सिंह, विजय कुमार, राकेश सिंह, कुमोद सिंह, रोहित यादव, मनोज मालाकार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# दंपत्ति की हत्या से गांव में आक्रोश

## पुलिस कर रही मामले की तफ्तीश





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पीरटांड़।** मधुबन थाना अंतर्गत छछंदो पंचायत के तिरिलटांड़ गांव में अपराधियों ने धारदार हथियार से हमला कर एक दंपती की हत्या कर दी।

घटना में 35 वर्षीय पतिया हांसदा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी परणी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने दंपती पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। चिकित्सकों ने पतिया हांसदा को मृत घोषित कर दिया, जबकि परणी देवी को गंभीर स्थिति में धनबाद रेफर किया गया था।

घटना के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और हमलावरों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। इधर, एक ही परिवार के दो लोगों की मौत से गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने शीघ्र अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**महुदा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से बुधवार को तेलमोच्चो स्थित कुंजी वनरक्षी कार्यालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को प्रकृति, जलवायु व सुरक्षित भविष्य के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण तथा जलवायु परिवर्तन के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिप सदस्य आशा देवी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।





उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए सभी को प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना होगा। वनपाल गोबिन्द मिस्त्री ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा आप सबों के सहयोग के बिना नहीं हो सकता है। वनों में अवैध रूप से पेड़ कटाई को हम सबको मिलकर रोकना होगा। कार्यक्रम में जिप सदस्य प्रतिनिधी गणेश महतो, वनरक्षी संजय पासवान, जगदीश सोरेन, बलबीर हजारी, दिपक रवानी, रविन्द्र यादव, प्रकाश कुमार चौबे, हिरालाल महतो, बब्लु कुमार साव, प्राण महतो, कन्हाई रजक, मनिद्र नाथ दुबे, सन्टु दुबे, भवेश दुबे, उज्जवल दुबे सहित अन्य ग्रामीण मौजुद थे।

## थम नहीं रही हादसे की रफ्तार

**शेखपुरा।** चालू कलेंडर वर्ष के पांच महीने में जिला के विभिन्न सड़क हादसों में 30 लोगों को जान गंवानी पड़ी। जिला में 32 सड़क हादसे दर्ज किए गए हैं। पिछले वर्ष 2025 में 81 सड़क हादसों में 70 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। औसत के हिसाब से देखें तो इस छोटे से जिले में सड़क हादसों में प्रत्येक महीने 6 लोगों की जान जा रही है। इन आंकड़ों के इतर जिला की सड़कों पर कोई भी ब्लैक स्पॉट नहीं है।विभाग का कहना है ब्लैक स्पॉट के लिए जो मानक निर्धारित है,उसके तहत यहां कोई ब्लैक स्पॉट नहीं है। उपरोक्त आंकड़े तीन दिन पूर्व आयोजित हुई सड़क सुरक्षा की जिला स्तरीय समिति की बैठक में यातायात थाना में प्रस्तुत किया है। आंकड़ों के अनुसार सड़क हादसों में जनवरी में 6,फरवरी में 7,मार्च में 4,अप्रैल में 9 तथा मई में 4 लोगों को जान गंवानी पड़ी। जिला में सड़क हादसों को लेकर कोई ब्लैक स्पाट नहीं होने के बाबजूद एक दर्जन ऐसे स्थान चिंहित हैं,जहां बराबर दुर्घटनाएं होती है। चिंहित हुए इन एक दर्जन स्थानों में से 11 जगह बरबीघा से चेवाड़ा तक 26 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 333ए पर हैं।

# खाना बनाने के दौरान लगी आग में चार घर स्वाहा



**हाजीपुर।** वैशाली जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर पंचायत वार्ड 14 खुदगाश गांव में खाना बनाने के दौरान लगी आग ने चार घरों को जलाकर राख कर दिया। आग लगने की सूचना पर आसपास के लोग और राहगीर जुट गए। मोटर पंप, चापाकल आदि की मदद से स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। लोजपा रामविलास के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश भगत एवं युवा नेता चंद्र विजय कुमार उर्फ चंदू ने घटना की जानकारी अंचलाधिकारी एवं राघोपुर थाना अध्यक्ष को दी। सूचना पर राघोपुर थाना अध्यक्ष अवधेश कुमार और दमकल कर्मी भी मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घरों का सारा सामान जल चुका था। आग में टुनटुन भगत, अजय भगत, रमेश भगत और अनीता देवी का घर जल गया। घरों में रखी चौकी, बर्तन, बक्सा, गेहूं, कपड़ा, कागजात, नकद रुपए और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया।मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि आग और भीषण गर्मी इतनी तेज थी कि लोग पास नहीं जा पा रहे थे। घर का सारा सामान जलता देखते रहे।

# 61 करोड़ की राशि से सड़कों की बदलेगी सूरत

## जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** पतना और बरहड़वा क्षेत्र के लोगों का वर्षों पुराना इंतजार अब खत्म होने वाला है। दिग्घी मोड़ से श्रीरामपुर, मालिन, अढ़ाईटिकर, सातगाछी होते हुए रिसौड़ मोड़ तक की जर्जर और संकरी सड़क जल्द ही आधुनिक और चौड़ी बनने जा रही है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कैबिनेट से मंजूरी के बाद करीब आठ किलोमीटर इस सड़क को चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कैबिनेट से 61.58 करोड़ रुपये की मंजूरी के बाद पथ निर्माण विभाग ने रफ्तार पकड़ ली है।

आठ दिसंबर 2025 को मिली स्वीकृति के बाद ग्रामीण कार्य विभाग से यह सड़क पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित कर दी गई थी, अब डीपीआर बनने के पांच महीने बाद काम जमीन पर दिखने लगेगा।

सड़क के दायरे में आने वाली पतना अंचल के एक व बरहड़वा अंचल के आठ मौजा के जमीन अधिग्रहण में आएगा। भूमि अधिग्रहण पूरा होते ही निर्माण कार्य का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। सड़क चौड़ीकरण में बरहड़वा अंचल के श्रीरामपुर,मालिन,अढ़ाईटिकर,सात गाछी, माधोपाड़ा, ग्रामसीर, रानीग्रम, रिसौड़ एवं पतना अंचल के बड़ा दिग्घी मौजा शामिल है।

इस सड़क के दायरे में दोनों ओर पड़ने वाले कुल नौ मौजा की मकान,दुकान,व्यावसायिक प्रतिष्ठान और कृषि योग्य भूमि आएगी।

इस सड़क के चौड़ीकरण होने से मार्ग पर ट्रैफिक जाम की समस्या खत्म होने के साथ साथ बड़ी गाड़ियों के आवागमन सुगम होगा। स्कूली बच्चे,किसान,व्यापारी और आम लोग रोज इस सड़क से गुजरते हैं। सड़क बनने से न सिर्फ समय की बचत होगी,बल्कि क्षेत्र में व्यापार और कृषि उत्पादों की आवाजाही भी आसान होगी।

दिग्घी मोड़ से मालिन,सातगाछी होते हुए रिसौड़ मोड़ सड़क चौड़ीकरण के बाद यह दूरी घटकर सिर्फ आठ किलोमीटर रह जाएगी। वर्तमान में सड़क की चौड़ाई करीब 12 फीट है।अंचल अधिकारियों के अनुसार सड़क के दोनों ओर करीब 30-40 फीट भूमि अधिग्रहण का कार्य हो रहा है। अब नई सड़क करीब 90-100 फीट चौड़ी होगी।

# बीएसएल में "सुरक्षा हमारी साझा यात्रा" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के एचआरडी विभाग स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल-1 में सुरक्षा हमारी साझा यात्रा विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परियोजना विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ परियोजना विभाग से जुड़े विभिन्न वेंडर्स एवं सब-वेंडर्स के प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बोकारो इस्पात संयंत्र की प्रस्तावित ब्राउनफील्ड विस्तार परियोजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की गई। साथ ही, इन परियोजनाओं के सफल, गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित क्रियान्वयन में सुरक्षा मानकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर विशेष प्रकाश डाला गया।



अपने संबोधन में वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा को प्रत्येक कार्य की आधारशिला बताते हुए सभी प्रतिभागियों से सुरक्षा के प्रति सजग, संवेदनशील एवं उत्तरदायी दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करना प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने परियोजना प्रमुखों एवं संबंधित एजेंसियों को स्थापित सुरक्षा मानकों के अनुरूप कार्य निष्पादन करने तथा कार्यस्थलों पर सुरक्षित एवं सकारात्मक कार्य वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कर्मियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक गतिविधि को समुचित सुरक्षा उपायों के साथ संपन्न करने पर बल दिया।

वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न एजेंसियों के मध्य प्रभावी समन्वय, संवाद एवं बेहतर तालमेल किसी भी परियोजना के सुरक्षित और निर्बाध संचालन की कुंजी है। संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान कर उनके निवारण हेतु प्रभावी एवं व्यावहारिक उपाय अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही, सभी एजेंसियों से अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी प्रावधानों को गंभीरता से लागू करने तथा सुरक्षा-केंद्रित कार्य संस्कृति को सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से ऊँचाई पर किए जाने वाले कार्यों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता पर बल दिया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि ऐसे कार्यों के दौरान व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। आवश्यकता के अनुरूप सेफ्टी हार्नेस, गार्ड रेल एवं अन्य फॉल-प्रोटेक्शन व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उनके प्रभावी उपयोग से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत नव नियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त आदित्य रंजन के निदेर्शानुसार आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत नव नियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन (अभिमुखीकरण) कार्यक्रम का आयोजन सदर अस्पताल सभागार में किया गया। कार्यक्रम में एनएचएम के तहत चयनित 120 नव नियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों का स्वागत किया गया तथा उन्हें स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली, जिम्मेदारियों एवं जनसेवा के मूल्यों से अवगत कराया गया।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संविदा आधारित भर्ती प्रक्रिया पूरी करते हुए जिले में विभिन्न 18 पदों पर कुल 120 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की गई है। इन पदों के लिए कई उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिसके बाद लिखित परीक्षा और सफल अभ्यर्थियों का स्किल टेस्ट आयोजित किया गया।चयनित अभ्यर्थियों में एएनएम, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, लैबोरेट्री टेक्नीशियन सहित कई स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं।

इन स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती सदर अस्पताल के साथ-साथ जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में की जाएगी, जिससे ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने सभी नव नियुक्त कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जहां भी उनकी पदस्थापना हो, वहां समय पर उपस्थित रहकर पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें तथा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं।





उपायुक्त ने अपने संबोधन में ह्लए बी सी डी नीतिह्न की चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक स्वास्थ्य कर्मी को अपने कार्य में इन चार मूलभूत सिद्धांतों का पालन करना चाहिए।उन्होंने इन चारों बिंदुओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि एक सफल एवं जनहितैषी स्वास्थ्यकर्मी बनने के लिए इन मूल्यों को अपने कार्य व्यवहार में शामिल करना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई है तथा जल्द ही सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ज्वाइनिंग या नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान यदि कोई व्यक्ति किसी प्रकार की घूस या अवैध राशि की मांग करता है तो अभ्यर्थी तत्काल उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक या डीडीसी से संपर्क करें। उपायुक्त ने यह भी बताया कि आगामी चरण में पुनः लगभग 100 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। जो अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए हैं लेकिन मेरिट सूची में स्थान नहीं बना सके हैं, उन्हें प्राथमिकता देने पर विचार किया जाएगा। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सभी नव नियुक्त कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र केवल नौकरी नहीं बल्कि मानवता की सेवा का माध्यम है। उन्होंने कर्मियों से संवेदनशीलता, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया तथा कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा।

डीडीसी ने कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई है। नव नियुक्त कर्मियों को बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली की जानकारी देते हुए कहा कि नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें, अन्यथा वेतन भुगतान प्रभावित हो सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस केंद्र या क्षेत्र में पदस्थापना दी जाए, वहां समय पर योगदान देना अनिवार्य होगा। बिना योगदान के पदस्थापना निरस्त की जा सकती है। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, डीडीसी सन्नी राज, सिविल सर्जन सहित प्रशासन एवं विभाग के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बालू लदे अनियंत्रित पिकअप ने बाइक सवार को कुचला

## सड़क पर टायर जलाकर किया हंगामा





**हाजीपुर।** वैशाली जिले के चेहरा कला प्रखंड अंतर्गत कटहरा थाना क्षेत्र प्रखंड मुख्यालय चौक स्थित बजरंगबली मंदिर के पास अनियंत्रित बालू लोड पिकअप ने बाइक सवार एक व्यक्ति को कुचल दिया। घटनास्थल पर ही 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मौत की सूचना पर गांव में कोहराम मच गया। स्वजन का रोते-रोते बुरा हाल है। मृतक स्थानीय हलैया निवासी चंद्र राय के पुत्र मिंठू राय बताए गए हैं। मृतक के भाई महेंद्र राय ने बताया कि मिंठू राय सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बालू लोड पिकअप ने उन्हें धक्का मार दिया। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर जुटे स्थानीय लोगों ने सड़क पर शव रखकर टायर जलाए और बांस लगाकर सड़क जाम कर दिया। लोग मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और पिकअप चालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। महेंद्र राय ने आरोप लगाया कि इस रोड पर अनियंत्रित वाहनों का परिचालन होता है। पुलिस प्रशासन की ओर से इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती। आए दिन छोटी-बड़ी घटनाएं घटती रहती हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से पिकअप चालक पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की। घटना की सूचना पर पहुंची कटहरा थाना पुलिस आक्रोशित लोगों को समझाने में जुटी है।

# 2,000 करोड़ की गड़बड़ी के बाद इंडसइंड बैंक पर नया संकट, पीएमओ और आरबीआई तक पहुंची शिकायत




**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के प्रमुख बैंक इंडसइंड बैंक की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। बैंक में करीब 2,000 करोड़ की डेरिवेटिव्स अकाउंटिंग गड़बड़ी सामने आने के बाद अब एक व्हिसलब्लोअर ने प्रधानमंत्री कार्यालय भारतीय रिजर्व बैंक और कई अन्य नियामक एजेंसियों से मामले की जांच की मांग की है।

मामले से जुड़े डॉक्यूमेंट्स के अनुसार शिकायत की प्रतियां गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण और अन्य एजेंसियों को भी भेजी गई हैं। इस खबर के बाद शुरुआती कारोबार में ही इंडसइंड बैंक के शेयर आज करीब 2.50 प्रतिशत से अधिक नीचे 888.80 रुपये पर आ गए।

**अंदरूनी कारोबार और गवर्नेंस में खामियों के आरोप:** शिकायत में बैंक के पूर्व पूर्वी भारत जोनल हेड समीर अग्रवाल पर इनसाइडर ट्रेडिंग यानी गोपनीय जानकारी के आधार पर शेयर ट्रेडिंग का आरोप लगाया गया है। व्हिसलब्लोअर का दावा है कि समीर अग्रवाल ने बैंक की गोपनीय जानकारियों का इस्तेमाल करते हुए अपने परिवार और संबंधित संस्थाओं के जरिए शेयरों में कारोबार कराया। आरोप है कि सार्वजनिक रूप से महत्वपूर्ण जानकारी सामने आने से पहले करीब 815 करोड़ के शेयर डील के जरिए लगभग 46 करोड़ का लाभ कमाया गया।

### इंडसइंड बैंक ने आरोपों को किया खारिज

पूछे गए सवालों के जवाब में इंडसइंड बैंक ने इन आरोपों को खारिज किया है। बैंक ने कहा कि वह व्हिसलब्लोअर द्वारा लगाए गए आरोपों को स्वीकार नहीं करता। बैंक के अनुसार सभी शिकायतों की आंतरिक रूप से जांच की गई है और आवश्यक कार्रवाई नियामकीय नियमों तथा बैंक की नीतियों के अनुसार की गई है। बैंक ने यह भी कहा कि कुछ मामलों की जानकारी उसने स्वयं संबंधित अधिकारियों को दी थी। चूंकि मामला अभी समीक्षा के दायरे में है, इसलिए बैंक इस पर और टिप्पणी नहीं करेगा।

**माइक्रोफाइनेंस लोन और ऑडिट रिपोर्ट को लेकर भी सवाल**–शिकायत में केवल इनसाइडर ट्रेडिंग ही नहीं, बल्कि कई अन्य गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं। इनमें वित्तीय रिकॉर्ड में हेरफेर, माइक्रोफाइनेंस लोन की एवरग्रीनिंग, ऑडिट निष्कर्षों को दबाने और कथित अनियमितताओं को छिपाने के प्रयास शामिल हैं। व्हिसलब्लोअर का आरोप है कि बैंक के कुछ सीनियर अफसरों और बोर्ड के सदस्यों ने इन मुद्दों को दबाने की कोशिश की।

# डब्ल्यूपीआई की अब पीपीआई से तय होगी देश की चाल

## 15 जून से बदलने जा रहा है महंगाई नापने का तरीका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने देश में थोक महंगाई के आकलन में एक बड़ा और ऐतिहासिक बदलाव करने का एलान किया है। सरकार ने थोक मूल्य सूचकांक के आधार वर्ष को 2011-12 से बदलकर 2022-23 करने की मंजूरी दे दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, नई सीरीज को 15 जून 2026 को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया जाएगा। इसके साथ ही वैश्विक मानकों को अपनाते हुए भारत पहली बार प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स भी जारी करने जा रहा है।

**क्या हमेशा के लिए बंद हो जाएगा डब्ल्यूपीआई :**भारत में कई बिजनेस कॉन्ट्रैक्ट्स और मूल्य वृद्धि के मामलों में थोक मूल्य सूचकांक का व्यापक इस्तेमाल होता है। इसलिए सरकार इसे अचानक बंद नहीं कर रही है। नई सीरीज जारी होने की तारीख यानी 15 जून से अगले 5 सालों तक दोनों को एक साथ जारी किया जाएगा। 5 साल बाद पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा, ताकि उद्योगों और उपयोगकर्ताओं को स्विच करने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।

**क्या होगा असर :**अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाई जाने वाली सबसे बेहतरीन पद्धतियों के अनुकूल है। इससे यह समझने में मदद मिलेगी कि कच्चा माल महंगा होने पर उत्पादक उसका बोझ तैयार माल पर कैसे डालते हैं।

**पहली बार शामिल होंगी 7 जरूरी सर्विस :**पहले चरण में डेटा की उपलब्धता के आधार पर 7 प्रमुख सर्विस के लिए भी सर्विस प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स जारी किया जाएगा।

### नई डब्ल्यूपीआई सीरीज में क्या-क्या बदला

नई डब्ल्यूपीआई सीरीज में शामिल वस्तुओं की संख्या को 697 से बढ़ाकर 957 कर दिया गया है। यानी अब थोक महंगाई में और अधिक उत्पादों की कीमतों को ट्रैक किया जाएगा। इलेक्ट्रिसिटी ग्रुप के तहत पहली बार आधुनिक और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, और परमाणु ऊर्जा को शामिल किया गया है। कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस को प्राइमरी आर्टिकल्स से हटाकर फ्यूल एंड पावर सेगमेंट में शिफ्ट कर दिया गया है। चूंकि कोयला और पेट्रोलियम उत्पाद पहले से इसी ग्रुप में थे, इसलिए इस बदलाव से बेहतर तालमेल बनेगा।

कब से मिलेंगे आंकड़े

दोनों की गणना मासिक आधार पर की जा रही है। 15 जून को मई 2026 (प्रोविजनल) के आंकड़ों के साथ-साथ, पिछले 37 महीनों (अप्रैल 2023 से अप्रैल 2026) का पुराना बैक-डेटा भी जारी किया जाएगा।

### धड़ाधड़ एसआईपी बंद कर रहे निवेशक, नए लोगों के जुड़ने की रफ्तार भी सुस्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में पिछले दो साल से मिल रहे खराब रिटर्न ने रिटेल निवेशकों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के डेटा से पता चलता है कि लोग अब अपनी मंथली स्को बंद कर रहे हैं और नए निवेशकों के जुड़ने की रफ्तार भी काफी धीमी हो गई है। असोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में बंद करने वालों की संख्या नए रजिस्ट्रेशन से ज्यादा रही।इस दौरान स्टॉपेज रेशियो 101 प्रतिशत रहा, जो मार्च में भी इतना ही था। इसका मतलब यह है कि अप्रैल महीने में जितने नए खाते खुले, उससे ज्यादा बंद कर दिए गए। हालांकि, एक राहत की बात यह है कि जरिए बाजार में आने वाला कुल पैसा अभी भी मजबूत बना हुआ है। घरेलू निवेशकों का यह सहारा तब बहुत काम आया है जब विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकालकर जा रहे हैं। अगर एसआइपी का पैसा आना बंद हो जाता, तो बाजार में और बड़ी गिरावट आ सकती थी।

# आरबीआई ने चुपचाप बेच दिया 1.14 लाख करोड़ का सोना, आ गई सरकार की सफाई




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक मीडिया रिपोर्ट में मंगलवार को दावा किया गया था कि आरबीआई ने चुपचाप 12 अरब डॉलर यानी करीब 1.14 लाख करोड़ रुपये का सोना बेच दिया। ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स की रिपोर्ट में अर्थशास्त्री अभिषेक गुप्ता के हवाले से यह दावा किया गया था कि केंद्रीय बैंक ने 22 मई को समाप्त हुए दो हफ्तों के भीतर यह सोना बेचा। इस मुद्दे पर अब सरकार की सफाई आ गई है। सरकार का कहना है कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है और यह पूरी तरह फर्जी खबर है। सरकार ने एक बयान में कहा कि इस खबर में सच्चाई नहीं है। आरबीआई के मुताबिक देश के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी सितंबर 2025 के अंत में 13.92 फीसदी थी जो 31 मार्च 2026 तक बढ़कर 16.70 फीसदी और 22 मई 2026 तक 16.85 फीसदी पहुंच गया। आरबीआई ने अपने मासिक बुलेटिन में भी गोल्ड के फिजिकल स्टॉक के बारे में जानकारी दी है। आरबीआई के मुताबिक उसका गोल्ड स्टॉक 880.52 टन बना हुआ है।

### आरबीआई के पास कितना सोना

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण भारत पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों और विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों को बचाने के लिए रिजर्व बैंक ने अपने सोने के भंडार का एक हिस्सा बेचा है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च के अंत तक आरबीआई के पास 880.52 मीट्रिक टन सोना था, जिसमें से 77 प्रतिशत घरेलू तिजोरियों में रखा गया था। छह महीने पहले तक केवल 66 प्रतिशत सोना ही भारत में था। विदेशों में भारत का अधिकांश सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के पास है।

### रातोंरात 4 पायदान फिसले मुकेश अंबानी, एशिया में भी छिनी नंबर 2 की कुर्सी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू बाजार में चार दिन की गिरावट का सिलसिला थम गया लेकिन देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। इससे कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 49 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और वह एक झटके में दुनिया के अमीरों की लिस्ट में चार स्थान फिसल गए। इतना ही नहीं एशिया में भी वह दूसरे से तीसरे नंबर पर खिसक गए। इस साल उनकी नेटवर्थ में 20.8 अरब डॉलर की गिरावट आई है।



ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक अंबानी की नेटवर्थ अब 86.9 अरब डॉलर रह गई है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 25वें नंबर पर फिसल गए हैं। चीन के झांग यिमिंग, अमेरिका के जेफ यास, डेविड सन और जॉन टू उनसे आगे निकल गए। यिमिंग की नेटवर्थ में 24.1 अरब डॉलर की तेजी आई और वह 92.8 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ एशिया में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। यास की नेटवर्थ में 7.56 अरब डॉलर, सन की नेटवर्थ में 2.75 अरब डॉलर और टू की नेटवर्थ में 2.75 अरब डॉलर की उछाल आई।

### एनएचपीसी के सस्ते में शेयर खरीदने का मौका, आम निवेशकों के लिए खुला ओएफएस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार में गिरावट की आंधी के बीच बुधवार को नवरत्न कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। एनएचपीसी लिमिटेड के शेयर बुधवार को 5 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 75.99 रुपये पर पहुंच गए हैं। एनएचपीसी लिमिटेड का ऑफर फॉर सेल बुधवार को आम निवेशकों के लिए खुल गया है। ऑफर फॉर सेल में कंपनी के शेयरों को सस्ते में खरीदने का मौका है। कंपनी के शेयर मंगलवार को गिरावट के साथ 72.28 रुपये पर बंद हुए थे।



केंद्र सरकार नवरत्न कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड में अपनी 6 पर्सेंट तक हिस्सेदारी बेच रही है। कंपनी के ऑफर फॉर सेल के लिए 71 रुपये का फ्लोर प्राइस तय किया गया है। यानी, ऑफर फॉर सेल का फ्लोर प्राइस सोमवार के क्लोजिंग प्राइस से करीब 8 पर्सेंट डिस्काउंट पर है। मार्च 2026 तिमाही के आखिर में एनएचपीसी लिमिटेड में आम निवेशकों को 8.28 पर्सेंट हिस्सेदारी रही।

**नॉन रिटेल इनवेस्टर्स से ऑफर फॉर सेल को मिला जबरदस्त रिस्पॉन्स**–नवरत्न कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड का ऑफर फॉर सेल नॉन रिटेल इनवेस्टर्स के लिए मंगलवार 2 जून को खुला। कंपनी के ऑफर फॉर सेल को नॉन रिटेल इनवेस्टर्स से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है।

# सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजी का आईपीओ खुला, जीएमपी तो चढ़ ही रहा है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच भारतीय पूंजी बाजार में आज एक अच्छा आईपीओ खुला है। इसे अच्छा आईपीओ इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि ग्रे मार्केट में इसका प्रीमियम लगातार बढ़ता दिख रहा है। यह आईपीओ है नॉन-फेरस मेटल की रिसाइकिलिंग करने वाली कंपनी सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज का। इस कंपनी के आईपीओ में निवेशक शुक्रवार, 5 जून 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। जानते हैं इस आईपीओ के बारे में सबकुछ।

सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज के आईपीओ का प्राइस बैंड 182 से 192 रुपये तय किया गया है। इस आईपीओ में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए 78 शेयर का लॉट तय किया गया है। मतलब कि आवेदकों को कम से कम 78 शेयरों के लिए आवेदन करना होगा। इससे ऊपर इतने ही शेयरों के गुणक में आवेदन होगा।

**630 करोड़ रुपये जुटाने की योजना :**सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज के सीएमडी मोहन अग्रवाल ने रोड शो के दौरान बताया था कि इस आईपीओ के जरिए कंपनी 3,28,58,323 इक्विटी शेयर जारी कर 630.88 करोड़ रुपये जुटाएगी। यह इश्यू एंकर निवेशकों के लिए अगले मंगलवार को खुला था। आज से रिटेल एवं अन्य श्रेणी के निवेशक आवेदन कर सकेंगे।




**क्या करती है कंपनी :**दिल्ली एनसीआर में फरीदाबाद की यह कंपनी नॉन फेरस मेटल जैसे अल्यूमिनियम, कॉपर, जिंक, स्टेनलेस स्टील, मैग्नीनिशयम आदि की रिसाइकिलिंग करती है। मतलब कि नॉन-फेरस मेटल के कबाड़ को गला कर उसकी अशुद्धियां दूर करती है। इसके लिए कंपनी देश-दुनिया के विभिन्न देशों से धातुओं के कबाड़ मंगाती है। इसे वैज्ञानिक और इको फ्रेंडली तरीके से रिसाइकिल किया जाता है। इसके अधिकतर इंडस्ट्रियल ग्राहक हैं। इनके ग्राहकों की सूची में होंडा कार्स इंडिया, बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प, रॉयल इनफील्ड, मारुति सुजुकी, जिंदल स्टेनलेस आदि हैं।

**कंपनी की बैलेंस शीट क्या है :**31 दिसंबर, 2025 को समाप्त अवधि के लिए ष्टरूक्र ग्रीन ने 162.39 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट दर्ज किया है। इस दौरान कंपनी का रेवेन्यू 6,291 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 155.04 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट कमाया था। उस साल कंपनी का रेवेन्यू 6,696.66 करोड़ रुपये रहा था। वर्तमान मूल्यांकन पर, कंपनी की बाजार पूंजीकरण 4,205 करोड़ रुपये है। सीएमजी ग्रीन के बुक रनिंग लीड मैनेजर्स में शामिल हैं।

### जीएमपी क्या है

इस आईपीओ की ग्रे मार्केट में भारी मांग दिख रही है। जिस दिन इसका प्राइस बैंड घोषित हुआ था, उस दिन सुबह इसका प्रीमियम 24 रुपये प्रति शेयर था। मतलब कि प्राइस बैंड के अपर लिमिट के मुकाबले 12.50 फीसदी ज्यादा। उसी दिन शाम में यह प्रीमियम बढ़ कर 33 रुपये या 17.19 फीसदी हो गया था। आज जबकि यह आईपीओ खुल रहा है तो सुबह में इसका जीएमपी 63 रुपये या 32.81 फीसदी हो गया है।

### क्या कह रहे हैं ब्रोकर

एसबीआई सिक्योरिटीज ने इसे सब्सक्राइब की रेटिंग दी है। मतलब कि इसमें पैसे डालने को कह रही है। कांतिलाल छगनलाल सिक्योरिटीज ने इसे अप्लाय फोर लॉन्ग टर्म की रेटिंग दी है।

**कब लिस्ट होगी कंपनी**–कंपनी के शेयरों को लिमिटेड और हस्थ्र दोनों पर सूचीबद्ध कराने की योजना है। सब ठीक रहा है तो आगामी 10 जून को इसकी लिस्टंग हो जाएगी।

### सेंसेक्स 303.67 अंक गिरकर 74,346.17 पर बंद, निफ्टी 23,405 पर

मुंबई। 3 जून को सेंसेक्स 303.67 अंक की गिरावट के साथ 74,346.17 पर आ गया। निफ्टी में भी 77.95 अंकों की गिरावट रही, ये 23,405.60 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में आईटी और रिसल्टी शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली है। अमेरिका और ईरान के बीच फिर तनाव बढ़ गया है, दोनों तरफ से हमले की खबरें आ रही हैं, जिससे बाजार में सेंटिमेंट खराब हो गया है। वैश्विक तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है, ब्रेंट क्रूड की कीमतों में करीब 2 फीसदी की उछाल देखी जा रही है। इसके अलावा मौद्रिक समीक्षा नीति की बैठक भी बुधवार से शुरू हो गई है।

## 15 साल की उम्र, करोड़ों की संपत्ति!

# नाबालिग वैभव सूर्यवंशी को भरना होगा टैक्स नाबालिगों के लिए क्या हैं नियम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट में उभरते हुए सितारे वैभव सूर्यवंशी इन दिनों खूब चर्चा में हैं। महज 15 साल की उम्र में उन्होंने क्रिकेट की दुनिया में अपनी पहचान बना ली है। मिंट की रिपोर्ट के अनुसार, उनकी कुल संपत्ति करीब 7 करोड़ तक पहुंच चुकी है। कॉन्ट्रैक्ट, क्रिकेट टूर्नामेंटों से मिलने वाली रकम और ब्रांड एंडोर्समेंट्स ने इतनी कम उम्र में उन्हें करोड़पति बना दिया है। लेकिन, इस खबर के साथ एक दिलचस्प सवाल भी उठता है कि क्या इतनी कम उम्र में कमाई करने वाले बच्चों को भी इनकम टैक्स देना पड़ता है अगर हां, तो टैक्स की गणना कैसे होती है आइए इसको जरा विस्तार से समझते हैं।

भारत के आयकर कानून के अनुसार 18 साल से कम उम्र का व्यक्ति 'नाबालिग' माना जाता है। सामान्य तौर पर नाबालिग की आय को उसके माता-पिता की आय में जोड़ दिया जाता है, जिसे क्लबिंग ऑफ इनकम कहा जाता है, यानी अगर किसी बच्चे के नाम पर बैंक एफडी, निवेश या अन्य स्रोतों से आय होती है, तो वह आय उस माता-पिता की आय में जुड़ती है, जिसकी टैक्सेबल आय अधिक है। इसके बाद उस आय पर टैक्स भी उसी माता-पिता के नाम पर लगाया जाता है।

हालांकि, कानून में कुछ महत्वपूर्ण अपवाद भी हैं। अगर कोई नाबालिग अपनी प्रतिभा, कौशल, ज्ञान या मेहनत के दम पर कमाई करता है, तो उस आय को माता-पिता की आय में नहीं जोड़ा जाता। उदाहरण के लिए क्रिकेट, अभिनय, गायन, सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएशन, शतरंज, डांस या अन्य प्रोफेशनल एक्टिविटीज से होने वाली कमाई सीधे बच्चे की अपनी आय मानी जाती है।

यही नियम वैभव सूर्यवंशी पर भी लागू होता है। उनकी अधिकांश कमाई क्रिकेट खेलने, टूर्नामेंट फीस, कॉन्ट्रैक्ट और ब्रांड एंडोर्समेंट से आती है। चूंकि यह आय उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर अर्जित हुई है, इसलिए इसे उनके माता-पिता की आय में क्लब नहीं किया जाएगा। इस स्थिति में वैभव स्वयं एक टैक्सपेयर माने जाएंगे और उनकी आय पर सामान्य आयकर नियमों के अनुसार टैक्स लगाया जा सकता है।

ऐसे मामलों में नाबालिग के नाम से



अलग इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल की जाती है। चूंकि बच्चा कानूनी रूप से नाबालिग होता है, इसलिए उसके माता-पिता या कानूनी अभिभावक उसकी ओर से फाइल करते हैं। अगर आय प्रोफेशनल गतिविधियों से आती है, तो आमतौर पर या कुछ परिस्थितियों में फॉर्म का उपयोग किया जा सकता है।

इसके अलावा आयकर अधिनियम की धारा 10(32) के तहत माता-पिता को प्रति बच्चे 1,500 तक की छूट भी मिलती है, अगर बच्चे की आय उनके साथ क्लब की गई हो। हालांकि, यह छूट केवल उन मामलों में लागू होती है, जहां बच्चे की आय स्वतंत्र प्रतिभा से नहीं बल्कि निवेश या अन्य स्रोतों से आती हो।

एक्सपर्ट का कहना है कि आज के दौर में कई बच्चे यूट्यूब, सोशल मीडिया, अभिनय, खेल और अन्य क्षेत्रों में लाखों-करोड़ों रुपये कमा रहे हैं। ऐसे में उनके माता-पिता को आयकर नियमों की सही जानकारी होना बेहद जरूरी है, ताकि भविष्य में किसी तरह की टैक्स संबंधी परेशानी न हो। वैभव सूर्यवंशी का उदाहरण यह दिखाता है कि उम्र चाहे कम हो, लेकिन अगर कमाई प्रतिभा और मेहनत के दम पर हो रही है, तो भारतीय कर कानून उसे एक स्वतंत्र आय के रूप में मान्यता देता है। यही कारण है कि 15 साल की उम्र में करोड़ों रुपये कमाने वाले वैभव को भी आयकर नियमों के तहत अलग टैक्स रिटर्न दाखिल करनी पड़ सकती है।

# भारत से आगे निकले ताइवान-साउथ कोरिया, उदय कोटक ने दी वेक-अप कॉल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एआई शेयरों में आई तेजी की बदौलत पहले ताइवान और फिर साउथ कोरिया ने इक्विटी मार्केट के मामले में भारत को पछाड़ दिया है। भारत के पिछड़ने की सबसे बड़ी वजह यह मानी जा रही है कि वह एआई टेक्नोलॉजी में निवेश के मामले में दुनिया के दूसरे देशों से काफी पीछे है। पिछले कुछ समय में एआई कंपनियों के शेयरों में काफी तेजी आई है। इसकी बदौलत ताइवान और साउथ कोरिया जैसे देश भारत से आगे निकल गए हैं। इस बीच देश के सबसे रईस बैंकर उदय कोटक ने भारतीय कंपनियों से एआई में निवेश करने की अपील की है।

कोटक ने इंडिया इंक से भारत के भविष्य के लिए निवेश करने का आग्रह किया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दुनिया की टॉप टेक कंपनियों में से एक गूगल कैश-रिच होने के बावजूद 80 बिलियन (करीब 7.6 लाख करोड़ रुपये) जुटा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सिलिकॉन वैली की टेक कंपनी अपने एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर और वैश्विक कंप्यूटिंग क्षमता को तेजी से बढ़ाने के लिए फंड जुटा रही है। गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट 4.342 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया की तीसरी बड़ी वैल्यूएबल कंपनी है।




### बिजनेस पर फोकस करने का समय

कोटक ने कहा कि गूगल का सालाना प्रॉफिट .160 अरब था और पिछली तिमाही में कंपनी ने 62 अरब का प्रॉफिट कमाया। उन्होंने कहा कि यह भारत की सभी लिस्टेड कंपनियों के कुल प्रॉफिट और मार्केट कैप के लगभग बराबर है। यह सभी कंपनियों के लिए भविष्य में निवेश करने का एक वेक-अप कॉल है। उन्होंने कहा, 'अब आईपीएल खत्म हो चुका है, तो भारत के लिए बिजनेस के बिजनेस पर फोकस करने का समय आ गया है।' कारोबारी हलकों में अक्सर आईपीएल को अक्सर क्रिकेट का बिजनेस कहा जाता है। कोटक की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब भारत को एआई टेक्नोलॉजी में निवेश के मामले में पीछे माना जा रहा है।



# 'ब्राउन' को लेकर करिश्मा कपूर का खुलासा, ठुकराया था रीटा ब्राउन का रोल

करिश्मा कपूर वेब सीरीज 'ब्राउन' में रीटा ब्राउन के किरदार में नजर आने वाली हैं। 5 जून को ओटीटी पर रिलीज होने वाली इस सीरीज को लेकर करिश्मा ने हाल ही में कई खुलासे किए हैं। पहले करिश्मा ने इस रोल के लिए मना कर दिया था, लेकिन अब वह रीटा ब्राउन बनकर ओटीटी पर तलहका मचाने के लिए तैयार हैं।

## क्यों किया था सीरीज के लिए मना?

बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर जल्द ही एक नई सस्पेंस थ्रिलर सीरीज 'ब्राउन' में नजर आने वाली हैं। यह सीरीज 5 जून को रिलीज होगी। हाल ही में इसका ट्रेलर सामने आया था। एएनआई से बातचीत के दौरान करिश्मा ने बताया कि जब शुरुआत में उन्हें यह रोल मिला, तो उन्होंने मना कर दिया था। दरअसल, करिश्मा ने सोचा था कि वह इतने दिनों के लिए कोलकाता जाकर 'ब्राउन' की शूटिंग कैसे करेंगी। लेकिन जब वह डायरेक्टर अभिनय देव से मिलीं और अपने किरदार को गहराई से समझा, तो उन्होंने तुरंत हां कह दिया।

## रीटा ब्राउन के रोल में नजर आएंगी करिश्मा

करिश्मा कपूर अपनी नई वेब सीरीज 'ब्राउन' में रीटा ब्राउन के किरदार में नजर आएंगी। करिश्मा इस शो में एक पुलिस अफसर का रोल कर रही हैं, जो शराब की आदी है और अपने पुराने दुखों से जूझ रही है। करिश्मा के मुताबिक, उनका किरदार अंदर से टूटा हुआ है, लेकिन बाहर से बेहद मजबूत है। करिश्मा ने कहा, 'दर्शकों को इसमें कुछ नया देखने को मिलेगा।' अपने करियर पर बात करते हुए करिश्मा कपूर ने कहा कि उन्होंने बहुत कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। अब वह बहुत ज्यादा काम नहीं करना चाहतीं। वह सिर्फ वही प्रोजेक्ट्स चुनती हैं, जो सीधे उनके दिल को छूते हैं।

डायरेक्टर अभिनय देव ने बताया कि 'ब्राउन' एक साइकोलॉजिकल क्राइम थ्रिलर है। इसकी कहानी कोलकाता शहर पर आधारित है। यह इंसानी भावनाओं, उनके डर, संघर्ष और कमियों को दिखाती है, जिससे आम लोग खुद को जोड़ पाएंगे। इस सीरीज को जी स्टूडियोज ने प्रोड्यूस किया है।



# ओपन रिलेशनशिप में हैं शहाना गोस्वामी

## बोलीं- मेरी जिंदगी में कई पार्टनर हैं, लेकिन ये रिश्ते कैजुअल नहीं हैं

एक्ट्रेस शहाना गोस्वामी ने इंटरव्यू में शहाना ने कहा, 'फिलहाल मेरी जिंदगी में ऐसा कोई एक खास पार्टनर नहीं है। मेरी जिंदगी में कई लोग हैं, जिनसे मेरा लंबे समय से जुड़ाव है, लेकिन ये रिश्ते कैजुअल नहीं हैं। मेरे लिए कोई भी रिश्ता हल्का या टाइमपास नहीं होता।' उन्होंने आगे कहा, 'मेरे लिए ओपननेस का मतलब यह है कि किसी एक इंसान के साथ तय रिश्ता जरूरी नहीं है, लेकिन लोगों के साथ जुड़ाव और अपनापन बना रहता है। कभी वह सिर्फ दोस्ती होती है, कभी रिश्ता थोड़ा और गहरा भी हो सकता है। हर चीज को किसी एक नाम या दिशा में बांधना जरूरी नहीं है। सबसे जरूरी चीज प्यार और दोस्ती है। मेरे लिए दोस्त वही है, जिसके लिए दिल में सच्चा अपनापन हो।'

### ओपन रिलेशनशिप में घोस्टिंग से इनकार किया

शहाना गोस्वामी से जब ओपन रिलेशनशिप में घोस्टिंग यानी अचानक रिश्ता खत्म कर देने को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'असल में ऐसा नहीं होता। मैं लोगों को इग्नोर नहीं करती। इस तरह की जिंदगी अचानक नहीं मिलती। यहां तक पहुंचने के लिए इंसान को खुद पर बहुत काम करना पड़ता है। बाहर से यह आसान लगता है, लेकिन अपने अंदर की जलन और असुरक्षाओं का सामना करना पड़ता है।' उन्होंने कहा, 'मैं उन लोगों से अलग हूं, जिनसे वे पहले मिले हैं। मेरी वजह से कई लोगों की असुरक्षाएं बाहर आ जाती हैं। मैं जानबूझकर ऐसा नहीं करती, लेकिन मेरी आजादी लोगों को खुद के बारे में सोचने पर मजबूर करती है और हर कोई इसके लिए तैयार नहीं होता।'

शहाना ने कहा कि कम उम्र में ही उन्हें ओपन रिलेशनशिप के बारे में समझ आ गई थी। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे हमेशा लगा कि प्यार आजाद होना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि रिश्ता किसी इंसान को बांध दे या उसकी जिंदगी सीमित कर दे। इसी सोच ने मेरे रिश्तों और उन्हें निभाने के तरीके को तय किया है।' उन्होंने बताया कि उनके कई ओपन रिलेशनशिप पार्टनर्स एक-दूसरे से मिल चुके हैं। उनके मुताबिक, ऐसे रिश्ते तभी चल पाते हैं, जब उनमें ईमानदारी और खुलकर बातचीत हो। शहाना ने यह भी कहा कि लोग अक्सर यह सोच लेते हैं कि उनकी जिंदगी आसान है या उन्हें कभी मुश्किल भावनाओं का सामना नहीं करना पड़ा। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। उनके मुताबिक, आजादी का मतलब मुश्किलों से भागना नहीं होता। असली आजादी तब आती है, जब इंसान अपनी परेशानियों, डर और भावनाओं का सामना करता है और उनसे भागता नहीं। शहाना का कहना है कि बाहर से देखने वाले लोग अक्सर इसी बात को समझ नहीं पाते।

# यूके की गलियों में शूटिंग कर रहे अहान पांडे



पिछले साल आई सफल फिल्म 'सैयारा' ने अहान पांडे को रातोंरात स्टार बना दिया। अब अहान अली अब्बास जफर के साथ अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अभी तक फिल्म का टाइटल सामने नहीं आया है। अब फिल्म की शूटिंग के दौरान का एक वीडियो सामने आया है। इसने फिल्म को लेकर फैंस में उत्सुकता और भी बढ़ा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा यह वीडियो कथित तौर पर फिल्म के यूके शूटिंग शेड्यूल का है। इसमें अहान पांडे के साथ फिल्म की लीड एक्ट्रेस शरवरी वाघ नजर आ रही हैं। फिल्म की 27 दिनों की शूटिंग इस साल की शुरुआत में मुंबई के वाईआरएफ स्टूडियो में पूरी हुई थी। इसके बाद टीम एक लंबे इंटरनेशनल शूट के लिए विदेश रवाना हुई, जिसके लगभग दो महीने तक चलने की उम्मीद है।

# इमरान खान के साथ काम करना सपना सच होने जैसा



सलमान खान के भांजे व अभिनेता इमरान खान अपनी आगामी फिल्म 'अधूरे हम अधूरे तुम' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म से इमरान बतौर लीड एक्टर एक लंबे अरसे बाद वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ भूमि पेडनेकर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म को लेकर फैंस तो उत्साहित हैं ही, लेकिन फैंस से भी ज्यादा उत्साहित खुद भूमि पेडनेकर हैं। यही नहीं भूमि ने इमरान खान को लेकर भी बात की और बताया कि उन्हें इमरान पर जबरदस्त क्रश था। हालिया बातचीत में भूमि पेडनेकर ने इमरान खान पर अपने क्रश के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बचपन से ही मुझे उन पर बहुत बड़ा क्रश था। उनकी सभी रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों में वो सबसे बेहतरीन लगते थे। आजकल ऐसी रोमांटिक कॉमेडी फिल्में बनती ही नहीं हैं। भूमि के लिए इमरान के साथ काम करना किसी सपने के सच होने जैसा था। अभिनेत्री अक्सर इमरान के काम की फैन होने की बात कहती रही हैं।

### 15 साल बाद लीड एक्टर के तौर पर वापसी करेंगे इमरान

इमरान खान ने साल 2008 में आई फिल्म 'जाने तू या जाने ना' से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वो कई रोमांटिक-कॉमेडी फिल्मों में नजर आए। इमरान खान आखिरी बार साल 2015 में फिल्म 'कट्टी बट्टी' में लीड एक्टर के तौर पर नजर आए थे।




# सच को ढूंढने निकले अली फजल, सोनाली बेंद्रे स्टारर 'राख' की रिलीज डेट आई सामने

**अली फजल और सोनाली बेंद्रे स्टारर आगामी इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर सीरीज 'राख' की रिलीज डेट अब सामने आ गई है। घोषणा के बाद से ही फैंस इस सीरीज के बारे में हर अपडेट जानने का इंतजार कर रहे थे। अब अंततः मेकर्स ने आज सीरीज की रिलीज डेट जारी कर दी है।**

### 12 जून से स्ट्रीम करेगी 'राख'

मेकर्स की ओर से सोशल मीडिया पर सीरीज से अली फजल का एक पोस्टर साझा किया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट भी घोषित कर दी है। पोस्टर में अली फजल पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं। उनके सामने एक लाश जैसी पड़ी मालूम हो रही। अली काफी इंटेंस और परेशान नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'दबे हुए सच हमेशा अपना रास्ता खोज ही लेते हैं।' 'राख' 12 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। 'राख' एक इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा सीरीज है, जो अपराधी की मानसिकता और आम जिंदगी के पीछे छिपे डार्कनेस को दिखाती है। जब दो लड़के अचानक गायब हो जाते हैं, तो एक खुशहाल परिवार टूट जाता है और पूरा शहर दहशत में आ जाता है। सच्चाई तक पहुंचने के लिए एक इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर देशभर में तलाश अभियान शुरू करता है। जैसे-जैसे वह मामले की गहराई में जाता है, यह केस उसे हिंसा और इंसानी क्रूरता की एक भयावह दुनिया में खींच लेता है। कहानी आगे बढ़ने के साथ-साथ और भी इंटेंस होती जाती है।

### प्रोसित रॉय ने किया है निर्देशन

प्रोसित रॉय द्वारा निर्देशित 'राख' को अनुशा नंदकुमार और संदीप साकेत ने बनाया, लिखा और सह-निर्देशित किया है। सीरीज के डायलॉग आयुष त्रिवेदी ने लिखे हैं। सीरीज मे सोनाली बेंद्रे, अली फजल और आमिर बशीर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।







# 'जन नायकन' पर बॉबी देओल ने किया खुलासा

# बताया कब रिलीज हो सकती है फिल्म

इस साल जनवरी में रिलीज होने जा रही फिल्म 'जन नायकन' कई विवादों के बाद रिलीज नहीं हो पाई। फिल्म के लीड एक्टर थलापति विजय अब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बन चुके हैं। उनके फैंस अब उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही यह फिल्म रिलीज हो जाए। इसी बीच फिल्म में विलेन का रोल करने वाले बॉबी देओल ने अमर उजाला को दिए इंटरव्यू में बताया कि यह फिल्म कब रिलीज होने जा रही है।

### लीक होने का बहुत दुख हुआ

अमर उजाला को दिए इंटरव्यू में बॉबी ने बताया कि फिल्म 'जन नायकन' कब रिलीज होगी? बॉबी ने कहा, 'यह फिल्म चुनाव से पहले विजय की आखिरी फिल्म होने वाली थी, लेकिन समझ नहीं आया कि कैसे इसकी रिलीज में देरी हो गई? फिर यह लीक भी हो गई, जिसका हम सभी को बहुत दुख हुआ। अब तो यह फिल्म कब रिलीज होगी इसकी कोई जानकारी मुझे अब तक मिली नहीं है। हो सकता है कि यह अगले महीने विजय के जन्मदिन पर रिलीज हो जाए।'

### विजय जो चाहते थे हासिल किया

वहीं जब बॉबी से पूछा गया कि सेट पर विजय के साथ उनकी बॉन्डिंग कैसी थी? तो एक्टर ने कहा, 'मैं उनको इतनी अच्छी तरह से जानता नहीं। सेट पर बहुत कम बात होती थी। वो बहुत चप रहते हैं पर मैं बहुत खुश हूं कि उन्होंने वो हासिल किया, जो वो चाह रहे थे। जिस तरह वो चुनाव में जीते हैं, यह अपने आपमें बहुत बड़ी उपलब्धि है।'

### कब है थलापति का जन्मदिन?

थलापित विजय इस साल 22 जून को अपना 52वां जन्मदिन मनाने वाले हैं। ऐसी खबरें हैं कि यह फिल्म उनके जन्मदिन से कुछ दिन पहले 19 जून को रिलीज हो सकती है, पर इस बारे में अब तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। अब बॉबी का यह बयान फिल्म के रिलीज होने की खबर पुख्ता करता है।

### क्या है 'जन नायकन' विवाद?

एच विनोथ द्वारा निर्देशित 'जन नायकन' को अभिनेता विजय की आखिरी फिल्म बताया जा रहा है। यह फिल्म 9 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन सीबीएफसी से समय पर सर्टिफिकेट न मिलने के कारण इसे टाल दिया गया। फिल्म की रिलीज के समय सेंसर बोर्ड ने अचानक इसे हरी झंडी देने से इनकार कर दिया। सेंसर पैनल के अधिकांश सदस्य इसे ';' सर्टिफिकेट देने के पक्ष में थे, लेकिन बोर्ड के एक सदस्य ने फिल्म में कथित रूप से धार्मिक सौहार्द्र बिगड़ने और भारतीय सेना के गलत चित्रण को लेकर आपत्ति जताई, जिससे फिल्म की रिलीज रोक दी गई।




### कोर्ट तक पहुंचा मामला

सेंसर सर्टिफिकेट में देरी को लेकर फिल्म के निर्माताओं ने मद्रास हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। विवाद काफी लंबा खिंच गया, जिसके कारण 9 जनवरी को रिलीज होने वाली फिल्म अब पांच महीने बीत जाने के बाद भी अटकी हुई है। 'जन नायकन' में थलापति विजय के अलावा पूजा हेगड़े, बॉबी देओल, मामिता बैजू और प्रकाश राज भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### 5 जून को रिलीज होगी 'बंदर'

बॉबी देओल जल्द ही अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित फिल्म 'बंदर' में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी 'समर' नाम के एक ऐसे पॉप स्टार के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका करियर खत्म हो चुका है। वह अपनी पुरानी लोकप्रियता को वापस पाने के लिए बेताब है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब एक महिला उस पर रेप का आरोप लगाती है। अब कौन सच बोल रहा है और क्या झूठ है, ये फिल्म देखने पर पता चलेगा। 'बंदर' 5 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें बॉबी देओल के अलावा सान्या मल्होत्रा, राज बी शेट्टी, सपना पब्बी और सबा आजाद भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# सूर्यकुमार यादव का खराब फॉर्म जारी

## टी-20 मुंबई लीग में 11 गेंद पर 19 रन बनाकर आउट



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में खराब प्रदर्शन के बाद सूर्यकुमार यादव की फॉर्म में वापसी नहीं हुई है।

भारत के टी20 कप्तान का प्रदर्शन चिंता का कारण बना हुआ है। इस बीच वह टी20 मुंबई लीग में वह 11 गेंद पर सिर्फ 19 रन बनाकर आउट हो गए। उनकी टीम ट्रायंप नाइट्स को वानखेड़े स्टेडियम में नॉर्थ मुंबई पैंथर्स से 1 रन से हार का सामना करना पड़ा।

सूर्यकुमार यादव ने अच्छी शुरुआत की और युवा नूतन गोयल के साथ तीसरे विकेट के लिए 25 गेंदों में 37 रन जोड़े। नूतन गोयल ने 56 गेंदों में 93 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन सातवें ओवर में स्पिनर राहुल सावंत (चार ओवर में 32 रन देकर 2 विकेट) की गेंद पर डीप स्क्वायर लेग पर कैच आउट हो गए। सूर्यकुमार जून के अंत में भारत के लिए खेलते दिख सकते हैं।

### साधारण प्रदर्शन

189 रन का पीछा करते हुए ट्रायंफ नाइट्स आठ विकेट पर 188 रन पर ही सिमट गई। फरवरी-मार्च में सूर्या की कप्तानी में भारत टी20 विश्व कप जीता, लेकिन बल्ले से उनका प्रदर्शन काफी साधारण रहा। उन्होंने नौ मैचों में 30.25 के औसत से केवल 242 रन बनाए, जिसमें मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ नाबाद 84 रन का स्कोर शामिल है।



# भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ में नए सदस्य की एंट्री

## बहुतुले ने 20 साल के करियर में लिए थे 827 विकेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम 6 जून से इंटरनेशनल ड्यूटी पर लौटेगी। अफगानिस्तान के खिलाफ न्यू चंडगढ़ में टेस्ट मैच खेलना है। इससे पहले गौतम गंभीर की अगुआई वाले कोचिंग स्टाफ में नए सदस्य की एंट्री हुई है। भारत के पूर्व लेग-स्पिनर साईराज बहुतुले पुरुष टीम के स्पिन गेंदबाजी कोच के तौर पर जुड़े हैं। 53 साल के साईराज व्हाइट-बॉल क्रिकेट में भी भारत के स्पिनरों के साथ काम करेंगे। बहुतुले का अंतरराष्ट्रीय करियर उतार-चढ़ाव वाला रहा। उन्होंने 1997 में भारत के लिए डेब्यू किया और 2003 में अपना आखिरी मैच खेला। इन सालों में उन्होंने सिर्फ दो टेस्ट और आठ वनडे खेले। हालांकि, उन्होंने घरेलू क्रिकेट में बहुत अच्छा खेला। उन्होंने लगभग 20 साल के करियर में 188 फर्स्ट-क्लास मैचों में 630 विकेट और अपनी लेग स्पिन से 143 लिस्ट ए मैचों में 197 विकेट लिए।

### भारतीय टीम में पहली बार स्पिन-गेंदबाजी कोच

भारतीय टीम के सपोर्ट स्टाफ में पहली बार कोई स्पिन-गेंदबाजी कोच शामिल हुआ है। इसमें हेड कोच गौतम गंभीर और सीतांशु कोटक (बल्लोजी), मोर्ने मोर्कल (तेज गेंदबाजी), टी दिलीप (फील्डिंग) और रयान टेन डोएशेट (सहायक कोच) पहले से हैं। बहुतुले इससे पहले आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स (PBKS) के स्पिन-बॉलिंग कोच के थे। वह केरल और बंगाल पुरुष टीमों के साथ काम कर चुके हैं।

# WTC का हिस्सा नहीं होगा भारत व अफगान टेस्ट मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 समाप्त होने के बाद भारतीय टीम 6 जून को मैदान पर दिखेगी। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच उसका 2026-27 सत्र शुरू होगा। न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर के महाराजा यादविन्द्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार टेस्ट मैच खेला जाएगा। हालांकि, यह टेस्ट मैच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र का हिस्सा नहीं होगा। यानी इसका डब्ल्यूटीसी रैंकिंग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।





भारत-अफगानिस्तान टेस्ट मैच के डब्ल्यूटीसी का हिस्सा न होने का दो कारण है। पहला कारण यहा है कि अफगानिस्तान डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं है। दूसरा कारण यह है कि सीरीज में कम से कम दो मैच होने चाहिए। अफगानिस्तान इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल का फुल मेंबर है और उसे टेस्ट का दर्जा मिला हुआ है, लेकिन यह मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल में हिस्सा लेने वाली नौ टीमों में से एक नहीं है। आईसीसी अभी सिर्फ टॉप नौ रैंक वाली टीमों को ही डब्ल्यूटीसी साइकल में हिस्सा लेने की इजाजत देता है। इसलिए, अफगानिस्तान से जुड़े किसी भी टेस्ट मैच में डब्ल्टीसी अंक नहीं मिलते। आईसीसी के डब्ल्यूटीसी में अभी सिर्फ 9 देश भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और वेस्टइंडीज शामिल हैं। तीन फुल मेंबर अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिम्बाब्वे इसका हिस्सा नहीं हैं।

### कम से कम दो मैच होना जरूरी

फिलहाल आईसीसी नियमों के अनुसार एक टेस्ट मैच की सीरीज डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं होती। कम से कम 2 मैच होने पर ही कोई सीरीज डब्ल्यूटीसी का हिस्सा हो सकती है। ऐसे में न्यू चंडीगढ़ में भारत-अफगानिस्तान टेस्ट मैच डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं होगा।

**भारत-अफगानिस्तान के बीच दूसरी बार टेस्ट मैच-** भारत-अफगानिस्तान के बीच दूसरी बार टेस्ट मैच होगा। 2018 में पहली बार भारत पारी और 262 रन से जीता था। दूसरी बार भारत में टेस्ट मैच जून में होगा। पहली बार भी अफगानिस्तान के खिलाफ बेंगलुरु में टेस्ट मैच हुआ था।

## टी20 वर्ल्ड कप से पहले किया सरेंडर, इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैच की सीरीज गंवाई

# भारत की तैयारी की खुली पोल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम ने वूमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 से ठीक पहले इंग्लैंड के सामने सरेंडर कर दिया और 3 मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में भी भारत को 6 विकेट से हार मिली। इस हार से साथ ही भारत ने इस टी20 सीरीज को 1-2 से गंवा दिया। इस टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत को जीत मिली थी, लेकिन फिर उसे इंग्लैंड की महिला टीम ने दूसरे और तीसरे मैच में हराते हुए सीरीज पर अपना कब्जा जमा लिया।

### सीरीज हारना, पता चलता है, तैयारी कितनी थी

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 12 जून से इंग्लैंड में होगी और भारतीय महिला टीम इस आईसीसी टूर्नामेंट से ठीक पहले इंग्लैंड दौरे पर है। यहां पर भारत ने वर्ल्ड कप से शुरू होने से ठीक पर इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज खेली जिसे तैयारी की लिहाज से काफी अहम माना जा रहा था, लेकिन भारत ने इस सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ सरेंडर कर दिया और उसे हार का सामना करना पड़ा। अब भारत को इस सीरीज में मिली हार के बाद अपनी कमियों को दूर करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ मैदान पर उतरना होगा।

### भारत ने 1-2 से गंवाई टी20 सीरीज

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना ने 8 रन की पारी खेली जबकि शेफाली वर्मा भी नहीं चलीं और उन्होंने 11 रन बनाए। जेमिमा ने 19 गेंदों पर 29 रन की तेज पारी खेली जबकि कप्तान हरमनप्रीत कौर 56 रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड की धरती पर किसी टी20 मैच में ये उनका इंग्लैंड के खिलाफ पहला अर्धशतक भी रहा। भारत के लिए इस सीरीज में सबसे बड़ी चिंता की बात ये रही कि टीम की ओपनिंग जोड़ी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। भारत को इस कमी को दूर करना होगा। टी20 वर्ल्ड कप में जीत के लिए मंधाना का बल्ला चलना जरूरी है जो पिछले कुछ वक्त से खामोश है।

### भारत को 6 विकेट से मिली हार

इंग्लैंड के खिलाफ इस टी20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर की 56 रन की अर्धशतकीय पारी साथ ही यास्तिका भाटिया और दिप्ती शर्मा की 32-32 रन की पारी के दम पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 180 रन बनाए। इंग्लैंड को जीत के लिए 181 रन का लक्ष्य मिला और इस टीम ने एलिस कैप्सी की 82 रन की पारी साथ ही हीथर नाइट की नाबाद 70 रन की पारी के दम पर 18.3 ओवर में 4 विकेट पर 184 रन बनाकर मैच जीत लिया। एलिस कैप्सी इस मैच में मैन ऑफ द मैच रहीं जबकि उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया।

# केएम दीक्षा डोप टेस्ट में फेल

## महिलाओं की 1500 मीटर में हैं राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी



**नई दिल्ली।** महिलाओं की 1500 मीटर की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी और राष्ट्रीय खेलों की रजत पदक विजेता केएम दीक्षा डोप जांच में विफल हो गई हैं। 27 साल की दीक्षा ने इस साल अप्रैल में सिर्फ एक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वह एक प्रतिबंधित पदार्थ के लिए पॉजिटिव पाई गई हैं। यह पदार्थ किस तरह का था और उनकी जांच की और जानकारी का पता नहीं चला है। एक भरोसेमंद सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'हां, यह पुष्टि हो गई है कि वह डोप जांच में विफल हो गई हैं।' इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। दीक्षा ने हाल ही में रांची में हुए फेडरेशन कप में हिस्सा नहीं लिया था, जो ग्लास्गो में 2026 राष्ट्रमंडल खेल (23 जुलाई से दो अगस्त) के लिए चुने जाने वाले खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य टूर्नामेंट था।

### भारत अभी अयोग्य एथलीटों की सूची में शीर्ष पर

दीक्षा की टाइमिंग भी एएफआई द्वारा तय राष्ट्रमंडल खेलों के क्वालिफाइंग मानक के तौर पर तय 4:05.09 सेकंड से काफी बाहर थी। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 4:04.78 है, जो उन्होंने मई 2024 में बनाया था। भारत अभी अयोग्य एथलीटों की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी इकाई (एआईयू) की सूची में शीर्ष पर है, जिसमें मई 2026 के आखिर तक 154 एथलीटों को निलंबित किया गया, जो कीनिया के 147 और रूस के 65 की तुलना में काफी ज्यादा है।

# हरमनप्रीत कौर पाकिस्तान के खिलाफ उतरते ही रचेंगी इतिहास



## रोहित शर्मा का रिकॉर्ड भी होगा ध्वस्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल खत्म हो चुका है और अब रोमांच शिफ्ट होने वाला है इंटरनेशनल क्रिकेट की ओर। पुरुष टीम जहां इसी साल टी20 चैंपियन बनकर आई है। वहीं नवंबर 2025 में इतिहास रचने वाली वनडे विश्व चैंपियन महिलाओं की नजरें अब टी20 के विश्व कप पर होंगी। 12 जून से इंग्लैंड की मेजबानी में महिला टी20 वर्ल्ड कप का आगाज होने वाला है। इस टूर्नामेंट के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो चुका है और भारतीय टीम विश्व विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में उतरेगी।



### टी20 वर्ल्ड कप में हरमनप्रीत कौर का ऐसा रहा प्रदर्शन


भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर महिला टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाली चौथी क्रिकेटर हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट के इतिहास में 2009 से 2024 तक 39 मैच खेलते हुए 25.03 की औसत से 726 रन बनाए हैं। उनके नाम एक शतक भी दर्ज है और 103 रन उनका टी20 विश्व कप में सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने गेंदबाजी करते हुए 11 विकेट भी झटके हैं। आगामी सीजन में उनके ऊपर अत्यधिक नजरें होने वाली हैं। क्योंकि हर भारतवाशी का सपना होगा कि महिला टीम वनडे के बाद अब टी20 विश्व कप की भी चैंपियन बने।

### 14 जून को पाकिस्तान के साथ है मुकाबला

टीम इंडिया का पहला मैच 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान के खिलाफ होगा। टीम इंडिया के अभियान की शुरुआत हाईवोल्टेज मुकाबले से होगी। इस मैच में उतरते ही हरमनप्रीत कौर इतिहास रच देंगी। वह 2009 से लगातार हर टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय महिला टीम का हिस्सा रही हैं और यह उनका 10वां टी20 वर्ल्ड कप होगा। इस मामले में हरमनप्रीत कौर भारत के विश्व विजेता टी20 कप्तान रोहित शर्मा से आगे निकल जाएंगी। महिलाओं में तो हरमनप्रीत कौर पहले से ही सबसे ज्यादा टी20 वर्ल्ड कप खेलने वाली खिलाड़ी हैं। वहीं इस टूर्नामेंट में उतरते ही वह पुरुष क्रिकेटर रोहित शर्मा, शाकिब उल हसन और आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग को भी पीछे छोड़ देंगी। उनका यह 10वां टी20 वर्ल्ड कप होगा। जबकि टी20 से रिटायर हो चुके रोहित शर्मा ने अपने करियर में सबसे ज्यादा 9 टी20 वर्ल्ड कप खेले थे।

# रॉबिन्सन की वापसी, न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने किया अंतिम-12 का ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए 12 सदस्यीय टीम का ऐलान मंगलवार (2 जून) को कर दिया। एशेज में खराब प्रदर्शन के कारण ओली पोप और जैक क्रॉली की छुट्टी हो गई है। एमिलियो गे और सोनी बेकर नए चेहरे हैं। तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन की दो साल से ज्यादा समय बाद टीम में वापसी हुई है। फरवरी 2024 में वह आखिरी बार इंग्लैंड के लिए खेले थे।



यह मैच गुरुवार (4 जून) से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में इंग्लैंड की हालत खराब है। वह 7वें नंबर पर है। एमिलियो गे और सोनी बेकर को डेब्यू का मौका मिल सकता है।

23 साल के बेकर तेज गेंदबाज हैं। 12 फर्स्ट क्लास मैचों में उन्होंने 41 विकेट लिए हैं। 26 साल के एमिलियो गे बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 73 मैच में 4702 रन बनाए हैं। 15 खिलाड़ियों के स्क्वाड में चुने गए रेहान अहमद, जेम्स रेव और मैथ्यू फिशर को मौका नहीं मिला है।

● यशस्वी-राहुल ओपनर, पंत-नितिश भी शामिल

# अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट के लिए AI ने चुनी भारत की प्लेइंग 11



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और अफगानिस्तान के बीच 6 जून से न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र मैच की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। इस मैदान पर पहली बार किसी टेस्ट मैच का आयोजन किया जा रहा है जिस पर सबकी नजर रहने वाली है। ये टेस्ट खास इस वजह से भी है कि टीम इंडिया के ज्यादातर खिलाड़ी अभी दो महीने तक आईपीएल खेलकर आए हैं।

### एआई ने गिल को कप्तान चुना

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल/देवदत्त पडीक्कल, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा/गुरनूर बराबर

### यशस्वी-राहुल होंगे ओपनर

अफगानिस्तान को हराने के लिए इस टेस्ट मैच में भारत की सबसे बेहतरीन प्लेइंग इलेवन क्या हो सकती है इसका चयन एआई (गूगल जेमिनी) ने किया। एआई ने इस टेस्ट के लिए ओपनर के रूप में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल का चयन किया। राहुल इस सीरीज के लिए टीम के उप-कप्तान भी हैं। वहीं तीसरे नंबर पर बैटिंग क्रम में साई सुदर्शन को रखा गया जबकि चौथे नंबर पर कप्तान शुभमन गिल हैं। ये सभी बैटर इस वक्त रन बनाकर आ रहे हैं और सबका बल्ला चल रहा है।

# पाकिस्तान दूसरा वनडे हारा

## बाबर का बल्ला रहा खामोश

## नाथन एलिस की घातक बॉलिंग, 4 विकेट लिए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का आयोजन किया जा रहा है जिसके दूसरे मुकाबले में शाहीन अफरीदी की टीम को 41 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस सीरीज के पहले मैच में कंगारू टीम को हार मिली थी, लेकिन दूसरे मैच में इस टीम ने वापसी करते हुए जीत हासिल की और सीरीज को 1-1 से बराबर कर लिया। ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाने में नाइन एलिस की घातक गेंदबाजी के साथ-साथ कैमरन ग्रीन और जोश इंग्लिस की अर्धशतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा।

### 190 रन पर ही पाकिस्तान ध्वस्त

पाकिस्तान को जीत के लिए 232 रन का टारगेट मिला था, लेकिन इस टीम ने 44 ओवर में 190 रन के स्कोर पर अपने सारे विकेट गंवा दिए और उसे 41 रन से हार मिली। पाकिस्तान के लिए शाबाद खान ने सबसे बड़ी 71 रन की पारी खेली जबकि गाजी गोरी ने 37 रन तो वहीं अराफान मिन्हास ने 33 रन की पारी खेली।

### ग्रीन-जोश ने लगाए अर्धशतक

इस मैच में पाकिस्तान की टीम ने टॉस जीता था और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 231 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए तीसरे नंबर पर बैटिंग करने आए जोश इंग्लिश ने 51 रन की जोरदार पारी खेली जबकि कैमरन ग्रीन ने भी टीम के लिए 53 रन का अहम योगदान दिया। इसके अलावा मैट रेनशॉ ने 43 रन की पारी खेली जबकि ओलिवर पीक के बल्ले से 31 रन निकले। पाकिस्तान के लिए कप्तान शाहीन अफरीदी ने 3 जबकि हारिस रऊफ, अराफात मिन्हास और अबरार अहमद ने 2-2 विकेट लिए।

# गांधीगिरी के माध्यम से दी गई सड़क सुरक्षा की जानकारी

## ट्रिपल लोडिंग व बिना हेल्मेट के बाइक चलाने वालों को पहनाया गया माला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी प्रमोद कुमार दास के नेतृत्व में बुधवार को जिले के चियांकी क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गांधीगिरी के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले एवं ट्रिपल राइडिंग करने वाले वाहन चालकों को माला पहनाकर सड़क सुरक्षा के महत्व की जानकारी दी गई। वहीं हेलमेट पहनकर यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने अभियान के दौरान लोगों को हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवर स्पीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव सहित अन्य यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। हेलमेट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी है। उन्होंने बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि आज उन्हें माला पहनाकर यह एहसास कराया जा रहा है कि यातायात नियमों की अनदेखी कितनी खतरनाक हो सकती है। यदि समय रहते लोग सावधान नहीं हुए तो दुर्घटनाओं में जान जाने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसलिए सभी लोग सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें तथा दोपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें।अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गयी।जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिवहन पदाधिकारी, यातायात प्रभारी, मोटरयान निरीक्षक, सड़क सुरक्षा पलामू के कर्मी एवं ट्रैफिक पुलिस के जवान उपस्थित थे।

## 15वें वित्त आयोग की योजनाओं की समीक्षा में लंबित भुगतान को सात दिनों में करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन की स्थिति और लंबित भुगतानों की जानकारी ली। जांच में सामने आया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की कई योजनाओं का भुगतान अब तक लंबित है, जिससे लाभार्थियों और कार्य एजेंसियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए सभी संबंधित मुखियाओं को सात दिनों के भीतर लंबित भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान नहीं होने पर संबंधित जनप्रतिनिधियों और कर्मियों के विरुद्ध पंचायती राज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित पंचायत सचिवों पर निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में अधिकारियों को योजनाओं की नियमित निगरानी, भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने तथा अभिलेखों को अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की विकास योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना और आम लोगों तक लाभ पहुंचाना है। इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मी पूरी जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ कार्य करें उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## हार्डकोर इनामी नक्सली नेमचंद महतो को आठ वर्ष की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** आर्म्स एक्ट से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में गिरिडीह के तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंवलजीत चोपड़ा की अदालत ने हार्डकोर एवं इनामी नक्सली नेमचंद महतो को दोषी करार देते हुए आठ वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत उस पर कुल 2 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला वर्ष 2018 में बेंगाबाद थाना क्षेत्र के केंदुआडीह में चलाए गए विशेष कॉम्बिंग ऑपरेशन से संबंधित है। उस समय तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र झा के नेतृत्व में सुरक्षा बलों द्वारा व्यापक सर्च अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान नेमचंद महतो समेत कई नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया था तथा उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट और अन्य संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने पर्याप्त साक्ष्य एवं गवाह प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर अदालत ने नेमचंद महतो को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। सरकारी अधिवक्ता अशोक कुमार ने बताया कि इस कांड में कई अन्य नक्सलियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज है। इनमें महिला नक्सली शीला दी तथा रामदयाल महतो समेत कई आरोपित शामिल हैं। अधिकांश आरोपित वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं और उनके विरुद्ध न्यायालय में ट्रायल की प्रक्रिया जारी है। अदालत के इस फैसले को नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे कानून व्यवस्था बनाए रखने और उग्रवाद के खिलाफ चल रहे अभियान को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# पौधारोपण के प्रति लोगों को जागरूक करने की है जरूरत

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्थायी पौधशाला का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड में वन विभाग की स्थायी पौधशाला का उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूजा-अर्चना और फीता काट कर किया। इस पौधशाला के शुरू होने से गावां, तिसरी, देवरी समेत आसपास के क्षेत्रों में शीशम, सागवान और महोगनी जैसे बहुमूल्य पौधों की उपलब्धता बढ़ेगी। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। गिरिडीह पूर्वी वन प्रमंडल के डीएफओ मनीष तिवारी एवं गावां रेंजर अनिल कुमार ने बताया कि पौधशाला में शीशम, सागवान, काजू, कटहल, महोगनी सहित दो दर्जन से अधिक प्रजातियों के पौधे तैयार किए जाएंगे। इन पौधों का उपयोग वन क्षेत्र के विकास के साथ-साथ आम लोगों को भी 10 रुपए से 25 रूपये की कीमत पर उपलब्ध कराने के लिए किया जाएगा। पौधशाला में ग्रीनहाउस, केंचुआ खाद इकाई, बीज उपचार केंद्र, सूचना बोर्ड और बेहतर पहुंच मार्ग जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। कहा कि स्थानीय पौधशाला के निर्माण से न सिर्फ पर्यावरण के लिए लाभदायक है बल्कि लोग भी जागरूक होंगे। यह लोगों के रोजगार में भी सहायक होगा। उद्घाटन के बाद विश्व पर्यावरण सप्ताह के तहत बाबूलाल मरांडी और वन विभाग के अधिकारियों ने पौधारोपण भी किया। इस दौरान लोगों को वन और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वर्तमान में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पेड़ो की कटाई रुकी है और ईंधन के रूप में इसके प्रयोग में कमी लाई गई है, जिससे लोग अब पेड़ों की कटाई कम करने लगे है। साथ ही उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पौधशाला की स्थापना को क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। उनका कहना है कि अब लोगों को पौधे खरीदने के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर पौधे उपलब्ध होने से समय और पैसे दोनों की बचत होगी तथा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण को बढ़ावा मिलेगा। वन विभाग की यह स्थायी पौधशाला न सिर्फ हरियाली बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और लोगों को रोजगार व पौधों की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। विश्व पर्यावरण सप्ताह के दौरान शुरू हुई यह पहल आने वाले वर्षों में पूरे क्षेत्र को और अधिक हरा-भरा बनाने में मददगार बनेगी।

# आयुष सेवाओं को प्रभावी बनाने पर जोर

## उपायुक्त ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त रामनिवास यादव ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयुष विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने आयुष स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, उपचार व्यवस्था और साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आयुष केंद्रों में नियमित रूप से ओपीडी का संचालन सुनिश्चित किया जाए तथा मरीजों को समय पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएं बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष चिकित्सा सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग पारंपरिक चिकित्सा पद्धति का लाभ उठा सकें। उपायुक्त ने आयुष विभाग और आयुष्मान भारत योजना के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लाभुकों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग की सेवाएं सीधे जनहित से जुड़ी हैं, इसलिए सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ करें। वहीं उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने विभागीय कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए बैठक में सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह, आयुष पदाधिकारी सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। जनहित में आयुष सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और स्वास्थ्य सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने की दिशा में यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# संस्कृत भाषा के संवर्धन हेतु सात दिवसीय आवासीय कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रामगढ़।** संस्कृत भारती के तत्वाधान में सात दिवसीय संस्कृत भाषा संवर्धन पर रामगढ़ में आज एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफ़ेसर डॉ सरोज शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर संस्कृत भारती के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ताराकांत शुक्ल, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ दीप चंद राम कश्यप, प्रदेश न्यासी ओम प्रकाश गुप्ता, डॉ सुनील कुमार कश्यप के साथ भारी संख्या में संस्कृत भाषा के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा जानने और समझने वाले लोग उपस्थित हुए। इस आवासीय कार्यक्रम में पूरे झारखंड के सभी जिलों से करीब 150 बच्चे एवं बच्चियों ने हिस्सा लिया जिसमें बच्चियों की संख्या 93 थीं। पूरा विद्यालय संस्कृत भाषा से गुंजायमान हो उठा था क्योंकि विद्यालय के अलग-अलग करीब आधे दर्जन कमरों में बच्चों के क्लासेस चल रहे थे। संस्कृत भाषा की यह कक्षाएं सुबह 5:00 बजे शुरू होकर रात्रि के 10:00 बजे तक निरंतर विभिन्न सत्रों में अगले 7 दिनों तक वैज्ञानिक ढंग से चलेगी। संस्कृत भारती के प्रदेश अध्यक्ष डॉ तरकांत शुक्ला ने बताया कि आज रामगढ़ नगर में संस्कृत भारती का प्रांत स्तरीय 7 दिन का शिविर आयोजित हुआ यह संस्कृत भाषा विश्व की अत्यंत प्राचीन तथा वैज्ञानिकी भाषा है। आजकल कंप्यूटर के जानकर भी कहते हैं कि संस्कृत भाषा कंप्यूटर के लिए अत्यंत उपयोगी है तथा यह अति सरल भाषा है इसलिए हम लोगों का यह चिंतन है कि यह संस्कृत भाषा सभी भारतीयों के हृदय में व्यवहार में हो इसी धारणा को लेकर हम लोगों ने संस्कृत भाषा के लिए 7 दिनों का शिविर का आयोजन किया है जिससे दिन के अंदर ही संस्कृत में बातचीत करने योग्य बनेंगे यही संस्कृत भारती का उद्देश्य है हमें विश्वास है कि निश्चित रूप से हम इस उद्देश्य में सफल होंगे। झारखंड प्रदेश, विद्यालय कार्य प्रमुख डॉ सुनील कश्यप ने बताया कि आज यहां राधा गोविंद उच्च विद्यालय रामगढ़ में संस्कृत का अभ्यास छात्र करेंगे यह अभ्यास 7 दिन का होगा ये सभी छात्र तथा छात्राएं संपूर्ण झारखंड प्रदेश से आए हुए हैं यह सभी 7 दिन में ही का अभ्यास करेंगे और इनकी भाषा इस अभ्यास से निश्चय ही श्रेष्ठ होगी अभी ये संस्कृत से बहुत परिचय नहीं है किंतु निश्चित ही सात दिनों के अभ्यास में ये संस्कृत भाषा में बोलने चलने के लिए दक्ष होंगे आज नाशा भी इस बात को मान चुका है कि कंप्यूटर कोडिंग की भाषा संस्कृत से उत्तम अन्य कुछ नहीं है इसलिए इसे ऋषियों ने पहले ही वैज्ञानिकी भाषा का दर्ज़ा दिया है अतः यह संगणक के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मौके पर प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुई चाईबासा से आई एक महिला प्रशिक्षु ने बताया कि संस्कृत भारती झारखंड प्रांत की ओर से यहां शिविर चल रहा है यह आवासीय प्रबोधन वर्ग है जो की 3 जून से 9 जून तक चलेगा। यहां विविध क्षेत्र से छात्रों की उपस्थिति है हम लोग संस्कृत पढ़ते हैं विषय के रूप में लेकिन संस्कृत भाषा में धारा प्रवाह रूप से बोलने में सक्षम नहीं होने के कारण हम लोग इस संस्कृत प्रबोधन वर्ग में आए हैं।

# मोदी सरकार के 12 साल विश्वास, विकास और जनकल्याण के नाम : डॉ संजय सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी बोकारो जिला द्वारा जिलाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र राज की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित कार्यक्रम जिला प्रभारी सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। जनता ने जिस भरोसे और विश्वास के साथ नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाया, उस भरोसे को प्रधानमंत्री ने 12 साल निरंतर अपने समय का पल-पल और शरीर का कण-कण इस देश को समर्पित करके निभाया है। 12 वर्ष उपलब्धियों से भरा है जिसमें अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति, नारी शक्ति वंदन अधिनियम - महिला आरक्षण बिल, तीन तलाक जैसी कुप्रथा का अंत है। जिलाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र राज ने बताया कि इस उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून 2026 तक बारह साल विश्वास के, विकास के जनकल्याण के महाअभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस - 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान 14 जून जिला मीडिया संवाद कार्यक्रम 16-17 जून विकसित भारत संकल्प सम्मेलन 17-20 जून मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी, 18-19 जून प्राकृतिक खेती कार्यशाला, 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंडल स्तर पर योग कार्यक्रम। गिरिडीह के पूर्व सांसद रविन्द्र पांडेय ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री श्री संजय सिन्हा धन्यवाद ज्ञापन जयप्रकाश तापड़िया ने किया। कार्यशाला में अंबिका ख्वास, जयदेव राय, शशि भूषण ओझा मुकुल, अर्चना सिंह शंकर रजक, संजय त्यागी, अर्चना सिंह, अनिल स्वर्णकार, गिरजा देवी, बिनोद गोराई, रामलाल सोरेन आदि थे।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्या ने किया इस्पात संयंत्र का दौरा



## एससी-एसटी समुदाय के बारे में की चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ 3 जून को बोकारो इस्पात संयंत्र का दौरा किया। उनके साथ निजी सचिव कुशेश्वर साहू, क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक निदेशक श पी.के. दास, अन्वेषक राहुल एवं रिया तथा विधि सलाहकार राहुल यादव भी उपस्थित थे। दौरे के दौरान डॉ. आशा लकड़ा एवं उनके प्रतिनिधिमंडल ने बोकारो इस्पात संयंत्र के वरीय अधिकारीयों के साथ बोकारो इस्पात नगर तथा आसपास के क्षेत्रों में निवासरत अनुसूचित जनजाति समुदाय के विकास से संबंधित पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. आशा लकड़ा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने संयंत्र की प्रमुख उत्पादन इकाइयों का भी अवलोकन किया। इस क्रम में उन्होंने संयंत्र के कोक ओवन एवं कंटीन्यूअस कास्टिंग शॉप विभाग का दौरा कर वहां की उत्पादन प्रक्रियाओं, आधुनिक तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

# दोहरे हत्याकांड का खुलासा, हत्यारोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र हुए दो नाबालिग की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा लिया है। अपहृत दो नाबालिग भाई-बहन की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी संजीत पासवान को गिरफ्तार कर लिया है। हजारीबाग एसपी अमन कुमार ने बताया, कटकमदाग थाना क्षेत्र के ओला शोरूम के पास से एक 11 वर्षीय बच्ची और उसके 3 वर्षीय छोटे भाई के लापता होने की सूचना उनके पिता ने दर्ज कराई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने विशेष जांच दल का गठन किया। जांच के दौरान 31 मई 2026 को सिंदूर स्थित श्मशान घाट के पास से बच्ची का शव बरामद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने सघन सर्च अभियान चलाया और पास के ही एक कुएं से छोटे बच्चे का भी शव बरामद किया था. पकड़े गए आरोपी संजीत पासवान ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है. उसने बताया कि वह ओला शोरूम में काम करता था और बच्ची से उसकी जान-पहचान थी. 27 मई 2026 को वह मोबाइल दिलाने के बहाने दोनों बच्चों को अपनी स्कूटी पर बैठाकर सिंदूर स्थित श्मशान घाट ले गया वहां सुनसान जगह का फायदा उठाकर उसने बच्ची के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की और शोर मचाने पर उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी. इसके बाद उसने बच्ची के भाई की भी गला घोंटकर हत्या कर दी। बच्चे का शव बोरे में भरकर कुएं में फेंक दिया। युवती का शव पास के ही नदी में फेंक दिया। पुलिस टीम ने आरोपी की निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त स्कूटी और प्लास्टिक का बोरा बरामद कर लिया है। इस मामले के खुलासे में जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और स्थानीय थाना प्रभारियों की अहम भूमिका रही।

# भाजपा के पूर्व विधायक बेनी प्रसाद गुप्ता का निधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पाकुड़।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक बेनी प्रसाद गुप्ता का आज निधन हो गया। श्री गुप्ता की आज दोपहर अचानक तबीयत बिगड़ गयी। परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहा चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के मुताबिक हृदय गति रुकने से उनकी मौत हुई। बेनी प्रसाद गुप्ता पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 1990 एवं 1995 में लगातार जीत दर्ज की थी। इनके निधन की सूचना मिलते ही भारतीय जनता पार्टी के अलावे दूसरे राजनीतिक दलों के नेताओं का उनके आवास पर पहुंचने का सिलसिला जारी है। 84 वर्षीय श्री गुप्ता अविवाहित थे। इन्होंने भारतीय जनता पार्टी का जनाधार ग्रामीण इलाकों में बढ़ाने का काम किया था।

# बाबा बासुकीनाथ श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दुमका।** दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ श्रावणी मेला महोत्सव की तैयारी जोरों पर है। तैयारी की समीक्षा के लिए आज दुमका के अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी तरह की तैयारी को समय से पूर्व पूरा करने का निर्देश दिया। जिन विभागों द्वारा निविदा संबंधी कार्य किए जाने हैं, उन्हें अभिलंब इसे पूरी करने को कहा गया है। विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया है कि मंदिर परिसर, मेला क्षेत्र और आसपास स्थापित सभी विद्युत तारों एवं संरचनाओं की गहन जांच कर सुरक्षा सुनिश्चित करें और इसकी रिपोर्ट सबमिट करें। मेले में विद्युत सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। पार्किंग, पुलिस केंद्र की स्थापना, लगभग 130 आपदा मित्रों की प्रतिनियुक्ति, शिव गंगा की सफाई, अतिक्रमण हटाने, कचरा प्रबंधन जैसे कार्यों को अभिलंब पूरा करने का भी निर्देश दिया गया।

# पेयजलापूर्ति पाइपलाइन विस्तारीकरण योजना का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गिरिडीह।** धनवार बस पड़ाव परिसर में बहुप्रतीक्षित पेयजलापूर्ति पाइपलाइन विस्तारीकरण योजना का शिलान्यास नेता प्रतिपक्ष एवं स्थानीय विधायक बाबूलाल मरांडी तथा धनवार नगर पंचायत अध्यक्ष विनय संथालिआ ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष विनय संथालिया ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के कई मुहल्ले लंबे समय से शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था से वंचित थे। इस महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होने के बाद हजारों लोगों को नियमित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा, जिससे क्षेत्र में व्याप्त जल संकट की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पेयजल व्यवस्था के साथ-साथ जर्जर सड़कों के निर्माण, लंबित विकास योजनाओं की स्वीकृति तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता भी अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में उन्होंने संबंधित मांगों को प्रमुखता से उठाया वहीं विधायक बाबूलाल मरांडी ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि धनवार क्षेत्र की पेयजल, सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा तथा उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए उनकी प्रतिबद्धता निरंतर बनी रहेगी इस महत्वपूर्ण योजना के शिलान्यास से स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है। लोगों का मानना है कि योजना के क्रियान्वयन के बाद पेयजल की समस्या से राहत मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी।

# विधानसभा की समिति ने अतिक्रमण संबंधी रिपोर्ट देने का दिया निर्देश



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड विधानसभा की विशेष समिति ने आज धनबाद दौरे के अंतिम दिन सर्किट हाउस में सभापति सह विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो की अध्यक्षता में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल), ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल), दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी), टाटा कोलियरी, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) सहित अन्य उपक्रमों व विभागों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में समिति के सदस्य सह विधायक सिंदरी चंद्रदेव महतो, विधायक निरसा अरूप चटर्जी, विधायक चंदनकियारी उमाकांत रजक, विधायक तोरपा सुदीप गुड़िया तथा विधायक धनबाद राज सिन्हा भी उपस्थित रहे। इस क्रम में सभापति ने बताया कि मंगलवार को समिति ने बीसीसीएल के एरिया 11 में दामोदर नदी के किनारे पहुंचकर ओबी डंपिंग का निरीक्षण किया था। जिसमें पाया गया कि दामोदर नदी के किनारे अतिक्रमण करके भारी मात्रा में ओवर बर्डन डंप किया गया है। जिसके कारण नदी की चौड़ाई कम हो गई है। यहां तक की गार्ड वॉल को तोड़कर बड़े-बड़े बोल्डर नदी में समा गए हैं। इससे नदी तथा पर्यावरण को भारी नुकसान हुआ है। समिति ने दामोदर नदी के पास रैयतों, सरकारी व फोरेस्ट जमीन की पर हुए अतिक्रमण का, जमीन का प्लॉट संख्या, रकवा, नदी की चौड़ाई सहित, विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। समिति ने हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड की जमीन की रजिस्ट्री की जांच कराने का भी निर्देश दिया। समिति ने कहा कि जांच से यह स्पष्ट हो जाएगा कि रजिस्ट्री के समय लगी स्टैम्प ड्यूटी से राज्य सरकार को राजस्व की हानि हुई है या नहीं। यदि राजस्व की हानि हुई है तो कंपनी को स्टैम्प ड्यूटी की अतिरिक्त राशि जमा करानी होगी। बैठक के क्रम में समिति ने डीवीसी को मैथन व पंचेत में, टाटा कोलियरी तथा ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड को सरकारी, फोरेस्ट या रैयतों की भूमि अधिग्रहण का विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित अंचल अधिकारी को रैयतों के मुआवजा भुगतान के लिए पारिवारिक सूची अथवा सक्सेशन म्यूटेशन के लिए लंबित आवेदनों का जल्दी निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के बाद सभापति ने कहा कि समिति ने विभिन्न उपक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। उपक्रमों से भूमि अधिग्रहण से संबंधित जानकारी मांगी है। कई उपक्रमों ने बिना अनुमति सरकारी जमीन का उपयोग किया है। जिसके कारण राज्य सरकार को राजस्व की क्षति हुई है। ऐसे उपक्रमों से राजस्व लिया जाएगा। साथ में संबंधित अंचल अधिकारी को मुआवजा भुगतान के लिए रैयतों के लंबित आवेदनों का जल्दी निष्पादन करने का निर्देश दिया है। साथ ही बताया कि जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सभी विभागीय पदाधिकारियों, कंपनियों एवं आउटसोर्सिंग प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई। संबंधित विषयों की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो, प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बने तथा आम जनता को बेहतर सुविधा एवं न्याय मिल सके। बैठक के समापन पर अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि समिति ने अपने तीन दिवसीय धनबाद दौरे में जो भी महत्वपूर्ण मामले उजागर किए हैं, उसपर यथाशीघ्र कार्रवाई कर मामलों का निष्पादन किया जाएगा। बैठक में अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, डीएलएओ राम नारायण खालको, पुटकी, झरिया व बलियापुर के अंचल अधिकारी, बीसीसीएल, टाटा, हर्ल, ईसीएल के पदाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय का किया निरीक्षण

**एक सप्ताह के भीतर सभी पंजी अद्यतन एवं व्यवस्थित करने का दिया निर्देश**





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने कैंप-2 स्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं अभिलेखों के संधारण की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनकी जिम्मेदारियों की जानकारी ली। उन्होंने क्रम वार उपस्थिति पंजी, रोकड़ बही, निर्गत पंजी, वेतन पंजी, कर्मियों के कार्य आवंटन से संबंधित अभिलेख, आवंटन पंजी, इंडेक्स पंजी सहित विभिन्न कार्यालयीय पंजी एवं अभिलेखों का अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सभी पंजी एवं अभिलेखों को एक सप्ताह के भीतर अद्यतन, सुव्यवस्थित एवं संधारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यालयी अभिलेखों का नियमित संधारण प्रशासनिक कार्यों की पारदर्शिता एवं दक्षता के लिए आवश्यक है।

**शिक्षकों के वेतन भुगतान प्रक्रिया की नियमित समीक्षा करने का निर्देश**

उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक माह एक अथवा दो दिन शिक्षकों के वेतन भुगतान से संबंधित प्रक्रियाओं की विशेष रूप से समीक्षा करें, ताकि भुगतान कार्य समयबद्ध एवं निर्बाध रूप से संपादित हो सके तथा शिक्षकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, भवन स्थित सामान्य शाखा एवं रिकॉर्ड रूम का भी निरीक्षण किया तथा अभिलेखों के सुरक्षित रख-रखाव एवं सुव्यवस्थित संधारण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहारा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रोटरी क्लब ऑफ बोकारो द्वारा क्लबफुट डे का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील ने ऑथोर्पेडिक विभाग, बोकारो जनरल हॉस्पिटल एवं क्लबफुट इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में बोकारो जनरल हॉस्पिटल में क्लबफुट डे का आयोजन किया। इस अवसर पर क्लबफुट से उपचाररत नन्हे बच्चों के साथ केक




काटकर इस दिवस को उल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच केक वितरित किया गया तथा प्रत्येक बच्चे को एक स्टील का फीडिंग बॉटल उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शामिल लगभग एक से दो वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उनके साथ उपस्थित अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और खुशी व्यक्त की। इस आयोजन को सफल बनाने में ऑथोर्पेडिक विभाग के चिकित्सकों तथा क्लबफुट इंडिया की सुचिता लकडा का सराहनीय योगदान रहा। विशेष रूप से डॉ. रोटेरियन डॉक्टर राजदीपका महत्वपूर्ण सहयोग रहा। रोटेरियन प्रदीप रे ने भी कार्यक्रम के संचालन एवं व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में क्लब के सचिव रोटेरियन घनश्याम दास ने बोकारो जनरल हॉस्पिटल के ऑथोर्पेडिक विभाग के सभी डॉक्टरों एवं क्लबफुट इंडिया के प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा उनके सहयोग की सराहना की। रोटरी क्लब ऑफ बोकारो ने इस अवसर पर क्लबफुट के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा बच्चों के स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### आधुनिक तरीके से सिलाई-कटाई प्रशिक्षण का शुभारंभ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री लघु या कुटीर उद्योग विकास बोर्ड रांची द्वारा प्राप्त टूल किट से सिलाई कटाई प्रशिक्षण का आज सहयोगिनी कार्यालय, बहादुरपुर में शुरूआत की गई। इस दौरान सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि कसमार तथा जरीडीह प्रखंड के महिला कारीगरों को उन्नत तरीके से सिलाई कटाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के



दौरान आधुनिक सिलाई मशीन के माध्यम से विभिन्न प्रकार के सिलाई का तकनीक बताए जा रहे हैं। जिससे निर्मित उत्पाद के क्वालिटी में काफी सुधार आएगा। उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड द्वारा संस्था को आधुनिक सिलाई मशीन प्राप्त हुआ है। जिसके माध्यम से स्थानीय लड़कियों तथा महिलाओं को सिलाई का निशुल्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान सहयोगिनी की कुमारी किरण, विनीता देवी, सूर्यमणि देवी, रेखा देवी, सोनी कुमारी, मंजू देवी , पुष्पा देवी ,संगीता देवी, नीतू कुमारी ,अभय कुमार सिंह, रवि कुमार राय आदि उपस्थित थे।

### झारखंड प्रीमियर लीग मैच के लिए तेनुघाट के ऋतिक अनंत का चयन



**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट का उभरता हुआ खिलाड़ी ऋतिक अनंत का चयन झारखंड प्रीमियर लीग मैच के लिए हुआ है। उनको और उनके परिवार वालों को बधाई देने वाले का तांता लगा हुआ है। बताते चले कि ऋतिक अनंत के पिता वेंकट हरि विश्वनाथन तेनुघाट में अधिवक्ता हैं और माता विभा विश्वनाथन एक समाजसेवी है। इस बारे में वेंकट हरि विश्वनाथन ने बताया कि ऋतिक अनंत बचपन से ही पढ़ाई के साथ साथ क्रिकेट खेलने में भी अपना ध्यान रखता था।, उसकी लगन को देखने पर लगा कि वह एक अच्छा क्रिकेट खिलाड़ी बन सकता है। उसे क्रिकेट कोचिंग क्लास में भेजा। उसके बाद आज इस तरह एक अच्छे खिलाड़ी के रूप में देख कर अच्छा लग रहा है। उम्मीद है कि वह आगे चल कर हमारे परिवार के साथ साथ, तेनुघाट और पूरे देश में अपना नाम रोशन करेगा। आगे बताया कि ऋतिक अनंत की टूनार्मेंट में चयन होने पर बेरमो विधायक जयमंगल सिंह, गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद ने बधाई दी। वहीं तेनुघाट और आसपास के लोगों ने भी बधाई दी।

### राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 7 एवं 8 जून को

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दो दिवसीय राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन सेक्टर 2 स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के मैदान में किया जाएगा। बोकारो जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने बताया कि 7 एवं 8 जून को आयोजित प्रतियोगिता में झारखंड के




सभी जिलों से लगभग 200 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। अंडर 23 कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन बोकारो जिला कुश्ती संघ एवं झारखंड राज्य कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में ग्रीको रोमन एवं फ्री स्टाइल के राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के दर्जनों पहलवान खिलाड़ियों की सहभागिता होगी। प्रेस वार्ता के दौरान राष्ट्रीय कोच मृत्युंजय नाथ चौधरी, रंजीत कुमार सिंह, राजू कुमार पोलार्ड, एवं विद्यालय के पी टी टीचर उपस्थित रहे।

# जामाडोबा में बंद पड़े रोप-वे के ढांचे को हटाया गया



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश के बाद जिले में बंद पड़े पुराने रोप-वे और लोहे के परित्यक्त ढांचों को हटाने की मुहिम तेज कर दी गई है। उपायुक्त के निर्देश के बाद बीसीसीएल प्रबंधन ने विभिन्न क्षेत्रों में वर्षों से बंद पड़े रोप-वे को हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। इसी क्रम में बुधवार को झरिया के जोड़ापोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत जामाडोबा डुमरी 2 नंबर में बंद पड़े रोप-वे के लोहे के ढांचे को काटकर हटाया गया। कार्रवाई के दौरान बीसीसीएल अधिकारियों के साथ सीआईएसएफ और जोड़ापोखर थाना की पुलिस भी मौजूद रही। सुरक्षा व्यवस्था के बीच मशीनों और गैस कटर की सहायता से जर्जर एवं अनुपयोगी लोहे के ढांचों को हटाया गया। सुरक्षा को लेकर सड़क के दोनों और बेरीकेडिंग कर दी गई थी। सीआईएसएफ और जोड़ापोखर थाना की पुलिस मौके पर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि बंद पड़े इन लोहे के ढांचों से सुरक्षा संबंधी खतरा उत्पन्न होने के साथ-साथ अवैध गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा था। स्थानीय लोगों ने भी जिला प्रशासन की इस मुहिम की प्रशंसा की। लोगों ने कहा कि बंद पड़े लोहे के रोप-वे और ढांचों को हटाने से न केवल चोरी बल्कि दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था भी बनी रहेगी। वहीं उपायुक्त ने कहा कि आने वाले दिनों में जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थित ऐसे परित्यक्त ढांचों को भी चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने बोकारो में की शिकायतों की सुनवाई

**धनबाद और बोकारो के कई मामलों का हुआ निपटारा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा एक दिवसीय दौरे पर बोकारो पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने बोकारो सर्किट हाउस में धनबाद एवं बोकारो जिलों से संबंधित आयोग में प्राप्त 20 शिकायतों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण मामलों का निपटारा किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के बाद डॉ आशा लकड़ा ने पत्रकारों को बताया, धनबाद क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण मामला सामने आया, जिसमें बीसीसीएल द्वारा जमीन अधिग्रहण के बावजूद प्रभावित परिवार को मुआवजा नहीं दिए जाने की शिकायत की गई थी। जानकारी के अनुसार, बीसीसीएल प्रबंधन ने महिला के परिजनों की भूमि का अधिग्रहण कर उस पर खनन कार्य भी किया था, लेकिन लंबे समय से मुआवजा भुगतान लंबित था। मामले की सुनवाई के बाद डॉ. आशा लकड़ा ने संबंधित अधिकारियों को महिला को शीघ्र उचित मुआवजा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रेमंड केरकेट्टा से जुड़ा मामला भी आयोग के समक्ष रखा गया। कोरोना काल में उनके निधन के बाद परिजनों को पेंशन एवं अन्य देय राशि का भुगतान नहीं किया गया था। साथ ही आश्रितों को नियोजन भी नहीं मिला था। आयोग की पहल पर इस मामले की सुनवाई की गई, जिसके बाद परिजनों को लंबित राशि उपलब्ध कराई गई तथा नियोजन की प्रक्रिया भी पूरी कर दी गई। डॉ. लकड़ा ने कहा कि अनुसूचित जनजाति समुदाय से जुड़े लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान आयोग की प्राथमिकता है और शिकायतों के निष्पक्ष निपटारे के लिए आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी।

# रैपिडो चालकों ने उपायुक्त से लगाई सुरक्षा की गुहार

**ऑटो चालकों पर मारपीट करने और रोजगार में बाधा पहुंचाने का लगाया आरोप**




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में रैपिडो राइडर्स ने अपनी सुरक्षा एवं विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद की है। सैकड़ों राइडर्स बाइक रैली निकालकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और डीसी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से स्टेशन क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की। बोकारो जिले में कार्यरत रैपिडो चालकों ने संगठित होकर बाइक रैली निकाली और समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राइडर्स ने कहा कि वे अपने परिवार का भरण-पोषण ईमानदारी से राइडिंग के माध्यम से करते हैं, लेकिन बोकारो रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में उन्हें आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है। राइडर्स का आरोप है कि कुछ ऑटो चालकों और ऑटो एसोसिएशन से जुड़े लोगों द्वारा उन्हें सवारी को लेने से रोका जाता है। कई बार उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि राइडर्स से बाइक की चाबी छीनने, गाली-गलौज करने, मारपीट करने और नुकसान पहुंचाने की धमकी देने जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं। रैपिडो कैप्टनों ने कहा कि इन घटनाओं के कारण वे स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उनके काम करने की स्वतंत्रता प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रशासन से स्टेशन क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, दोषी तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा बिना किसी भय के कार्य करने का माहौल सुनिश्चित करने की मांग की है। हम लोग कानून के दायरे में रहकर काम करना चाहते हैं। लेकिन स्टेशन क्षेत्र में हमें लगातार परेशान किया जाता है। प्रशासन हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करे। ज्ञापन की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक और स्टेशन मास्टर को भी भेजी गई है। अब रैपिडो राइडर्स को प्रशासन की ओर से सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद है, ताकि वे सुरक्षित माहौल में अपना रोजगार जारी रख सकें।

## बेरमो की अनीता देवी हत्याकांड में गिरफ्तारी नहीं होने से भाजपाई आक्रोशित

**उपायुक्त को ज्ञापन देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की**




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो में 4 माह की गर्भवती महिला अनीता देवी की हुई पीट पीट कर हत्या मामले को लेकर मुख्य आरोपी संतोष साव सहित अन्य की गिरफ्तारी नहीं होने से भाजपा नेता आक्रोशित नजर आ रहे हैं। कल एसपी से मिलने के बाद आज जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र राज की अगुवाई में बोकारो डीसी से मुलाकात कर उन्हें पत्र सौंपा। इस दौरान पूरी घटना की जानकारी जिला अध्यक्ष ने बोकारो डीसी को दी। मीडिया से बात करते हुए जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र राज ने बताया कि घटना के इतने दिनों बीत जाने के बाद भी अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।इसमें कई अन्य लोग भी शामिल है। पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय नजर आ रही है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह लोगों के द्वारा सड़क जाम करने के बाद धनबाद के भाजपा सांसद के साथ-साथ सभी भाजपा नेता वहां पहुंचे थे ।इसके बाद सभी पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने इस मामले को जल्द से जल्द निरस्त करने की भी मांग की है कहा कि जल्द अगर इस पर कार्रवाई नहीं होती है तो भाजपा आंदोलन करेगी।

## भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार यूनियन की बैठक संपन्न

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को विश्वकर्मा भवन भारतीय मजदूर संघ कार्यालय में भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कामगार यूनियन ,धनबाद जिला की आवश्यक बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता भवन निर्माण के जिलाध्यक्ष सुखदेव पासवान ने की। संचालन जिला मंत्री -प्रभाकर चौधरी ने किया। बैठक में भवन निर्माण के प्रदेश महामंत्री धर्मजीत चौधरी, प्रदेश संगठन मंत्री पप्पू विश्वकर्मा एवं प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रमेश चौबे उपस्थित रहे। बैठक में सामूहिक रूप से संगठन के सुदृढ़ीकरण, सदस्यता अभियान एवं आगामी कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा हुई।

# महिला से दिनदहाड़े सोने का चैन छीना



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को दिनदहाड़े चैन छिनतई की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। हजारीबाग की रहने वाली एक महिला से अज्ञात युवक ने सोने की चैन छीन ली और मौके से फरार हो गया। हालांकि, जिस युवक पर आरोप लगाया जा रहा है, उसके पुलिस हिरासत में होने की भी बात सामने आ रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार हजारीबाग जिले के बड़कागांव निवासी नेहा परवीन अपने परिजनों के साथ गोविंदपुर स्थित डॉक्टर संजय कुमार को दिखाने आई थीं। रास्ते की सही जानकारी नहीं होने के कारण वे स्वागत पेट्रोल पंप के समीप रुकी हुई थीं। इसी दौरान एक अज्ञात युवक वहां पहुंचा और उनके गले से सोने की चैन झपटकर फरार हो गया। पीड़िता के अनुसार आरोपी युवक के बाल लंबे थे और उसने टी-शर्ट पहन रखी थी। घटना इतनी तेजी से हुई कि उन्हें संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना के बाद उन्होंने गोविंदपुर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। वहीं आरोपी पक्ष की ओर से भी बयान सामने आया है। आरोपी के पिता रईसुद्दीन का कहना है कि उनके लड़के को इस मामले में जानबूझकर फंसाया जा रहा है। दोनों पक्षों के दावों के बाद मामला और भी पेचीदा हो गया है। ऐसे में पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और मामले की सच्चाई तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। अब जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह चैन छिनतई की वास्तविक घटना है या फिर इसके पीछे कोई पुराना विवाद और साजिश छिपी हुई है।

# चास में संयुक्त हिन्दू सम्मेलन संपन्न, सामाजिक समरसता व राष्ट्रभाव पर दिया बल



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शताब्दी वर्ष के अवसर पर सकल हिन्दू समाज द्वारा आयोजित बस्ती-स्तरीय कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत सदर बाजार, प्रभात कॉलोनी, यदुवंश नगर, कुँवर सिंह कॉलोनी एवं तेलीडीह साइड बस्ती का संयुक्त हिन्दू सम्मेलन बुधवार को क्रिसेन्ट पब्लिक स्कूल मैदान, तेलीडीह रोड, चास में संपन्न हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में सनातनी परिवारों ने मातृशक्ति सहित उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि संघ के लिए राष्ट्र प्रथम की भावना सर्वोपरि है। उन्होंने संघ की स्थापना वर्ष 1925 से लेकर शताब्दी वर्ष तक की यात्रा का उल्लेख करते हुए संगठन की राष्ट्रसेवा, अनुशासन एवं सामाजिक एकता की परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने शताब्दी वर्ष में निर्धारित ह्यपंच परिवर्तनह्ल के संकल्पों—स्व का भाव, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्य—को समाज जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज की एकता में जातिगत भेदभाव एक बड़ी बाधा है, जिसे दूर करने के लिए समाज को संगठित होकर कार्य करना होगा। चास के महापौर भोलू पासवान ने सम्मेलन को समाज में नेतृत्व क्षमता के विकास एवं सहयोग की भावना को मजबूत करने वाला आयोजन बताया। सराहना करते हुए आयोजन समिति को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं हनुमान चालीसा पाठ से हुआ। अभय राज ने ह्यरघुपति राघव राजा रामह्ल भजन प्रस्तुत किया, वहीं बच्चों द्वारा रामायण पाठ का वाचन किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ मंचीय कार्यक्रम आरंभ हुआ तथा मातृशक्ति द्वारा संघ गीत की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर समाज के लिए उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठजनों को सम्मानित भी किया गया। तनुज दास ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन एवं राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान पर ओजस्वी वक्तव्य प्रस्तुत किया। भारत माता आरती के पश्चात सम्मेलन का समापन हुआ। अंत में सम्मेलन के संयोजक अनिल गोयल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। भोजन मंत्र के उपरांत सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया। सम्मेलन को सफल बनाने में अनिल गोयल, पवन वर्णवाल, उज्वल सेन, मंगल दत्ता, श्याम कुमार, रंजीत वर्णवाल, सुधीर कुमार मधुकर, संदीप तिवारी, दिनेश्वर सिंहअशोक विद्यार्थी, दीपक जालान, विकास कुमार, संजीत वर्णवाल, मनीष चरण पहाड़ी, विश्व कुमार गोयल, चित्रजीत, अवधेश, नरेश, श्याम कुमार, संजय राय एवं सूरज वर्णवाल ने अनुकरणीय भूमिका निभाई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145865
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com